सूर्योदय 6:31 सूर्यास्त 5:37

आज का तापमान

शिमला	12.0 न्यू	24.0 अधि
धर्मशाला	14.0 न्यू	24.3 अधि

बाजार

सेंसेक्स	80005.04
निफ्टी	24339.15
सोना 79,800	चांदी 99,672

अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | मंगलवार, 29 अक्तूबर 2024 | 13 कार्तिक, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 313, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

न्यूज शॉर्ट्स

लॉरेंस गैंग की पप्पू यादव को जान से मारने की धमकी

पटना। पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव को लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जान से मारने की धमकी मिली है। इसके बाद उन्होंने अपनी सुरक्षा घेरा बढ़ाने की मांग की है। पप्पू यादव ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर अपने लिए 'वाई श्रेणी' की सुरक्षा बढ़ाकर 'जेड श्रेणी' करने की मांग की है। पूर्णिया के सांसद ने इसकी शिकायत वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से भी की है।

बंबीहा गैंग ने कारोबारी के घर पर की फायरिंग

नई दिल्ली। गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के विरोधी बंबीहा गैंग के शूटरों ने दिल्ली के रानी बाग थाना क्षेत्र में रविवार देर रात को एक कारोबारी के घर पर फायरिंग की। बाइक पर सवार दो लोगों ने एक पर्ची फेंकी, जिस पर बंबीहा गैंग लिखा है। कुछ फायर कारोबारी के घर की दीवार पर लगे हैं। फायरिंग के बाद मोटरसाइकिल सवार दोनों बदमाश भाग गए। इस मामले को रंगदारी से भी जोड़कर देखा जा रहा है। इस वारदात के बाद जिला पुलिस, दिल्ली पुलिस की स्पेशल सैल, क्राइम ब्रांच समेत कई एजेंसी जांच में जुटी हुई हैं।

60 विमानों और ताज होटल को बम से उड़ाने की धमकी

नई दिल्ली। भारतीय विमानन कंपनियों के 60 विमानों और लखनऊ के ताज होटल समेत कई होटलों को सोमवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी और जांच कर रही है। अधिकारियों ने ताज होटल में सुरक्षा के लिए बम निरोधक दस्ते को तैनात किया है। 15 दिन में 410 से अधिक घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में बम रखे होने की झूठी धमकियां मिली हैं।

सांसद राशिद की जमानत याचिका पर सुनवाई टली

नई दिल्ली। दिल्ली कोर्ट ने आतंकी फंडिंग केस में बारामूला के सांसद इंजीनियर राशिद की जमानत अर्जी पर सुनवाई 19 नवंबर तक टाल दी है। इसके बाद इंजीनियर राशिद तिहाड़ जेल लौट गए हैं। सोमवार को उनकी अंतरिम जमानत खत्म हो गई थी। दिल्ली की अदालत ने 10 सितंबर को राशिद को जमानत दी थी, वे 11 सितंबर को जेल से बाहर आए थे।

अनंत ज्ञान
अनुभवी स्टाफ चाहिए
'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।
संपादकीय विभाग
उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। डेस्क पर अनुभवी सब एडिटर चाहिए।
मार्केटिंग विभाग
मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।
मोबाइल नंबर: 8894521702
ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- एचआरटीसी की बसों में बिना इंटरनेट के दे सकेंगे किराया -पेज 3
- गब्बा गांव में ग्रामीणों ने अपने पैसों से बनवाई आधा किलोमीटर सड़क -पेज 6
- धमकी देकर ज्वेलर्स से एक करोड़ की फिरौती मांगी -पेज 10
- भाजपा ने संविधान के मूल्यों को किया कमजोर: प्रियंका -पेज 13
- महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में सलीमा टेटे को कमान -पेज 14

वडोदरा में बनेंगे दुश्मनों के छक्के छुड़ाने वाले विमान

स्पेन के पीएम के साथ मोदी ने किया टाटा एयरक्राफ्ट कांप्लेक्स का उद्घाटन

एजेंसी, वडोदरा

वडोदरा के टाटा प्लांट में दुश्मनों के छक्के छुड़ाने वाले विमान बनेंगे। ये विमान 2026 तक उपलब्ध हो जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने सोमवार को वडोदरा में टाटा एयरक्राफ्ट कांप्लेक्स का उद्घाटन किया, जो सैन्य विमान बनाने वाली भारत की पहली निजी इकाई है।

इस प्लांट में सी-295 विमानों का निर्माण किया जाएगा। भारत और स्पेन के बीच साझेदारी को नई दिशा मिलने का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि यह परियोजना न केवल दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करेगी, बल्कि 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड' मिशन को भी गति प्रदान करेगी। पीएम ने एयरबस और टाटा की टीम को शुभकामनाएं दीं और स्वर्गीय रतन टाटा को श्रद्धांजलि भी अर्पित की। एयरबस सी-295 एक मध्यम सामरिक परिवहन विमान है, जिसे शुरुआत में स्पेनिश एयरोस्पेस कंपनी सीएएसए की ओर से डिजाइन और निर्मित किया गया था। वहीं, पीएम मोदी और स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज की द्विपक्षीय बैठक हुई, जिसमें ढांचागत संरचना, रेल परिवहन और संस्कृति एवं पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए दोनों देशों के बीच समझौते हुए। मोदी और सांचेज ने प्रदर्शित प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

यह है खासियत

- विमान को 2 पायलट उड़ा सकेंगे।
- 73 सैनिकों को ले जाने की क्षमता।
- सैन्य ऑपरेशन में महत्वपूर्ण भूमिका।
- 12 स्ट्रेचर इंटेसिव केयर मेडवैक या 27 स्ट्रेचर मेडवैक के साथ 4 मेडिकल अटेंडेंट सफर कर सकते हैं।
- सी-295 विमान 5-10 टन परिवहन क्षमता के साथ सामरिक संचालन के लिए डिजाइन।
- विमान की लंबाई 80.3 फुट, पंखे 84.8 फुट व ऊंचाई 28.5 फुट।

रोड शो निकालकर किया लोगों का अभिवादन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वडोदरा में स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज के साथ मिलकर रोड शो निकाला। रोड शो के पूरे रूट पर लोगों की भारी भीड़ जुटी रही। लोग बैनर पोस्टर लेकर खड़े रहे। वहीं, दोनों नेताओं ने वडोदरा में अपने रोड शो के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम देखे और लोगों का अभिवादन किया।

अखनूर में सुरक्षाबलों ने किए तीन आतंकी ढेर, गोला-बारूद बरामद

अशोक ठाकुर, जम्मू

जम्मू-कश्मीर के अखनूर में सोमवार को सुरक्षाबलों ने 3 आतंकियों को मार गिराया। एक आतंकवादी का शव मिल गया है। सुबह 7:26 बजे लाइन ऑफ कंट्रोल (एलओसी) के पास भट्टल इलाके में इन आतंकियों ने आर्मी एंबुलेंस पर फायरिंग की थी। हालांकि, इसमें जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ।

आतंकी फायरिंग के बाद जंगल की ओर भाग गए थे। सेना ने इलाके को घेरकर सर्च ऑपरेशन चलाया। करीब 5 घंटे की मशक्कत के बाद तीनों आतंकियों को ढेर कर दिया गया। सेना के जवानों को आतंकियों के पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है। वहीं, सेना का सर्च ऑपरेशन अभी जारी है। सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादी भट्टल इलाके में जंगल से लगे शिव आसन मंदिर में एक मोबाइल ढूंढ रहे थे। उन्हें किसी को कॉल करनी थी। इसी दौरान आर्मी की एंबुलेंस गुजरी और आतंकियों ने फायरिंग शुरू कर दी। (अनंत ज्ञान)

सुंदरबनी में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई

अखनूर में सोमवार सुबह भारतीय सेना की एंबुलेंस पर आतंकियों ने करीब 12 राउंड फायरिंग की। इसके बाद आतंकियों और सुरक्षाबल के बीच मुठभेड़ हुई। वहीं, मुठभेड़ के बाद सुंदरबनी में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। जम्मू-पुंछ नेशनल हाईवे पर हर आने-जाने वाली गाड़ियों की सुरक्षा बलों की ओर से चेकिंग की जा रही है। पुंछ-रजौरी से सुंदरबनी में प्रवेश होने वाली सड़कों पर नाकाबंदी की गई है। पुलिस नाकों पर चौकसी बढ़ा दी गई है। हर आने-जाने वाले और संदिग्ध को रोकर पूछताछ के बाद ही आगे बढ़ने दिया जा रहा है। हमले के बाद इलाके में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया गया है। 32 फील्ड रेजिमेंट ने पूरे इलाके को घेर लिया है।

मिट्टी के 28 लाख दीपों से रोशन होगी अयोध्या नगरी

अयोध्या। राम मंदिर उद्घाटन के बाद अध्योध्या में पहला भव्य दीपोत्सव होगा। योगी सरकार पहले दीपोत्सव को यादगार बनाने की तैयारी कर रही है। इस बार मिट्टी के 28 लाख दीप जलाए जाएंगे, जो एक रिकॉर्ड बनेगा।

राम मंदिर उद्घाटन के बाद दिवाली पर भव्य दीपोत्सव

इस बार के दीपोत्सव में 10,000 स्थानीय लोग भी शामिल होंगे। दीपोत्सव को यादगार बनाने के लिए पर्यटन विभाग अयोध्या में लता चौक के पीछे की ओर एक पुष्पक विमान बना रहा है। इसे फ्लेक्स पर न बनाकर कैनवास के जरिए बनाया जा रहा है, ताकि अयोध्या प्रदूषण मुक्त बनी रहे। अधिकारियों ने बताया कि पुष्पक विमान एक सेल्फी प्वॉइंट भी रहेगा। यहां दो फुट की ऊंचाई पर 36 फुट ऊंचा और 24 फुट चौड़ा पुष्पक विमान बनाया जा रहा है। पुष्पक विमान में माता सीता, भगवान राम, उनके तीनों भाइयों की फाइबर की प्रतिमा रहेगी। वहीं, अयोध्या में राम की पैड़ी पर आठ फुट ऊंचा राम दरबार बनाया जाएगा, जिसमें भगवान के स्वरूप बैठेंगे।

शिमला में छह नशा तस्कर गिरफ्तार

सभी राधे-गैंग के सदस्य; पंजाब से लाते थे हेरोइन, 1 माह में 3 गैंग के 49 तस्कर काबू

एजेंसी, शिमला

शिमला पुलिस ने चिट्टा तस्कर गिरोह 'राधे गैंग' के 6 आरोपियों को रामपुर से गिरफ्तार किया है। इस गैंग के 2 आरोपी बीते 17 अक्तूबर को लगभग 47 ग्राम चिट्टा के साथ गिरफ्तार किए जा चुके हैं। इनसे पूछताछ के बाद 6 आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा है।

आरोपियों से पूछताछ जारी

पुलिस को आशंका है कि अभी और भी सदस्य इस गैंग में शामिल हैं। पकड़े गए 6 आरोपियों को मंगलवार को पुलिस रिमांड के लिए अदालत में पेश किया जाएगा। अब तक राधे गैंग के 8 तस्कर पकड़े जा चुके हैं। पुलिस के अनुसार, राधे गैंग के सदस्य पंजाब से चिट्टा लाते थे और शिमला जिले के रामपुर में सप्लाई करते थे। पुलिस ने इस गैंग का भंडाफोड़ करके बड़ी कामयाबी हासिल की है। 2 आरोपी कुल्लू जिले और 4 अन्य शिमला जिले से संबंध रखने वाले हैं। पुलिस ने चिट्टा तस्कर राजेश खन्ना (43) रामपुर, धर्म सैन (35) निरमंड कुल्लू, उज्ज्वल पंडित (29) रामपुर, ललित कुमार (36) रामपुर, अमित कुमार आनी कुल्लू और ध्रुव देष्टा रामपुर शिमला को गिरफ्तार किया है। इनसे पुलिस पूछताछ कर रही है और गैंग के दूसरे सदस्यों का पता लगाया जा रहा है। शिमला पुलिस ने एक महीने में 3 चिट्टा तस्कर गैंग का पर्दाफाश किया है, जिसमें शाही महात्मा गैंग (रोहड़ू क्षेत्र) के करीब 30 लोग, राधे गैंग (रामपुर क्षेत्र) 8 लोग व रंजन गैंग (कोटखाई क्षेत्र) के 11 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। नशे के खिलाफ शिमला पुलिस की यह बड़ी कार्रवाई है। शिमला के एसपी संजीव गांधी ने बताया कि पुलिस ने 6 चिट्टा तरस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की जांच जारी है।

सुक्खू ने टांडा के ट्रॉमा सेंटर लेवल-दो का किया उद्घाटन

अनंत ज्ञान, कांगड़ा

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सोमवार को टांडा मेडिकल कॉलेज में 10.27 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित ट्रॉमा सेंटर लेवल-दो का उद्घाटन किया। सीएम ने कहा कि इस ट्रॉमा सेंटर में मशीनरी और उपकरणों की खरीद पर 6 करोड़, निर्माण कार्यों पर 1.50 करोड़ और अन्य संबद्ध सेवाओं पर 2.77 करोड़ रुपए खर्च किए हैं।

ट्रॉमा सेंटर के लिए न्यूरो सर्जन का एक पद, एनेस्थीटिस्ट के तीन पद, ऑर्थोपैडिक सर्जन का एक पद, कैजुअल्टी मेडिकल अधिकारी के आठ पद, स्टाफ नर्स के 40 पद, नर्सिंग अटेंडेंट के 16 पद, ऑपरेशन थियेटर तकनीशियन के पांच पद, रेडियोग्राफर के चार पद, लैब तकनीशियन के दो पद तथा मल्टीटास्क वर्कर्स के 15 पद शामिल हैं। उन्होंने कहा कि 72 पदों पर नियुक्ति की जा चुकी है और शेष पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया जारी है। टांडा मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की।

भाजपा ने जारी की 25 उम्मीदवारों की तीसरी लिस्ट

एजेंसी, नई दिल्ली

भाजपा ने सोमवार को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए 25 उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी कर दी। पार्टी ने नागपुर-पश्चिम से सुधाकर कोहले और नागपुर-उत्तर से मिलिंद पांडुरंग माने को उम्मीदवार बनाया है। महाराष्ट्र की 288 सदस्यीय विधानसभा के लिए 20 नवंबर को एक चरण में ही मतदान होने हैं, जबकि 23 नवंबर को नतीजों की घोषणा की जाएगी। पार्टी ने नागपुर-मध्य सीट से प्रवीण प्रभाकरराव दटके, सावनेर से आशीष रंजीत देशमुख, कटोल से चरणसिंग ठाकुर, आर्वी से सुमित वानखेड़े, साकोली से अविनाश ब्राह्मणकर, चंद्रपुर से किशोर जोरगेवार, वसई से स्नेहा दुबे, बोरीवली से संजय उपाध्याय, वर्सोवा से भारती हेमंत लव्हेकर और लातूर शहर से अर्चना चाकुरकर को उम्मीदवार बनाया है।

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव

देश में 2025 से होगी जनगणना

एजेंसी, नई दिल्ली

देश में अगले साल से जनगणना की शुरुआत होगी। यह जनगणना 2025 से शुरू होकर 2026 तक चलेगी। संप्रदाय के आधार पर भी जनगणना करवाने जाने पर विचार किया जा रहा है। जनगणना के बाद लोकसभा सीटों की परिसीमन का रास्ता साफ हो जाएगा। भारत में पिछली बार जनगणना 2011 में दर्ज की गई थी। इसका अगला चरण 2021 में शुरू होना था, लेकिन कोविड-19 की दूसरी लहर के कारण इसमें देरी हो गई। सूत्रों के अनुसार, अगली जनगणना के आंकड़े 2026 में उपलब्ध होंगे। जनगणना का डाटा रिकॉर्ड करने की प्रक्रिया 2025 में शुरू होगी और रिपोर्ट 2026 में प्रकाशित की जाएगी।

लोकसभा सीटों का भी होगा परिसीमन : हर 10 साल में होने वाली जनगणना अब 2035 में होगी। अब तक हर 10 साल में होने वाली जनगणना दशक की शुरुआत में होती थी। सूत्रों के अनुसार, जनगणना पूरी होने के बाद लोकसभा सीटों का परिसीमन शुरू होगा। परिसीमन की प्रक्रिया 2028 तक पूरी होने की उम्मीद है। इस बीच, सरकार ने अभी तक जाति जनगणना पर फैसला नहीं लिया है, जिसकी मांग कई विपक्षी दल कर रहे हैं।

जनगणना का इतिहास

भारत में पहली जनगणना 1872 में गवर्नर-जनरल लॉर्ड मेयो के शासनकाल हुई। 1881 में भारत की पहली संपूर्ण जनगणना 1881 आयुक्त डब्ल्यूसी प्लोडेन ने पूरी करवाई थी। इसके बाद यह हर 10 साल में 1 बार होती आ रही थी। स्वतंत्र भारत की पहली जनगणना 1951 में की गई थी। इसके बाद भारत में छह बार जनगणना की गई।

आजादी से पहले		आजादी के बाद	
1872	1911	1951	1991
1881	1921	1961	2001
1891	1931	1971	2011
1901	1941		

न्यूज ब्रीफ

सरकार गांव के द्वार अभियान सराहनीय कदम : विजय

दशमी रावत, रोहड़ू। जिला शिमला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय चौहान ने सुक्खू सरकार के सरकार गांव के द्वार अभियान की सराहना की है, जिसकी शुरूआत बीते रोज मुख्यमंत्री ने शिमला जिले के डोडरा क्वार के सुदूरवर्ती गांव में ठहरने से हुई है। सुखविंद्र सुक्खू हिमाचल प्रदेश के लोगों की जमीनी हकीकत और समस्याओं पर बारीकी से नजर रखने के लिए किसी गांव में रात भर रुकने वाले पहले मुख्यमंत्री बन गए हैं। विजय चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री के दौरे से क्षेत्र के लोगों में भारी उत्साह है और समस्त क्षेत्रवासी मुख्यमंत्री व मुख्य संसदीय सचिव मोहन लाल ब्राक्टा का आभार व्यक्त करते हैं।

डीएवी महाविद्यालय में एनएसएस कैंप का हुआ समापन

भरत ठाकुर, कोटखाई। डीएवी महाविद्यालय कोटखाई में सात दिवसीय एनएसएस कैंप का समापन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर महाविद्यालय के एलएमसी सदस्य गुमान सिंह चौहान उपस्थित रहे। जिनका महाविद्यालय की एनएसएस इकाई के प्रधान परीक्षित बरलेक द्वारा बैज पहनाकर स्वागत किया गया। महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य डॉ. रोशन लाल वशिष्ट द्वारा मुख्यातिथि तथा उनके साथ आए गणमान्य व्यक्तियों को शॉल व टोपी पहनाकर सम्मानित किया गया। 22 अक्तूबर से प्रारंभ हुआ जिसमें 50 स्वयंसेवियों ने भाग लिया।

जिओग्राफिकल सोसायटी ने राज्यपाल से की भेंट

अनंत ज्ञान, शिमला। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से आज राजभवन में प्रो. डीडी शर्मा के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश जिओग्राफिकल सोसायटी के एक प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को अवगत करवाया कि राज्य के लगभग 13 प्रतिशत विद्यालयों तथा 44 प्रतिशत महाविद्यालयों में भूगोल विषय की शिक्षा दी जा रही है। भूगोल विषय एक रोजगार उन्मुखी विषय है और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार बच्चों को सभी विषयों का ज्ञान प्रदान करना आवश्यक है। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को इस विषय को सभी विद्यालयों और महाविद्यालयों में आवश्यक विषय के रूप में शामिल करने का आग्रह किया।

विद्युत बोर्ड के ज्वाइंट फ्रंट ने निकाली आक्रोश रैली

दशमी रावत, रोहड़ू। हिमाचल प्रदेश बिजली बोर्ड के कर्मचारियों और अभियंताओं के संयुक्त मोर्चा ने चिड़गांव में आज सोमवार को एक आक्रोश रैली का आयोजन कर प्रदेश सरकार की नीतियों और बिजली बोर्ड में हो रहे परिवर्तनों के विरोध में अपनी आवाज बुलंद की। अधिशासी अभियंता आंध्रा पावर हाउस विद्युत मंडल चिड़गांव अशोक रुपटा ने कहा कि उनकी मांगों में समाप्त पदों की बहाली, आउटसोर्स ड्राइवरों की पुनर्नियुक्ति, पुरानी पेंशन योजना की बहाली, बोर्ड के ढांचे में बिना सहमति बदलाव न करना, कैबिनेट उप-समिति की सिफारिशों पर पुनर्विचार, रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती और वित्तीय लाभों का निपटारा शामिल हैं। उन्होंने कहा इस दौरान फ्रंट ने चेतावनी दी कि यदि मांगें न मानी गईं तो आंदोलन और तेज होगा।

बिलासपुर कॉलेज तीसरी बार कबड्डी चैंपियन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर की कबड्डी टीम पुरुष वर्ग ने हिमाचल प्रदेश अंतर महाविद्यालय खेल प्रतियोगिता में लगातार तीसरी बार प्रथम स्थान प्राप्त कर किया है। यह प्रतियोगिता 23 से 26 अक्टूबर तक राजकीय महाविद्यालय ज्वालाजी में आयोजित हुई थी। महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने टीम के कप्तान खिमिंदर व सभी खिलाड़ियों को बधाई व शुभकामनाएं दीं। प्राचार्य ने बताया कि यह राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के लिए गर्व की बात है कि हमारी कबड्डी टीम पुरुष वर्ग ने लगातार तीसरी बार जीत हासिल कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। उन्होंने टीम के कोच हंसराज व साई की कोच पूजा ठाकुर को भी बधाई दी, जिनकी पूरे साल भर की मेहनत के कारण राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के विद्यार्थी लगातार विजयी रह रहे हैं।

दधोल में खंड स्तरीय बाल मेले का आयोजन

अनंत ज्ञान, दधोल। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दधोल में खंड स्तरीय बाल मेले का आयोजन किया गया। इसमें दधोल गाहर व कलरी के तीन स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि मेहर सिंह वरिष्ठ सलाहकार एसएमसी दधोल रहे। स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान रामस्वरूप भारद्वाज ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस कार्यक्रम में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दधोल राजकीय उच्च विद्यालय गाहर राजकीय माध्यमिक पाठशाला कलरी तीन स्कूल के बच्चों द्वारा बाल मेले में विभिन्न प्रतिस्पर्धाएं में हिस्सा लिया। मुख्यातिथि मेहर सिंह ने बच्चों को जागरूक करते हुए कहा कि पहले संयुक्त परिवार हुआ करते थे। इनमें बच्चों की परवरिश सामूहिक तरीके से हुआ करती थी। संयुक्त परिवारों के बच्चों में मिलजुल कर रहने की भावना विकसित होती थी। कुर्सी रेस प्रतिस्पर्धा में राजकीय उच्च विद्यालय गाहर, क्विज कंपटीशन, समूह गान में राजकीय माध्यमिक विद्यालय कलरीके बच्चों ने प्रथम स्थान हासिल किया।

शराब ठेठा बंद करवाने के लिए किया चक्का जाम

अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी। श्री नयना देवी जी विस क्षेत्र के तहत आने वाले कलर नकराना गांव में शराब ठेके को बंद करवाने के लिए स्थानीय ग्रामीणों ने चक्का जाम कर दिया। लंबे समय से इस ठेके को बंद करने की मांग की जा रही थीए लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों से कई बार मिलने के बाद भी कार्रवाई नहीं होने के कारण गांववालों को अब सड़क पर उतरना पड़ा है। हिमाचल और पंजाब की सीमा पर स्थित होने के कारण इस क्षेत्र में सस्ती शराब मिलती हैए जिससे शराब के शौकिनों का जमावड़ा रहता है। इस स्थिति के चलते गांव की महिलाओं और अन्य ग्रामीणों को रोजमर्रा की आवाजाही में कठिनाई का सामना करना पड़ता है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि ठेके के कारण गांव का माहौल खराब हो रहा है और युवाओं पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। महिलाओं ने विशेष रूप से इस समस्या को उठाते हुए कहा कि ठेका बंद करवाने की उनकी यह मांग लंबे समय से अनसुनी की जा रही थी।

उच्च पर्वतीय स्थानों पर आज बारिश और बर्फबारी के आसार

अनंत ज्ञान, शिमला

हिमाचल प्रदेश सहित पूरे उत्तर-पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में लगातार शुष्क मौसम बना हुआ है। शिमला सहित अन्य भागों में आज भी मौसम साफ बना हुआ है।

वहीं मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार राज्य के उच्च पर्वतीय कुछ स्थानों पर 29 अक्तूबर को बारिश-बर्फबारी के आसार हैं। इसके बाद 30 अक्तूबर से 3 नवंबर तक मौसम साफ बना रहने का पूर्वानुमान है। उधर, राज्य के उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में ठंड बढ़ गई है।

30 अक्तूबर से 3 नवंबर तक
मौसम साफ रहने का पूर्वानुमान

फाइल फोटो

कहां कितना न्यूनतम तापमान

शिमला में न्यूनतम तापमान 12.0, सुंदरनगर 12.2, भुंतर 9.8, कल्पा 5.6, धर्मशाला 14.0, ऊना 14.6, नाहन 17.5, पालमपुर 11.5, सोलन 11.0, मनाली 8.2, कांगड़ा 14.3, मंडी 14.1, बिलासपुर 17.2, हमीरपुर 14.7, चंबा 13.2, डलहौजी 15.4, कुफरी 11.4, कुकुमसेरी 1.3, नारकंडा 10.1, रिकांगपिओ 8.5, धौलाकुआं 17.3, समदो 6.5, कसौली 15.1, पांवटा साहिब 20.0, ताबो -1.6, मशोबरा 12.9 व सैंज में 10.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

1 से 28 अक्तूबर तक सामान्य से 97 फीसदी कम बारिश

राज्य में पोस्ट मानसून सीजन के दौरान 1 से 28 अक्तूबर तक सामान्य से 97 फीसदी कम बारिश हुई है। इस अवधि के दौरान बिलासपुर, चंबा, हमीरपुर, कुल्लू, सिरमौर व सोलन जिले में बारिश की बूंद तक नहीं बरसी। जबकि कांगड़ा में सामान्य से 94, किन्नौर 98, लाहौल-स्पीति 99, मंडी 83, शिमला 99 व ऊना में 53 फीसदी कम बारिश दर्ज की गई।

बर्फबारी से पहले 35 सड़कों के टेंडर की तैयारी

शिमला। राज्य सरकार की मंजूरी के बाद अब नाबार्ड ने सभी 35 प्रोजेक्ट पर काम शुरू करने की अनुमति दे दी है। पीडब्ल्यूडी ने मौजूदा वित्तीय वर्ष में 51 प्रोजेक्ट प्रस्तावित किए थे और इनमें से 35 को पहले चरण में मंजूरी मिल गई है, जबकि 16 प्रोजेक्ट अभी भी पाइपलाइन में ही हैं। दरअसल, 35 प्रोजेक्ट की पहली मंजूरी 17 सितंबर को मिली थी और इसके लिए नाबार्ड ने राज्य सरकार को सभी औपचारिकताएं पूरी करने के लिए एक महीने का वक्त दिया था।

पहली मंजूरी होने के बाद 16 प्रोजेक्ट पर नाबार्ड को प्रतिक्रिया देनी थी। 35 प्रोजेक्ट पर एडमिनिस्ट्रेटिव एप्रूवल एंड एक्सपेंडिचर सेंक्शन (एडीएस) पीडब्ल्यूडी मंत्री कार्यालय से मिलनी थी, जो मोहलत के आखिरी दिन 16 अक्तूबर को मिली है। इसके बाद पीडब्ल्यूडी ने उसी दिन इसे ईमेल के माध्यम से नाबार्ड को भेज दिया और अब नाबार्ड मुख्यालय में सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद काम शुरू करने का फैसला लिया गया है। 16 अन्य प्रोजेक्ट पर भी काम शुरू हो गया है।

दिवाली पर शिमला के लिए मिलेगी रात्रि बस सेवा

फाइल फोटो

अनंत ज्ञान, शिमला

दिवाली के मौके पर 31 अक्तूबर को भी एचआरटीसी की रात्रि बस सेवा संचालित होगी। निगम प्रबंधन ने दिल्ली, चंडीगढ़, हरिद्वार और शिमला के मंडलीय प्रबंधकों से कम से कम एक-एक रात्रि बस चलाने के निर्देश दिए हैं, जिससे आपातकालीन स्थिति में सफर करने वाले लोगों को परिवहन सुविधा उपलब्ध करवाई जा सके।

निगम प्रबंधन की ओर से मंडलीय प्रबंधकों को जारी निर्देशों में यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि किसी भी सूरत में बसें खाली न चलें। एचआरटीसी के प्रबंध निदेशक रोहन चंद ठाकुर ने बताया कि दिवाली की रात मंडलीय प्रबंधकों को दिल्ली, चंडीगढ़, हरिद्वार और शिमला से कम से कम एक-एक रात्रि बस चलाने के निर्देश दिए हैं।

दिवाली के दिन 31 अक्तूबर को यात्रियों की संख्या कम होने के चलते रूटों पर बसें क्लब करने के निर्देश दिए गए हैं। जिन रूटों पर पूरे दिन में 4 से 5 बसें चलती हैं, वहां यात्रियों की सुविधा के लिए सुबह और शाम दो बसें चलाने की व्यवस्था की जाएगी।

दिवाली के दिन चलने वाली बसों से संबंधित जानकारी यात्री निगम के हेल्पलाइन नंबर 1100 के अलावा शिमला के कंट्रोल रूम 0177-2656326, चंडीगढ़ 91-172-2668943, दिल्ली 011-23868694, 23863473, 23329122, हरिद्वार 91-1334-222781 पर संपर्क कर प्राप्त कर सकते हैं।

लंबित मामलों का समय रहते करें निपटारा : अनुपम कश्यप

अनंत ज्ञान, शिमला

उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में वन संरक्षण अधिनियम 1980 के तहत लंबित मामलों का निपटारा करने के सम्बन्ध में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला शिमला के लंबित 32 मामलों पर खंड वार विस्तृत चर्चा की गई, जिसमे वन मंडल ठियोग के 03, वन मंडल शिमला शहरी के 09, शिमला ग्रामीण के 08 एवं कोटगढ़ क्षेत्र के 11 मामलें शामिल रहे।

उपायुक्त ने कहा कि जिला में वन संरक्षण अधिनियम के तहत अधिकतर मामले यूजर एजेंसी के पास लंबित हैं। उन्होंने यूजर एजेंसियों को सभी लंबित मामलों पर उचित कार्यवाही के निर्देश दिए ताकि विकास कार्यों में गति प्रदान की जा सके। उन्होंने अगली बैठक में सभी वन मंडल अधिकारियों को अपने मंडल से संबंधित लंबित मामलों की प्रेजेंटेशन देने के निर्देश दिए ताकि मामलों की वास्तविक स्थिति का पता चल सके।

बैठक का उद्देश्य औपचारिकताएं पूर्ण करना नहीं है अपितु विकास कार्यों को गति प्रदान करना है। अधिकारियों को भी इसी दृष्टि से कार्य करने के निर्देश दिए ताकि वन संरक्षण अधिनियम के तहत लंबित मामलों का जल्द निपटारा हो सके। बैठक में वन विभाग एवं यूजर एजेंसी के अधिकारीगण एवं कंसलटेंट उपस्थित रहे।

कैदियों के उत्पाद की लगाई प्रदर्शनी

शिमला। प्रदेश की जेलों में कैदियों के उत्थान और उन्हें समाज से जोड़ने के उद्देश्य से विभिन्न उत्पादों का निर्माण किया जा रहा है। इस सिलसिले में दिवाली के मौके पर रोटरी क्लब के सहयोग से कारागार विभाग ने कैदियों द्वारा निर्मित उत्पादों की तीन दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया, जिसका शुभारंभ महानिदेशक कारागार एवं सुधार सेवाएं संजीव रंजन ओझा ने किया। संजीव रंजन ओझा ने कहा कि कैदियों के हुनर को जेल के भीतर तराशा जा रहा है और उन्हें समाज से जोड़ने के लिए विभिन्न उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं, जिन्हें लोग भी काफी पसंद कर रहे हैं।

उन्होंने अपील की कि आम लोग सजायाफ्ता कैदियों का हौसला बढ़ाने के लिए अधिक से अधिक उत्पाद खरीदें, ताकि उन्हें जेल के भीतर रोजगार के अवसर मिल सकें।

नेहरू युवा केंद्र शिमला ने 'दिवाली विद माय भारत' के तहत करवाया कार्यक्रम

अनंत ज्ञान, शिमला

कार्यक्रम के दौरान मौजूद गणमान्य।

स्वायत्त संस्था नेहरू युवा केंद्र शिमला द्वारा सीटीओ शिमला में युवा क्लब स्वयंसेवकों के सहयोग से 'दिवाली विद माय भारत' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस स्वच्छता अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्थानीय बाजारों और बाजारों की ओर आकर्षित करना है ताकि ऑनलाइन शॉपिंग पर निर्भरता कम हो सके।

कार्यक्रम का मुख्य फोकस बाजार परिसर की सफाई करना रहा ताकि अधिक से अधिक लोग स्थानीय बाजार का दौरा कर सकें और लोकल फॉर वोकल को बढ़ावा दिया जा सके। 'दिवाली मेरा भारत के साथ' कार्यक्रम पूरे भारत में 28 अक्तूबर से 30 अक्तूबर तक आयोजित किया जाएगा।

संजीव शर्मा, भारती सूद, विजय कुमार सहायक निदेशक, नेहरू युवा केंद्र संगठन शिमला, डॉ. परमजीत और अंजू सूद और अन्य सदस्यों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया और सीटीओ के परिसर और कालीबाड़ी मंदिर प्रशिक्षण कमांड शिमला के आसपास के क्षेत्र की सफाई की।

स्वास्थ्य मंत्री 29 अक्तूबर को होंगे चौपाल के प्रवास पर

अनंत ज्ञान, शिमला। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनी राम शांडिल 29 अक्तूबर 2024 को चौपाल विधानसभा क्षेत्र के एक दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी सरकारी प्रवक्ता ने दी।

उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री 29 अक्तूबर को प्रात: 10 बजे नागरिक अस्पताल चौपाल का दौरा करेंगे और लोगों की समस्याएं सुनेंगे। इसके पश्चात स्वास्थ्य मंत्री प्रात: 11:45 बजे नागरिक अस्पताल नेरवा का दौरा करेंगे तथा लोगों की समस्याएं सुनेंगे।

इसके उपरांत वह दोपहर 1 बजे नेरवा के कॉलेज मैदान में आयोजित चंदलोग उत्सव के समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे।

65वीं राज्य स्तरीय अंडर-19 बालिका इंडोर खेल प्रतियोगिता के समापन पर बोले मंत्री राजेश धर्माणी

प्रदेश सरकार शिक्षा के साथ खेलों को भी दे रही प्रोत्साहन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

तकनीकी शिक्षा, नगर नियोजन, व्यवसायिक और औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने सोमवार को बिलासपुर में बालिकाओं की राज्य स्तरीय अंडर-19 इंडोर खेल प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। 65वीं प्रदेश स्तरीय इस खेलकूद प्रतियोगिता में 12 जिलों की 490 छात्राओं ने बॉक्सिंग, जूडो, योगा, वेटलिफ्टिंग, कुराश, बैडमिंटन और शतरंज में प्रतिस्पर्धा की।

धर्माणी ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए सभी को बधाई दी और कहा कि शैक्षिक गतिविधियों के समान ही खेलकूद गतिविधियां भी आवश्यक हैं, ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। उन्होंने उम्मीद जताई कि कम आयु के ये खिलाड़ी अपने परिश्रम, लगन और प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में भविष्य में राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।तकनीकी मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार विद्यार्थियों के समग्र और समावेशी विकास को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसके लिए शिक्षा के साथ-साथ खेलों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। स्कूली स्तर से ही खेलों में रुचि रखने वाले छात्रों को आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

वर्तमान सरकार ने शिक्षा प्रणाली में सुधारात्मक कदम उठाए हैं और इन निर्णयों के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। मंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों का शारीरिक और मानसिक विकास सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने प्रत्येक स्कूल में प्रतिदिन कम से कम 15 मिनट का शारीरिक व्यायाम अनिवार्य किया है, जिसे शारीरिक शिक्षकों और अन्य अध्यापकों की देखरेख में करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के मार्गदर्शन में प्रदेश के प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। वर्तमान सरकार को विरासत में कमजोर आर्थिक स्थिति मिली थी, बावजूद इसके, प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। जिन स्कूलों में शिक्षकों की कमी है, वहां अतिरिक्त स्टाफ भी तैनात किया जा रहा है। अंत में, मंत्री ने विजेताओं को पुरस्कृत किया और विधिवत समापन की घोषणा की।

ये रहे विजेता-उपविजेता

बॉक्सिंग स्पर्धा में शिमला विजेता और ऊना उपविजेता रहा। जूडो में हमीरपुर और बिलासपुर संयुक्त विजेता एवं सोलन उपविजेता रहा। योगा में हमीरपुर विजेता, शिमला उपविजेता। वेटलिफ्टिंग में ऊना विजेताऔर कांगड़ा उपविजेता रहा। बैडमिंटन में कांगड़ा विजेता और मंडी उपविजेता रहा। कुराश में सोलन विजेता, शिमला उपविजेता, शतरंज में हमीरपुर विजेता, चंबा उपविजेता और मार्च पास्ट में सोलन सर्वश्रेष्ठ रहा।

फोटोयुक्त मतदाता सूचियों का आज होगा प्रारूप प्रकाशन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार जिला बिलासपुर के चारों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों, जिनमें 46 झंडूता-अनुसूचित जाति, 47 घुमारवीं, 48 बिलासपुर और 49- श्री नयना देवी की लोकसभा और विधानसभा निर्वाचनों के लिए प्रयुक्त होने वाली फोटो युक्त मतदाता सूचियों का विशेष पुन:निरीक्षण 1 जनवरी 2025 की अर्हता तिथि के आधार पर करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिला बिलासपुर की फोटो युक्त मतदाता सूचियां में कुल 3 लाख 33 हजार 366 मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें से 1 लाख 67 हजार 680 पुरुष मतदाता और एक 1 लाख 65 हजार 680 महिला मतदाता तथा 6 तृतीय लिंग मतदाता है। उन्होंने बताया कि फोटो युक्त मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 के कार्यक्रम अनुसार फोटो युक्त मतदाता सूचियां का प्रारूप प्रकाशन सभी मतदान केंदों और निर्वाचन रजिटीकरण अधिकारियों/सहायक निर्वाचन अधिकारियों के कार्यालय में 29 अक्तूबर को होगा। उन्होंने बताया कि 29 अक्तूबर से 28 नवंबर 2024 तक दावे/ आक्षेप दाखिल किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 9 व 10 नवंबर तथा 23 व 24 नवंबर को विशेष अभियानों की तिथियां होंगी। 24 दिसंबर तक दावे आक्षेपों का निपटारा किया जाएगा।

गढ़ जमूला में एनएसएस शिविर संपन्न

अनंत ज्ञान, डरोह। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गढ़ जमूला में सोमवार को एनएसएस का सात दिवसीय कैंप समाप्त हो गया। समापन समारोह के मुख्यातिथि मलकेहड़ ग्राम पंचायत प्रधान राजेंद्र घारिया थे। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी विकास नाग ने 7 दिन के कार्यक्रम का पूरा ब्योरा मुख्यातिथि के सामने रखा। उन्होंने बताया कि यह केंप 22 से लेकर 28 अक्तूबर तक चला। इसमें एनएसएस के 51 स्वयंसेवकों ने 7 दिन विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के सफल आयोजन में सभी वालंटियर्स ने अपना सहयोग दिया।

राष्ट्रीय सेवा योजना का महत्व बताया

अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर। राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जयसिंहपुर में सात दिवसीय एनएसएस शिविर के दौरान छठे दिन स्वयंसेवियों ने विद्यालय प्रांगण और विद्यालय के बाहर की साफ-सफाई की और श्रमदान दिया। रिसोर्स पर्सन संजय चौधरी ने कहा कि एनएसएस शिवर का महत्व तभी है जब इसे हम दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और समाज को श्रमदान का महत्व बताएं। वहीं, सोमवार को विशेष शिविर का सफलतापूर्वक समापन हो गया। समापन समारोह के मुख्यातिथि जसवंत गढ़वाल ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जयसिंहपुर रहे।

एडवेंचर | गोबिंदसागर झील में पांचवें दो दिवसीय राज्य स्तरीय वाटर स्पोर्ट्स कार्निवल का समापन

शारीरिक-मानसिक रूप से फिट रखती हैं खेलें : अनुपमा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

गोबिंदसागर एडवेंचर एंड वाटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा झील में वाटर स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने हेतु पांचवां राज्य स्तरीय वाटर स्पोर्ट्स कार्निवल का सोमवार को समापन हो गया। इसमें बतौर मुख्यातिथि हिमाचल एडवेंचर वाटर एरो एलाइड स्पोर्ट्स एसोसिएशन की राज्य उपाध्यक्ष अनुपमा शर्मा ने शिरकत की। एसोसिएशन के प्रधान सराज अख्तर एवं कोषाध्यक्ष निर्मला राजपूत ने मुख्यातिथि अनुपमा शर्मा को माता श्री नयना देवी से लाई चुनरी, हिमाचली टोपी एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अनुपमा शर्मा ने कहा कि खेल हमारी शारीरिक और मानसिक स्थिति को सुधारने का अद्वितीय माध्यम है। जब हम खेल खेलते हैं, तो हमारे शरीर की कसरत होती है, हमारी हड्डियों, मांसपेशियों और लिगामियों की मजबूती बढ़ती है और हम तंदुरुस्त और मजबूत बनते हैं।

अनुपमा शर्मा ने कहा कि खिलाड़ी वाटर स्पोर्ट्स के साथ-साथ अन्य खेलों में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भागीदारी करने पर हिमाचल प्रदेश सरकार के अंतर्गत स्पोर्ट्स कोटे के तहत सरकारी नौकरी का लाभ ले सकते हैं। विश्व के पर्यटन मानचित्र पर गोविंदसागर मंडी भराड़ी फोरलेन क्षेत्र को विश्व के पर्यटन मानचित्र पर उभरने के लिए एसोसिएशन के प्रयास सराहनीय हैं। एसोसिएशन के प्रधान सराज अख्तर एवं महासचिव हेमराज ठाकुर ने बताया कि वाटर स्पोर्ट्स कार्निवल के दौरान ओपन स्विमिंग चैंपियनशिप, फील फ्री कायक, पैडल बोट, स्पीड बोट इत्यादि गतिविधियां करवाई गई हैं। इस मौके पर एसोसिएशन के पदाधिकारी संजीव शर्मा, विक्की, शालू अख्तर, परमजीत सिंह, एशियाई राफ्टिंग खिलाड़ी दीक्षा ठाकुर, ड्रैगन बोट राष्ट्रीय खिलाड़ी आरती ठाकुर ,लाडली फाउंडेशन की जिला महासचिव सुमन चढ़ा कंचन रायज्यादा,संतोष बनियाल,सरित शर्मा, मीना शर्मा संतोष शर्मा, नेहा ठाकुर, अशोक शर्मा, अनंतराम, इत्यादि मौजूद रहे।

त्योहारी सीजन को लेकर जिला पुलिस ने तैयार किए रूट प्लान

नीरज शर्मा, घुमारवीं

त्योहारी सीजन को लेकर बिलासपुर जिला पुलिस ने जिला के विभिन्न स्थानों पर कुछ रूट प्लान तैयार किए हैं। पुलिस प्रशासन ने भगेड़ से सरकाघाट की ओर जाने वाले छोटे वाहनों के लिए रूट प्लान तैयार किया गया हैं। ये रूट प्लान मंगलवार से वीरवार तक लागू रहेगा। प्रशासन ने भगेड़ से घुमारवीं तक हाईवे पर जाम से बचने के लिए यह निर्णय लिया है। जिला प्रशासन की ओर से इसकी अधिसूचना जारी की गई है। अधिसूचना के अनुसार 29 अक्तूबर से 31 अक्तूबर तक किरतपुर-नेरचौक फोरलेन का उपयोग करते हुए कुठेड़ा, जाहू, सरकाघाट की ओर जाने वाले वाले छोटे वाहनों को भगेड़ से घुमारवीं की ओर न भेजकर फोरलेन पर ही पनोह की ओर भेजा जाएगा।

पनोह से टकरेड़ा संपर्क मार्ग पर डायवर्ट किया जाएगा। इस मार्ग से होते हुए छोटे वाहन घुमारवीं को बाईपास करते हुए सीधा कुठेड़ा-सरकाघाट मार्ग पर पहुंच जाएंगे। वहीं, बड़े वाहनों को पहले की तरह भगेड़ से घुमारवीं मार्ग पर ही भेजा जाएगा। बता दें कि बाहरी राज्यों में नौकरी करने वाले जाहू,सरकाघाट, धर्मपुर, हमीरपुर,कांगड़ा आदि क्षेत्रों के लोग घर आने के लिए अपने वाहनों से किरतपुर-नेरचौक फोरलेन से होते हुए भगेड़ पहुंचते हैं। भगेड़ उनके वाहन फोरलेन को छोड़कर शिमला-धर्मशाला हाईवे पर आ जाते हैं। पिछले साल की दिवाली के अवसर पर इस हाईवे भगेड़ से घुमारवीं तक यातायात का दबाव बहुत अधिक बढ़ गया था। इस कारण भारी जाम की समस्या का सामना करना पड़ा था।

पिछली बार की स्थिति से सबक लेते हुए इस बार प्रशासन ने यातायात को डायवर्ट कर जाम से बचने की वैकल्पिक व्यवस्था की है। इसके साथ ही दिवाली के त्योहार पर घुमारवीं क्षेत्र में यातायात व्यवस्था के लिए पुलिस ने पुख्ता प्रबंध किए हैं। घुमारवीं शहर को तीन सेक्टरों में बांटा गया है। शहर के प्रमुख चौराहों पर बैरिकेड व्यवस्था की जा रही है। घुमारवीं शहर में जाम से निपटने के लिए शहर जगह-जगह पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। शहर के अलावा चौक-चौराहों पर भी पुलिस कर्मी तैनात रहेंगे। (अनंत ज्ञान)

अजय हेल्थकेयर ऊना

आपका स्वास्थ्य हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। हम गारंटीकृत छूट के साथ किफायती कीमतों पर दवाओं, शल्य चिकित्सा समाधानों और चिकित्सा उपकरणों की एक विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध कराने के लिए समर्पित हैं

दवाईयां

हमारी सेवाएं

निःशुल्क बीपी, शुगर ऑक्सीजन पल्स और शरीर के वजन की जांच

आपकी सुविधा के लिए 24x7 उपलब्धता

लचीले भुगतान विकल्प (ऑनलाइन या नकद डिलीवरी)

5 किलोमीटर के भीतर 500 रुपये से अधिक के ऑर्डर पर बिना किसी अतिरिक्त डिलीवरी शुल्क के होम डिलीवरी

इसके अतिरिक्त, हम प्रदान करते हैं आपकी स्वास्थ्य-लाभ आवश्यकताओं के लिए *फिजियोथेरेपी सेवाएं*।

Ajay Healthcare Team L.G. Floor, Kamla Complex, Hamirpur Road Una (H.P.) - 174303, Email: ajayhealthcare8@gmail.com +91 7087432364+918699005364

सरकार के खिलाफ बिजली कर्मियों का 'हल्ला बोल'

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

राज्य बिजली बोर्ड के कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। शिमला में बोर्ड मुख्यालय कुमार हाउस में सैकड़ों कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर रोष जताया। इस अवसर पर संयुक्त मोर्चा के संयोजक ई. लोकेश ठाकुर के अतिरिक्त हीरा लाल वर्मा, पेंशनर फोरम से टीआर गुप्ता व संयुक्त मोर्चा के पूर्व संयोजक ई. सुनिल ग्रोवर भी उपस्थित रहे और अपने विचार रखे।

इस अवसर पर संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष लोकेश ठाकुर ने कहा कि दिवाली महोत्सव को देखते हुए आंदोलन कुछ दिन के लिए टाला गया है और सरकार को 15 दिन का और समय दिया गया है। यदि इस बीच सरकार इन मुद्दों का कोई समाधान नहीं करती तो फ्रंट एक

बड़े एलान की ओर आगे बढ़ेगा, जिसकी दिवाली के बाद अधिसूचित कर दी जाएगी।

धर्मशाला के अंतर्गत कार्यरत सभी कर्मचारियों व पेंशनर प्रदर्शन में शामिल हुए। कर्मचारियों की मांग है कि 16 अक्तूबर 2024 को जारी अधिसूचना में समाप्त किए गए 81 आउटसोर्स कर्मियों की छंटनी के आदेश वापस लिए जाए, बिजली बोर्ड बिना किसी देरी के पुरानी पेंशन प्रणाली लागू करना, सरकार के बीच निष्पादित एचपीएसईबी स्थानांतरण योजना, 2010 से जुड़े द्विपक्षीय समझौते के प्रावधानों का पालन किया जाए। एचपी सरकार और एचपीएसईबीएल के कर्मचारियों और इंजीनियरों के संयुक्त मोर्चे के परामर्श के बिना किसी भी संपत्ति को अन्य इकाई में स्थानांतरित नहीं किया जाएगा।

एचपीएसईबीएल की सेवा समिति द्वारा पहले से ही अनुमोदित टी/मेट के 1030 पदों के लिए चयन प्र्रि या शुरू करना और एचपीएसईबीएल में रिक्त पड़े पदों पर भर्ती करना। सातवें वेतन आयोग के परिणामस्वरूप कर्मचारियों, पेंशनरों को पेंशन व वेतन का बकाया दिया जाए इंजीनियरिंग वर्ग के सभी 51 पदों को बहाल किया जाए। एचपीएसईबीएल की विभिन्न इकाइयों में पिछले 10-12 वर्षों से ड्राइवर के पद पर कार्यरत

एचआरटीसी की बसों में बिना इंटरनेट के दे सकेंगे किराया

अब यात्रियों को मिलेगा एचआरटीसी बसों में एनसीएमसी कार्ड

रवि ठाकुर, हमीरपुर

एचआरटीसी बसों में यात्री अब बिना पैसे और बिना इंटरनेट के भी टिकट का ऑनलाइन भुगतान कर सकेंगे। इसे लेकर हमीरपुर बस अड्डा में एनसीएमसी कार्ड बनाने को लेकर नया काउंटर खोला गया है। एटीएम कार्ड की तरह दिखने वाले एनसीएमसी कार्ड को यात्री 100 रुपए में बना सकेंगे।

इस कार्ड के जरिए यात्री टिकट का बिना इंटरनेट के भी ऑनलाइन भुगतान कर सकेंगे। यात्री कार्ड का नंबर बताकर या फिर कार्ड दिखाकर टिकट का ऑनलाइन भुगतान कर सकेंगे। हमीरपुर बस

अड्डा में 16 अक्तूबर से एनसीएमसी कार्ड का नया काउंटर यू खोल दिया गया है और अब तक 93 यात्रियों के एनसीएमसी (नेशनल कॉमन मोबिलिटी) कार्ड बनाए जा चुके हैं। यात्री अपना आधार कॉर्ड लेकर 100 रुपए में एनसीएमसी कार्ड बना सकते हैं, जिसकी समय अवधि पांच वर्ष तक रहेगी। उसके बाद यात्रियों को दोबारा कार्ड रिन्यू करवाना होगा। एनसीएमसी कार्ड में यात्री 1000 रुपए तक रिचार्ज करवा सकते हैं। इस कार्ड से यात्री बिना इंटरनेट के भी टिकट का ऑनलाइन भुगतान कर सकेंगे।

इस कार्ड की खास बात यह है कि इस कार्ड से किराए के भुगतान के लिए इंटरनेट की जरूरत नहीं पड़ती है।

सिर्फ कार्ड नंबर बता कर ही निर्धारित किराया कार्ड के खाते से कट जाएगा। बस इसे सिर्फ मोबाइल की तरह रिचार्ज करना होगा। जिसे यात्री अपने बैंक अकाउंट या फिर बस स्टैंड पर ही टॉप अप कर रिचार्ज कर सकेंगे। (अनंत ज्ञान)

न्यूज ब्रीफ

ओपीएस के लिए सभी राज्यों के कर्मी दें साथ : प्रवीण

अनंत ज्ञान, शिमला। न्यू मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन संघ के राष्ट्रीय संयोजक प्रवीण शर्मा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष पी सतेंद्र सिंह तिवारी की पेंशन मुद्दे पर भरपूर सराहना की।

उन्होंने कहा कि पूरे देश के कर्मचारी पुरानी पेंशन योजना यानी ओपीएस की बहाली चाहते हैं, परंतु साथ देने की बात आती है तो कुछ कर्मचारी घरों में दुबककर बैठ जाते हैं। संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पी. सतेंद्र सिंह तिवारी पूरे देश के कर्मचारियों को उनका हक दिलवाने के लिए दिन-रात कार्य कर रहे हैं, परंतु कर्मचारी वर्ग साथ नहीं देता। हम किसी प्रदेश की बात नहीं करते, बल्कि पूरे देश के कर्मचारियों की पेंशन बहाली की बात करते हैं। न एनपीएस चाहिए न यूपीएस चाहिए, बल्कि हमें वही पेंशन चाहिए जिसे इस देश के समाजसेवक लेते हैं। इसके लिए सभी राज्यों के हर कर्मचारी को साथ देना होगा। साथ ही कहा कि जिन दो राज्यों हिमाचल प्रदेश व राजस्थान में ओपीएस बहाल हुई है वहां के कर्मचारियों का एनपीएस के तहत कटा फंड केंद्र सरकार वापस नहीं कर रही है, जबकि जो कोर्ट की शरण में गए उन्हें 100 फीसदी पैसा वापस मिल चुका है। यदि लोगों को उनके हक कोर्ट से ही मिलने हैं तो फिर कल्याणकारी सरकारों की क्या जरूरत है। उन्होंने पूरे देश के कर्मचारियों से आग्रह किया कि आने वाले समय में हर चुनाव का बहिष्कार करें।

ड्रग तस्कर 18.920 ग्राम चिट्टे समेत गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, बीबीएन। जिला बद्दी पुलिस ने 18.920 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया है। आरोपी की पहचान बलविंदर कुमार उर्फ रिक्की निवासी डिंडू प्लासड़ा नालागढ़ के रूप में हुई है। आरोपी रिक्की प्रमुख ड्रग डीलर है जो कि काफी समय से एरिया में नशा तस्करी का काम कर रहा था। आरोपी बाहरी राज्यों से चिट्टा खरीदकर एरिया में थोड़ी-थोड़ी मात्रा में बेचता था, जिसका नेटवर्क काफी बड़े स्तर पर फैला हुआ था। आरोपी के खिलाफ पहले भी एनडीपीएस के कई मामले दर्ज है। थाना नालागढ़ के तहत आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। जिला बद्दी पुलिस अधीक्षक इल्मा अफरोज ने बताया कि नशे के खिलाफ टीम एक्स लगातार कार्रवाई करते हुए नशा तस्करों को गिरफ्तार कर रही है। इसी कड़ी में बलविंद्र कुमार को भारी मात्रा में 18.920 ग्राम चिट्टे के साथ पकड़ा है।

ड्राइवर सीट के नीचे छुपा रखी थी 517 ग्राम चरस

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर। जोगिंद्रनगर पुलिस ने रविवार सुबह विशेष जांच इकाई के नेतृत्व में घटासनी-झटिंगरी सड़क पर नाका लगाकर चरस की बड़ी खेप बरामद की। पुलिस ने ड्राइवर सीट के नीचे छुपाकर रखी 517 ग्राम चरस बरामद की है। इस मामले में आरोपी को भी हिरासत में ले लिया गया है और एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, जोगिंद्रनगर पुलिस थाना की टीम ने विशेष जांच इकाई के निर्देश पर घटासनी-झटिंगरी सड़क पर वन विभाग बैरियर के पास नाका लगाया था। इस दौरान, सुबह के समय एक काले रंग की मारुति ऑल्टो को जांच के लिए रोका गया। गाड़ी का चालक पुलिस को देखकर घबराया हुआ नजर आया, जिसके कारण पुलिस का शक और भी गहरा हो गया। चालक के संदिग्ध व्यवहार को देखते हुए पुलिस टीम ने गाड़ी की पूरी तरह से तलाशी ली। तलाशी के दौरान ड्राइवर सीट के नीचे एक पारदर्शी पैकेट में चरस छुपा हुआ मिला। जब पैकेट को खोला गया, तो उसमें कुल 517 ग्राम चरस पाई गई। चालक की पहचान राज कुमार, निवासी छोटा झरवाड़, जिला मंडी के रूप में की गई है।

पहल : देश में हिमाचल की प्राकृतिक मक्की को मिल रहा सर्वाधिक मूल्य

कांगड़ा जिले में 2 दिन में 174 किसानों से 248 क्विंटल मक्की की खरीद

पुनीत शर्मा, धर्मशाला

प्रदेश की कृषि विभाग के कृषि प्रोद्योगिकी प्रबंध अभिकरण के तहत प्रदेश के सबसे बड़े जिला कांगड़ा में प्राकृतिक फसलों की खरीद जारी है। इसके चलते जिला के किसानों को मक्की की प्राकृतिक ढंग से तैयार फसल को 30 रुपए प्रति किलो के मूल्य पर जबकि गेंहू की प्राकृतिक फसल को 40 रुपए प्रति किलो के हिसाब से खरीदा जा रहा है।

खास बात ये कि पूरे देश में हिमाचल में सबसे ज्यादा मूल्य मक्की की प्राकृतिक फसल को मिल रहा है। प्रदेश में पहली बार ऐसा हुआ है जब कृषि विभाग के आत्मा प्रोजेक्ट के तहत बढ़िया दाम पर मक्की खरीदी जा रही है। 25 अक्तूबर से शुरू खरीद के पहले दो दिनों में 248.04 क्विंटल मक्की की खरीद हो चुकी है। विभाग ने जिला में 30 अक्तूबर तक कुल 442 क्विंटल मक्की की खरीद का लक्ष्य तय किया है।

राजकुमार भारद्वाज (प्रोजेक्ट डायरेक्टर)

जिला के नगरोटा बगवां, फतेहपुर तथा ढलियारा में स्थापित खरीद केंद्रों में किसानों की प्राकृतिक फसल को बड़िया दाम मिल रहे हैं। इस पूरी कवायद से किसान वर्ग को लाभ मिल रहा है। बताते चलें कि इससे पहले 15 से 16 रुपए प्रति किलो के हिसाब से पोल्ट्री फीड के लिए निजी तौर पर पंजाब के व्यापारी मक्की की फसल खरीद रहे थे।

वहीं इस साल की गई पहल के चलते 30 रुपए प्रति किलो के हिसाब से किसानों से मक्की की फसल कृषि विभाग खरीद रहा है। ऐसे में कम दामों में मक्की न मिलने के कारण पंजाब के व्यापारी मजबूरन 30 रुपए प्रति किलो के हिसाब से मक्की खरीदनी पड़ रही है।

लिहाजा सरकार की इस पूरी मुहिम का सीधा लाभ किसानों को मिला है। उधर, आंकड़ों के अनुसार खरीद के शुरुआती दो दिन में नगरोटा बगवां में 53 किसानों से 43.08 क्विंटल मक्की, फतेहपुर में 53 किसानों से 112.27 क्विंटल तथा ढलियारा में 92.69 क्विंटल प्राकृतिक ढंग से उगाई गई मक्कीखरीदी गई है। जिला के 3 कलेक्शन सेंटर में 174 किसानों से 248.04 क्विंटल मक्की की खरीद हुई है।

इस बारे में आत्मा प्रोजेक्ट के पालमपुर स्थित प्रोजेक्ट डायरेक्टर राजकुमार भारद्वाज ने बताया कि प्रदेश में पहली बार 30 रुपए प्रति किलो के हिसाब से प्राकृतिक ढंग से उगाई गई मक्की खरीदी जा रही है। देश भर में मक्की की प्राकृतिक फसल को मिल रहा ये सबसे ज्यादा मूल्य है। (अनंत ज्ञान)

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

अनुराग ने शांता कुमार से की शिष्टाचार भेंट

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर ने भाजपा के वरिष्ठ नेता हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट कर उनका मार्गदर्शन व आशीष लिया।

महिला की ढांक से गिरकर मौत

अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट

अर्की तहसील के साऊग गांव में घास काटने गई महिला की पैर फिसल ढांक से गिर कर मौत हो गई। सुनीता देवी (53) अपने पति दीनानाथ के साथ घास काटने जंगल की ओर गई थीं। शील मंदिर के पास ढलानदार पहाड़ी पर घास काटते समय अचानक उनका पैर फिसल गया, जिससे वह ढांक से नीचे जा गिरीं। दीनानाथ ने बताया कि सुनीता घास इकट्ठा कर रही थीं। अचानक पैर फिसलने के कारण वह ढलान से नीचे पुरानी सड़क तक गिर गईं।

दीनानाथ ने तुरंत अपने भाई और गांव के अन्य लोगों को बुलाया और सुनीता को अर्की अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन वहां डॉक्टरों ने सुनीता को मृत घोषित कर दिया।

भाजपा पर दोष मढ़कर सिर्फ अपनी राजनीति चमका रहे सीएम : जयराम

अनंत ज्ञान, शिमला

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू के वित्तीय अनुशासन पर दिए बयान पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री अपनी नाकामी छुपाने के लिए पूर्व भाजपा सरकार पर दोष मढ़कर सिर्फ अपनी राजनीति चमका रहे हैं।

ये पहले मुख्यमंत्री हैं जिन्हें रोज झूठ बोलने की आदत सी हो गई है। ये न तो स्वयं पहले कभी सरकार में मंत्री रहे हैं और न इन्हें सरकार चलाने का कोई अनुभव है। आज इनकी ब्यानबाजी से सरकार की हर रोज जितनी फजीहत हो रही है उससे मुख्यमंत्री अब बौखलाए हुए हैं।

उन्होंने कहा जिस मुख्यमंत्री ने दो साल के अल्प काल में ही 30 हजार करोड़ का लोन ले लिया हो वो अगले तीन साल कितना और लोन लेकर प्रदेश को कर्जे के बोझ तले डूबा देगा ये अनुमान अभी से लगाया जा सकता है।

गुप्त सूचना के आधार पर 2 पिस्टल सहित 2 काबू

अनंत ज्ञान, धर्मशाला

दीपावली पर्व से पहले कांगड़ा पुलिस को हथियारों सहित दो युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि दो लोग अवैध हथियार लेकर दिल्ली से कांगड़ा की तरफ आ रहे हैं। सूचना के आधार पर डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया और पुराना कांगड़ा के पास नाकाबंदी की गई।

नाकाबंदी के दौरान कांगड़ा बस स्टैंड पर दिल्ली से आने वाली वोल्वो बसों से उतरने वाले यात्रियों से पूछताछ की गई, जिसमें दो व्यक्ति, जिनके पास पिठू बैग थे, संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाए।

संदेह के आधार पर दोनों युवकों की चैकिंग के दौरान दो पिस्टल खाली मैगजीन सहित बरामद हुए। इस संदर्भ में, पुलिस थाना कांगड़ा में दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। आरोपियों की पहचान सुंशात कुमार (22) पुत्र श्याम कुमार निवासी चडी तथा अजयदीप सिंह (18) पुत्र शमशेर सिंह, निवासी जिला गुरदासपुर, पंजाब के रूप में हुई।

अभियोग में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करके उनके सही ठिकानों का पता लगाने के लिए गहन पूछताछ की जा रही है। उधर, मामले की पुष्टि करते हुए एसपी कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री ने बताया कि पुलिस इस मामले में जांच कर रही है।

दो बार ठगे गए तीसरी बार पकड़े गए

दोनों आरोपियों ने यह पिस्टल बिहार के मुंगेर से खरीदे थे। इसके बाद ये लोग मुंगेर से ट्रेन से गोरखपुर पहुंचे तथा गोरखपुर से दिल्ली तक बस में पहुंचे। यहां से बोलवो बस में कांगड़ा आए। सुशांत मीट की दुकान करता है जबकि अजयपाल धर्मशाला के एक निजी होटल में काम करता है। दोनों आरोपी पिस्टल खरीदने के लिए पहले 2 बार प्रयास कर चुके हैं लेकिन शातिरों ने इनसे पैसे ले लिए लेकिन इन्हें पिस्टल नहीं दिए। वहीं तीसरी बार ये लोग पिस्टल तो ले आए लेकिन कांगड़ा पुलिस की नजर से नहीं बच पाए।

304 पेटियां अवैध शराब बरामद

अनंत ज्ञान, बीबीएन

जिला बद्दी पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अवैध शराब की अब तक की सबसे बड़ी खेप बरामद की है। एसपी बद्दी इल्मा अफरोज के दिशा-निर्देशों पर बद्दी पुलिस के स्पेशल सेल टीम एक्स ने अवैध शराब की 304 पेटियां बरामद करते हुए आबकारी अधिनियम में मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि बद्दी के संडोली बाजार के पास शराब के ठेके के साथ एक दुकान में भारी मात्रा में अवैध शराब की तस्करी करता है। पुलिस ने तुरंत दबिश दी तो दुकान से 304 पेटी अवैध शराब की बरामद हुई।

दुकान मालिक की पहचान जसविंद्र सिंह पुत्र प्रकाश चंद गांव संडोली बद्दी जिला सोलन व विक्रम सिंह पुत्र धर्मपाल गांव हरिपुर संडोली बद्दी के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बद्दी थाना के तहत मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने दुकान में दबिश देकर 160 अदद गत्ता पेटियां पव्वे देसी शराब मार्का पटियाला संतरा, 86 अदद गत्ता पेटियां अध्धे देसी शराब, 70 अध्धे खुले, 17 अदद गत्ता पेटियां बोतलें देसी शराब, 3 अदद गत्ता पेटियां बोतलें देसी शराब, 3 अदद गत्ता पेटियां बोतलें देसी शराब मार्का संतरा, 1 अदद खुली गत्ता पेटी बोतल देसी शराब, 9 अदद गत्ता पेटियां बोतलें अंग्रेजी शराब, 4 अदद गत्ता पेटियां बोतल अंग्रेजी, 1 अदद गत्ता पेटी बोतलें अंग्रेजी शराब, 2 अदद गत्ता पेटियां बीयर, 6 अदद गत्ता पेटियां अंग्रेजी शराब, 8 अदद गत्ता पेटियां अंग्रेजी शराब, 1 अदद गत्ता पेटी जिसमें 48 पव्वे अंग्रेजी शराब, 1 अदद गत्ता पेटी जिसमें 44 पव्वे अंग्रेजी शराब बरामद किए।

नशे के लगातार अभियान जारी: एसपी। पुलिस जिला बद्दी के पुलिस अधीक्षक इल्मा अफरोज का कहना है कि मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि 304 पेटी अवैध शराब की रिकवरी अब तक की सबसे बड़ी रिकवरी है।

सौगात डीसी आबिद हुसैन के ड्रीम प्रोजेक्ट 'क्रूज' का आज शुभारंभ करेंगे सीएम सुक्खू

वाटर स्पोर्ट्स एक्टिविटीज का हब बनेगा बिलासपुर

शुभम राही, बिलासपुर

उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक के ड्रीम प्रोजेक्ट क्रूज का शुभारंभ करने के लिए आज यानि मंगलवार को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू बिलासपुर पहुंच रहे हैं। बिलासपुर पहुंचने पर वह मंडी भराड़ी में स्थित वॉटर स्पोर्ट्स एंड एडवेंचर्स टूरिज्म एक्टिविटीज के तहत क्रूज की सैर करेंगे, साथ ही वह यहां पर कई विकास कार्यों का शुभारंभ भी करेंगे।

इस सभी आयोजन को लेकर जिला प्रशासन बिलासपुर ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली है। केरल के कोच्चि से बिलासपुर की गोबिंदसागर झील तक क्रूज लाने में अपनी अहम भूमिका निभाने वाले उपायुक्त आबिद हुसैन को इस प्रोजेक्ट के लिए काफी मेहनत करनी पड़ी। वही, इसी मेहनत का फल आज पूरे बिलासपुर वासियों

फाइल फोटो

को मिलने जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को प्रवास कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री 29 अक्तूबर को प्रात: 11 बजे लुहणू मैदान, बिलासपुर पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री उसके उपरांत रोड़ा सेक्टर में राज्य की पहली डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन करेंगे। उसके उपरांत चंगर सेक्टर में उपायुक्त कार्यालय परिसर में विजिलेंस और एंटी करप्शन ब्यूरो कार्यालय भवन का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री मंडी भराड़ी में वॉटर स्पोर्ट्स एंड एडवेंचर्स टूरिज्म एक्टिविटीज का उद्घाटन करेंगे तथा गोविंद सागर झील में क्रूज में गोविंद सागर झील का एक छोटा चक्कर भी लगाएंगे।

गौरतलब है कि लंबे समय से जिला प्रशासन बिलासपुर द्वारा वॉटर स्पोर्ट्स एक्टिविटिज पर विशेष ध्यान दिए हुए हैं। उपायुक्त स्वंय इस प्रोजेक्ट पर नजर रखे हुए हैं। वहीं, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा वॉटर स्पोर्ट्स शुरू करने की बात कही गई थी। ऐसे में उपायुक्त ने प्राथमिकता के आधार पर इस प्रोजेक्ट पर वर्क किया और कुछ माह के भीतर इस प्रोजेक्ट को अंतिम चरण तक पहुंचाया और आज इसका शुभारंभ मुख्यमंत्री द्वारा किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

> सभी के सहयोग से यह प्रोजेक्ट सफल हो पाया है। सीएम द्वारा आज इसका शुभारंभ किया जाएगा। इस वॉटर स्पोर्ट्स एक्टिविटिज से बिलासपुर जिला पर्यटन की दृष्टि से विकसित होगा और बिलासपुर में विकास के कई नए आयाम स्थापित होंगे।
>
> -आबिद हुसैन सादिक
> उपायुक्त बिलासपुर

परित्राणाय साधूनां
विनाशाय च दुष्कृताम्।
धर्मसंस्थापनार्थाय
सम्भवामि युगे युगे॥

भावार्थ : साधु पुरुषों की रक्षा करने, दुष्टों का विनाश करने और धर्म की स्थापना के लिए, मैं प्रत्येक युग में प्रकट होता हूं।

अनंत ज्ञान
www.anantgyaan.in
कांगड़ा | मंगलवार, 29 अक्तूबर 2024

धनतेरस के दिन नई चीजें खरीदना अत्यंत ही शुभ

इस साल धनतेरस की तिथि को लेकर लोगों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। धनतेरस कब मनाया जाएगा, इसे लेकर हर कोई कंफ्यूज है। बता दें कि धनतेरस से ही पांच दिवसीय दिवाली उत्सव आरंभ हो जाता है। हर साल कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को धनतेरस का त्योहार मनाया जाता है। धनतेरस को धनत्रयोदशी, धन्वंतरि त्रयोदशी और धन्वंतरि जयंती के नाम से भी जाना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इसी दिन देवताओं के चिकित्सक और आयुर्वेद के देवता भगवान धन्वंतरि का जन्म हुआ था। तो आइए अब जानते हैं कि इस साल धनतेरस असल में किस दिन मनाया जाएगा।

जानें पूजा मुहूर्त

कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि का आरंभ 29 अक्तूबर को सुबह 10 बजकर 31 मिनट पर हो रहा है। त्रयोदशी तिथि समाप्त 30 अक्तूबर को दोपहर 1 बजकर 15 मिनट पर होगा। ऐसे में उदयातिथि के अनुसार, इस साल धनतेरस 29 अक्तूबर को मनाया जाएगा। धनतेरस की पूजा के शुभ मुहूर्त 29 अक्तूबर को शाम 6 बजकर 31 मिनट से रात 8 बजकर 13 मिनट तक का रहेगा।

विभा शर्मा
जोगिंद्रनगर

धनतेरस का महत्व

हिंदू धर्म में धनतेरस का विशेष महत्व है। इस दिन नई चीजें खरीदना अत्यंत ही शुभ माना जाता है। कहते हैं कि इस दिन खरीदी गई चीज अक्षय फल प्रदान करने वाली होती है। धनतेरस के दिन आप जो भी चीज खरीदेंगे उसका तेरह गुना फल आपको मिलेगा। धनतेरस के दिन माता लक्ष्मी, भगवान कुबेर और धंवतरि जी की पूजा जरूर करें। इससे घर में सुख-समृद्धि और खुशहाली आती है।

धन और समृद्धि की कामना

धनतेरस के दिन खुशी का माहौल होता है. हर कोई चाहता है कि धन, समृद्धि उनके घर आएं क्योंकि जीवन में धन भी महत्वपूर्ण है। धन प्राप्ति के लिए श्री सूक्तम और विधि विधान का पाठ किया जाता है। श्री सूक्तम विद्या एक वैदिक विद्या है। यहां तक कि वेदों के ऋषियों ने भी इसका उल्लेख किया है और कहा है कि पैसा कमाना चाहिए, लेकिन हमें यह पैसा ईमानदारी और अखंडता के साथ कमाना चाहिए। कथावाचक ने बताया कि पैसा कमाने के बाद, उसे मां लक्ष्मी को अर्पित करना चाहिए। इन दिन घर पर रंगोली बनाएं और घर के आंगन में दीप जलाएं।

दिवाली पर इसलिए की जाती तीन देवियों की पूजा

ब्रह्मा, विष्णु और महेश से है इनका संबंध

दीपावली एक पांच दिवसीय त्योहार है, जिसमें धनतेरस, काली चौदस, दीपावली, नववर्ष और भाई दूज शामिल हैं। इन पांच दिनों को पंचोत्सव भी कहा जाता है। इस प्रकार, पांच दिवसीय महापर्व की शुरुआत होती है। धनतेरस, काली चौदस और दीपावली विभिन्न पूजाओं के तीन दिन हैं। धनतेरस के दिन लक्ष्मी के साथ कुबेर देव की पूजा करना महत्वपूर्ण है, तो चलिए कथावाचक विजयभाई व्यास से जानते हैं कि कैसे धनतेरस, काली चौदस और दीपावली के ये तीन दिन एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं और उनका क्या महत्व है।

धनतेरस, काली चौदस, दीपावली तीन अलग-अलग दिनों पर पूजा की जाती है। धनतेरस का मतलब है महालक्ष्मी की पूजा, कालीचौदस का मतलब है महाकाली की पूजा, और दीपावली मां सरस्वती की पूजा का दिन है। इन तीन देवियों को त्रिगुणातिका का रूप माना जाता है। त्रिगुणातिका का मतलब है सत्त्व, रजस और तमस। यह माता जी इन तीन गुणों से जुड़ी हुई हैं। सनातन धर्म के मूल देवता ब्रह्मा, विष्णु और महेश भी इन तीन गुणों से संबंधित हैं। इसलिए तीन दिनों में तीन देवियों की पूजा करना विशेष महत्व रखता है।

दिवाली के अगले दिन होती है गोवर्धन पूजा

कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा को दिवाली के अगले दिन आने वाले त्योहार को गोवर्धन पूजा के नाम से जाना जाता है। उत्तर प्रदेश की कृष्ण जन्म भूमि में इस दिन इसकी बड़ी धूमधाम रहती है। भगवान श्री कृष्ण के साथ ही साथ गोवर्धन पर्वत व गउओं आदि की विशेष रूप से इस दिन पूजा की जाती है। भगवान श्री कृष्ण का गउओं, गोप-गोपियों व गोवर्धन पर्वत से विशेष लगाव था, इसीलिए गाय के गोबर से इस दिन गोवर्धन पर्वत की आकृति बनाकर उसकी पूजा अर्चना, भगवान श्री कृष्ण को 56 प्रकार का भोग लगाकर की जाती है। इस त्योहार को अन्नकूट के नाम से भी जाना जाता है। त्योहार का संबंध देव इंद्र से होने के कारण ही पूजा में देव वरुण, इंद्र व अग्नि देव को भी शामिल किया जाता है।

गोवर्धन पर्वत के पूजन आदि का चलन कैसे हुआ, इस संबंध में पौराणिक साहित्य से मिली जानकारी के अनुसार पता चलता है कि देव इंद्र को अपने विशाल राज पाठ व शक्ति का बड़ा अभिमान हो गया था और वह अपने से आगे किसी को नहीं समझता था। इसी कारण दूसरे सभी देवी देवता भी उससे तंग रहने लगे थे। भगवान श्री कृष्ण भी देव इंद्र के अभिमानी व्यवहार से भलीभांति परिचित थे और उन्होंने अपनी लीला के माध्यम से उसे सबक सिखाने की योजना भी बना रखी थी। एक दिन सभी ब्रजवासी अपने अपने यहां बड़े-बड़े पकवानों के साथ किसी आयोजन की तैयारी कर रहे थे,जिस पर भगवान श्री कृष्ण अपनी माता यशोधा से उसके बारे में पूछने लगे कि यह आज सब क्या हो रहा है। तब माता यशोधा ने श्री कृष्ण को बताया था कि ये सब देव इंद्र को प्रसन्न व उसके पूजा-पाठ के लिए किया जा रहा है। देव इंद्र के वर्षा पानी से ही तो ये अन्न, घास आदि पैदा होता है, जिसे हम व सभी पशुओं का पेट भरता है। तभी तो हम सभी देव इंद्र की पूजा करते हैं।

इस पर भगवान श्री कृष्ण ने अपनी मां यशोधा से कहा, 'यह तो गलत है मां! घास, लकड़ी, पेड़-पौधे व अन्न तो गोवर्धन पर्वत देता है, तब तो उसकी तुम सभी को पूजा करनी चाहिए।'

भगवान श्री कृष्ण के ऐसा कहने पर सभी लोग गोवर्धन पर्वत की पूजा करने लगे, जिससे देव इंद्र भगवान कृष्ण से नाराज हो गए और उसे व लोगों को सबक सिखाने के लिए जोर-जोर से वर्षा बरसाने लगते हैं, जो कि लगातार सात दिन तक चलती रही । इसके फलस्वरूप लोगों के पशुओं व अन्न आदि की बुरी तरह से तबाही हो गई, जिससे सभी लोग नाराज हो गए तो उस समय भगवान श्री कृष्ण ने अपनी कनिष्ठा अंगुली से गोवर्धन पर्वत को उठाकर व उसके अंदर सभी को समेट कर बचा लेते हैं। देव इंद्र भगवान कृष्ण के बचाव कार्य से और कुपित हो जाता है और वह ब्रह्माजी के पास पहुंच कर श्री कृष्ण की शिकायत करने लगता है। तब देव ब्रह्मा जी इंद्र को समझाते हुए बताते हैं कि श्री कृष्ण कोई मामूली व्यक्तित्व नहीं हैं, यह तो भगवान विष्णु के अवतार हैं और तुम इनकी लीलाओं से बचकर रहो नहीं तो पछताओगे। इतना सुनने पर देव इंद्र की आंखें खुल गईं और फिर वह श्री कृष्ण से क्षमा मांगने लगे। इसके पश्चात देव इंद्र द्वारा ही श्री कृष्ण की पूजा-अर्चना 56 किस्म के भोग के साथ की गई और वहीं प्रथा तब से चली आ रही है। आज समस्त देश में इस त्योहार को बड़े ही धूमधाम से विशेष रूप में मनाया जाता है।

-लेखक:
डॉ. कमल के. प्यासा

यहां गिरी थी माता सती के पैर की अंगुली

बहुत रोचक है जमवाय माता मंदिर का इतिहास

राजा समेत पूरी सेना को देवी से मिला था जीवनदान

कछवाहों के अलावा यहां अन्य समाजों के लोग भी मन्नत मांगने आते हैं

प्राचीन जमवाय माता मंदिर का इतिहास काफी रोचक है। जमवाय माता मंदिर जयपुर के जमवारामगढ़ बांध के पास अरावली की पहाड़ी की तलहती पर स्थित है। जमवाय माता मंदिर का इतिहास काफी पुराना है। राजा दूल्हराय ने जमवाय माता मंदिर का निर्माण करवाया था। देशभर से कछवाह वंश के लोग माता की पूजा करने जमवारामगढ़ आते हैं। नवरात्र में माता के दरबार में काफी संख्या में लोग पहुंचते हैं और माता की विशेष पूजा अर्चना की जाती है। **जमवाय माता जयपुर जिले के जमवारामगढ़ में बांध के पास स्थित है। जमवाय माता का मंदिर काफी प्राचीन है और इतिहास से जुड़ा हुआ है। पौराणिक दृष्टि से देखा जाए तो माता सती के पैर की अंगुली कट कर यहां गिरी थी और यहां शक्ति पीठ बना। अंबिका रूप में जमवाय माता यहां प्रकट हुईं। माता का इतिहास ढूंढाड़ प्रदेश में राज करने वाले कछवाह वंश से जुड़ा हुआ है। मान्यता है कि कछवाह प्रभु श्रीराम के बड़े पुत्र के वंशज हैं। जमवाय माता कछवाह वंशज की कुलदेवी भी हैं। ग्वालियर में कछवाह शासनरत थे। कछवाह ढूंढाड़ प्रदेश के दौसा में आए और अपना शासन स्थापित किया। कछवाह राजाओं ने अपने शासन के विस्तार के लिए अनेक युद्ध किए।**

मंदिर परिसर में शिव और भैरव का भी स्थान

किंवदंती है कि जमवाय माता मंदिर की स्थापना से पहले जमवारामगढ़ में मीणाओं का शासन था। 11वीं सदी के अंत में राजा दूल्हराय का मीणाओं से युद्ध हुआ था। युद्ध में राजा दूल्हराय घायल होकर रण क्षेत्र में गिर गए थे। तब बुढ़वाय माता प्रकट हुईं और गाय के दूध की वर्षा करके राजा को स्वस्थ कर दिया। माता ने राजा से कहा कि इस जगह पर मेरा मंदिर बनवाना। कलियुग में मुझे जमवाय माता के नाम से पूजा जाएगा। मां की कृपा से राजा समेत पूरी सेना को देवी सेइ जीवनदान मिला था। इसके बाद राजा का फिर से मीणाओं से युद्ध हुआ। माता के आशीर्वाद से राजा युद्ध में विजयी हो गए। जिस जगह पर माता ने राजा को दर्शन दिए थे, वहीं पर जमवाय माता का मंदिर बनवाया गया। जमवाय माता की प्रतिमा की दाहिनी ओर धेनु और बछड़े की प्रतिमा है, जबकि बायीं तरफ बुढ़वाय माता की प्रतिमा स्थापित है, मंदिर परिसर में शिव और भैरव का भी स्थान है।

लोक शक्ति पीठ के रूप में प्रतिष्ठित हैं माता

जमवाय माता के मंदिर को लेकर मान्यता है कि जमवाय माता कछवाह वंश की कुलदेवी हैं। कछवाह वंश के शेखावत, नाथावत, राजावत, नरूका समेत सभी माताजी के स्थान पर आते हैं। जब भी परिवार में किसी बालक का जन्म होता है, तो यहां पर धोक लगाने के लिए आते हैं। बालकों का मुंडन संस्कार भी यहां करवाया जाता है। विवाह होने पर भी नव विवाहित जोड़े जमवाय माता के धोक लगाने के लिए आते हैं। जयपुर राज परिवार में भी यह परंपरा रही है। क्षत्रिय समाज के अलावा अन्य जातियों और समाज के लोग भी जमवाय माता के धोक लगाने के लिए आते हैं। राजस्थान के अलावा अन्य प्रदेशों से भी लोग अपनी मनोकामनाएं लेकर माता के दरबार में आते हैं। माता लोक शक्ति पीठ के रूप में प्रतिष्ठित हैं।

माता के बाद श्री रघुनाथ जी मंदिर में दर्शन

नवरात्र में जमवाय माता मंदिर में विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। सुबह से लेकर शाम तक काफी संख्या में भक्त माता के दरबार पहुंच रहे हैं। नवरात्र में जमवाय माता मंदिर में काफी दूर-दूर से भक्त पहुंचते हैं। नवरात्र के दौरान मंदिर में काफी भीड़ रहती है। कोई हाथों में ध्वज लेकर तो कोई पद यात्रा लेकर माता के दरबार में पहुंचते हैं। अपनी मनोकामनाएं लिए लोग दंडवत करते हुए भी माता के धोक लगाने पहुंचते हैं। जमवाय माता मंदिर के सामने ही श्री रघुनाथ जी का मंदिर है, जहां पर भगवान श्री राम की प्रतिमा विराजमान है। कछवाह वंश भगवान श्री राम के ही वंशज हैं। जमवाय माता के आने वाले भक्त जमवाय माता के दर्शन करके श्री रघुनाथ जी मंदिर में दर्शन करते हैं।

न्यूज ब्रीफ

ओलडी, खट्टा बस्ती में आज बंद रहेगी बिजली

अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां। बिजली लाइन की मरम्मत एवं आवश्यक रखरखाव हेतु 11केवी ओलडी फ़ीडर एवं 11 केवी ढ्रंग फीडर के अंतर्गत आने वाले गांव ओलडी, खट्टा बस्ती, चकबन अंबाडी, टांडा, चेलिया 61 मील मला इत्यादि में 28 अक्तूबर को बाधित होने वाली विद्युत आपूर्ति प्रशासनिक कारणों की वजह से अब 29 अक्तूबर दिन मंगलवार को सुबह 10 बजे से कार्य समाप्ति तक बाधित रहेगी और अगर मौसम अनुकूल न रहा तो यह कार्य अगले दिवस किए जाएंगे।

अनंत ज्ञान बिजली बंद

ढाटी की ज्योतिका साइंस मॉडल में प्रथम

अनंत ज्ञान, डरोह। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थुरल में ब्लॉक स्तर पर

बाल मेले का आयोजन किया गया, जिसमें पांच क्लस्टर स्तर के 80 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। इस बाल मेले में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। इस बाल मेले में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढाटी के पांच छात्र-छात्राओं ने भी भाग लिया, जिसमें साइंस मॉडल में ज्योतिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में मोहित व पूनम ने द्वितीय स्थान हासिल किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य अंजू शर्मा ने इस उपलब्धि पर बच्चों व समस्त स्टाफ को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने भविष्य में भी इस तरह की प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

रंगोली स्पर्धा में तमन्ना और शिवांगी अव्वल

अनंत ज्ञान, पालमपुर। दीपावली के आगमन पर गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म

महाविद्यालय (जीजीडीएसडी) राजपुर में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में दीवाली से संबंधित रंगोलियां बनाकर महाविद्यालय को रंगों से सजा दिया। बीएससी से तमन्ना और शिवांगी, बीसीए से शिवानी राणा और पूजा, बीए से शगुन और खुशबू ने क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक की भूमिका सहायक प्राध्यापक ईशा चावला, डॉक्टर गीता, आमना देवी ने निभाई। महाविद्यालय के निदेशक व प्रधानाचार्य डॉ. विवेक शर्मा ने विद्यार्थियों को दिवाली की बधाई देते हुए उनके द्वारा बनाई गई रंगोलियों की प्रशंसा की।

आदर्श स्कूल परागपुर में दीपावली की धूम

शिवम शर्मा, परागपुर। आदर्श विद्यालय परागपुर में दीपावली का त्योहार धूमधाम से

मनाया गया। विद्यालय के बच्चे राम-सीता, लक्ष्मण, हनुमान, भरत व शत्रुघन की वेशभूषा में विद्यालय आए, जिससे विद्यालय का वातावरण राममयी के रंग में रंग गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चो ने राम सीता के जीवन पर अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत की, जिससे सारा पंडाल तालियों से गूंज उठा। राम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान की झांकी ने सभी का मन मोह लिया। सभी हाउस के बच्चों के बीच रंगोली प्रतियोगिता भी करवाई गई। प्रिंसिपल गगन सूद ने बताया कि वर्ष भर में सभी त्योहारों को धूमधाम से मनाया जाता है, ताकि बच्चे भारतीय संस्कृति से जुड़े और अपना विकास करें। (अनंत ज्ञान)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और 'स्माइल ट्रेन' एनजीओ के बीच एमओयू साइन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। मुख्य चिकित्सा अधिकारी जिला कांगड़ा डॉ. राजेश गुलेरी ने जानकारी देते हुए कहा कि कटे होंठ और कटे तालु वाले बच्चों के इलाज के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और स्माइल ट्रेन एनजीओ के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। स्माइल ट्रेन के माध्यम से सिटी अस्पताल कांगड़ा और डॉ. एएस ठाकुर मेमोरियल मल्टी स्पेशलिस्ट अस्पताल हमीरपुर में कटे होंठ और कटे तालु वाले बच्चों के निशुल्क ऑपरेशन किए जाएंगे। बच्चों के चिकित्सा दस्तावेज जिला स्तर पर फील्ड स्वास्थ्य कर्मचारियों द्वारा प्रस्तुत किए जाएंगे और उसके बाद उन्हें सर्जरी के लिए अस्पतालों में भेजा जाएगा

फतेहपुर में प्राकृतिक मक्की की खरीद शुरू

अनंत ज्ञान, फतेहपुर। अनाज मंडी फतेहपुर में खुले मक्की खरीद केंद्र में अब तक विभाग द्वारा 63 किसानों से करीब 230 क्विंटल मक्की खरीदी जा चुकी है। जानकारी देते हुए विभागीय कर्मचारी मिस्टर विशाल ने बताया कि कृषि विभाग के आतमा प्रोजेक्ट के तहत प्राकृतिक खेती के लिए फतेहपुर से कुल 138 किसान पंजीकृत हैं। इनमें 63 किसानों से लगभग 230 क्विंटल मक्की 3000 रुपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदी जा चुकी है। उक्त खरीद केंद्र पर सिर्फ प्राकृतिक खेती द्वारा तैयार मक्की ही खरीदी जा रही है। उन्होंने बताया कि आने वाले दो-तीन दिन तक फतेहपुर में मक्की की खरीद की जाएगी।

नौरा कॉलेज में करवाई रंगोली प्रतियोगिता

अनंत ज्ञान, पालमपुर। अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय नौरा में प्राचार्य

राजेश कुमार की अध्यक्षता में सांस्कृतिक इकाई द्वारा दीपावली महोत्सव के उपलक्ष्य में रंगोली एवं लिखणु प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के 26 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर मनीषा और वंशिका, द्वितीय स्थान पर तमन्ना और यशिका तथा तृतीय स्थान पर अंकिता और रश्मा रही। लिखणु प्रतियोगिता में सिमरन और नम्रता प्रथम, द्वितीय स्थान पर बबीता तथा तृतीय स्थान सलोनी रही।

रंगोली प्रतियोगिता में टैगोर सदन प्रथम

अनंत ज्ञान, गगल। आदर्श मॉडल पब्लिक स्कूल तियारा में दिवाली के शुभ अवसर पर छात्रों द्वारा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताकी जानकारी

देते हुए स्कूल की प्रधानाचार्य अंजना ने बताया के रंगोली प्रतियोगिता में भाग लेने वाले शिवा जी, भगत सिंह, राजगुरु तथा टैगोर सदनों ने भाग लिया। जिसमें प्रथम स्थान पर टैगोर सदन रहा, द्वितीय स्थान पर शिवाजी सदन तथा तृतीय स्थान पर भगत सदन रहा। इस शुभ अवसर पर संस्था के अध्यक्ष सुभाष चंद धलोरिया ने सभी छात्रों को दिवाली के शुभ अवसर पर बधाई देते हुए विजेता सदनों को मुबारकवाद दी और उन्हें दिवाली में पटाखों से सावधान रहने के लिए सचेत किया और दिवाली जैसे पर्व के महत्व को समझाया।

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने जागरूक किए नौनिहाल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, क्षेत्रीय कार्यालय

धर्मशाला की वैज्ञानिक अधिकारी सतविंदर कौर की अगुवाई में विभाग की टीम ने राजकीय प्राथमिक पाठशाला दाड़ी में दीपावली पर्व के दौरान चलाए जा रहे जागरूकता व सह-संवेदीकरण अभियान के तहत विभिन्न कक्षाओं के लगभग 50 छात्रों को जागरूक किया गया। विद्यार्थियों को बताया गया कि वे पटाखों का उपयोग कम से कम करके महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। छात्रों को पटाखे फोड़ने से होने वाले वायु प्रदूषण और ध्वनि प्रदूषण के बारे में भी जागरूक किया गया और मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण पर इसके दुष्प्रभाव के बारे में भी जागरूक किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की तरफ से रिफ्रेशमेंट भी वितरित की गई।

भाली में फोरलेन कंपनी के तारकोल प्लांट के विरोध में ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

अनिल छांगू, जवाली

उपमंडल ज्वाली के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत भाली के स्थानीय लोगों ने फोरलेन निर्माण कंपनी द्वारा लगाए गए तारकोल प्लांट के विरोध में प्रदर्शन किया, जिसमें लोगों ने निर्माण कंपनी के अधिकारियों को तारकोल प्लांट न चलाने के लिए कहा। स्थानीय निवासियों का कहना है कि जब से यह प्लांट यहां पर लगने लगा था, तब से वे इसका विरोध कर रहे हैं पर प्रशासन कुंभकर्ण की नींद सोया है और कंपनी यहां आवादी क्षेत्र में इस जहरीले तारकोल प्लांट को चला रही है। प्रदर्शन में उपप्रधान मुंशी राम, वार्ड सदस्य हरनाम सिंह, दर्शन जसवाल, केवल राणा, संजीव चौहान, कालू, बिंदु, रिंपू, प्रताप ठाकुर, चरण सिंह, कैप्टन प्यार सिंह राणा, दीपक कौंडल, नारी शक्ति व युवा उपस्थित रहे। उपप्रधान मुंशी राम ने कहा कि प्लांट से निकलने वाले धुएं से अब आम जनता को काफी अधीक परेशानी हो रही, जोकि स्वास्थ्य के लिए

हानिकारक है। वहीं, प्रदेश युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष व स्थानीय निवासी जितेंद्र धीमान ने कहा कि वे इस तारकोल प्लांट का विरोध शुरू से कर रहे हैं। उस समय अगर लोगों ने सहयोग किया होता तो आज यह प्लांट बंद होता। वहीं, डेढ़ वर्ष से इस तारकोल प्लांट का विरोध कर रहे शिकायतकर्ता व समाजसेवी अमन राणा ने कहा कि उसकी शिक़ायत पर प्रशासन ने जरा भी कार्रवाई नहीं की। इस मामले में फोरलेन निर्माण कंपनी व प्रशासन के विरुद्ध उन्हें उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ा। आम जनता के पक्ष में कोर्ट से कभी भी फैसला आ सकता है। (अनंत ज्ञान)

फोर्टिस कांगड़ा में टॉन्सिल्स एडनॉइड का बेहतरीन उपचार

आशीष दमीर, कांगड़ा

फोर्टिस अस्पताल कांगड़ा में कान, नाक व गले की हर बीमारी के इलाज की सुविधा उपलब्ध है। पीजीआई चंडीगढ़ से अपना विशेष अनुभव प्राप्त डॉ. किरूवाकरण एवं जाने-माने ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. सतीश शर्मा अपनी बेहतरीन सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। डॉ. किरूवाकरण ने बताया कि एंडोस्कॉपी तकनीक फोर्टिस अस्पताल कांगड़ा में उपलब्ध है और इस तकनीक का लाभ मरीज उठा रहे हैं। फोर्टिस अस्पताल कांगड़ा में टॉन्सिल्स और एडनॉइड का उपचार,

डॉ. सतीश शर्मा

डॉ. किरूवाकरण

गले के कैंसर की स्क्रीनिंग, कान का दर्द, स्कलवेस सर्जरी, एलर्जी का इलाज, कान, नाक व गले के सभी रोगों का उपचार उपलब्ध है। फोर्टिस अस्पताल कांगड़ा के मैनेजमेंट रिप्रेजेंटेटिव दीपक लट्टू ने कहा कि अस्पताल में अन्य सभी विभागों के साथ-साथ ईएनटी में भी आयुष्मान भारत योजना के तहत इनडोर सेवाएं निशुल्क उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि फोर्टिस अस्पताल कांगड़ा का यह निरंतर प्रयास रहा है कि हर जरूरतमंद को बेहतरीन उपचार सुविधा प्राप्त हो। (अनंत ज्ञान)

सालगिरह मुबारक

मसल (ओच्छ) के तरुण चौधरी और सविता को शादी की सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सएप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

सरकार के खिलाफ फूटा विद्युत कर्मियों का गुस्सा, किया प्रदर्शन

कर्मचारियों ने जिले भर में कई जगहों पर मांगों को लेकर बुलंद की आवाज

अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां

बिजली बोर्ड के कर्मचारियों ने ज्वाइंट फ्रंट के आह्वान पर सोमवार को एक दिन का सांकेतिक धरना-प्रदर्शन बिजली बोर्ड नगरोटा बगवां मंडल के प्रांगण में किया गया, जिसमें विभिन्न मुद्दों के ऊपर चर्चा की गई तथा हिमाचल सरकार से मांग की गई कि जो 51 पोस्ट बिजली बोर्ड में खत्म की है, उन्हें दोबारा बहाल किया जाए तथा आउटसोर्स पर तैनात 81 ड्राइवर की सेवाएं बहाल की जाए और स्थायी नीति बनाई जाए। बिजली बोर्ड में पुरानी पेंशन योजना शीघ्र लागू की जाए। इसके साथ बिजली बोर्ड में लगभग 1030 पद टेक्निकल स्टाफ के स्वीकृत पड़े हैं, उनकी जल्द से जल्द नियुक्ति दी जाए तथा बिजली बोर्ड में वर्तमान ढांचे से कोई भी छेड़छाड़ न की जाए। ज्वाइंट फ्रंट मांग करता है कि जो समझौता 2010 में बिजली बोर्ड का सरकार

नगरोटा बगवां में धरना-प्रदर्शन करते बिजली बोर्ड के कर्मचारी।

के साथ हुआ था, उसमें किसी भी प्रकार की छेड़खानी नहो तथा बिजली बोर्ड की संपत्तियों को दूसरे उपक्रमों में ट्रांसफर न किया जाए। इस प्रदर्शन में सभी कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसमें विशेष रूप से आउटसोर्स पर तैनात कर्मचारी वरिष्ठ अधिकारी और पेंशनर भारी संख्या में मौजूद रहे।

जयसिंहपुर। बिजली बोर्ड के विभिन्न कर्मचारी संगठनों ने ज्वाइंट फ्रंट के अंतर्गत विद्युत उपमंडल जयसिंहपुर के प्रांगण में केंद्रीय कार्यकारणी के आह्वान पर बिजली बोर्ड प्रबंधन की कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ-धरना दिया। यूनियन के प्रधान रमेश कुमार ने सरकार के समक्ष कुछ मांगे रखी हैं। बोर्ड मैनेजमेंट ने उनकी मांगें नहीं मानी तो लंबे संघर्ष के लिए तैयार रहे। यूनियन कर्मचारी हितों के लिए इस संघर्ष को सड़क से विद्युत बोर्ड मुख्यालय और विधानसभा तक ले जाने के लिए तैयार हैं। इसी तरह विद्युत मंडल बैजनाथ के कार्यालय में भी कर्मियों ने मांगें न माने जाने पर प्रदेश सरकार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया।

फतेहपुर में एक घंटा किया धरना-प्रदर्शन

फतेहपुर। प्रदेश विद्युत विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सोमवार दोपहर बाद एक बजे से लेकर दो बजे तक मंडल कार्यालय फतेहपुर में धरना-प्रदर्शन किया। जानकारी देते हुए सहायक अभियंता अभिजीत सिंह ने बताया ज्वाइंट फ्रंट के आह्वान पर एक घंटे के लिए धरना-प्रदर्शन किया गया है। उन्होंने कहा कि हाल ही में सरकार द्वारा विभाग के 51 इंजीनियर के पद खत्म करने व आउटसोर्स पर रखे 81 ड्राइवरों को पदमुक्त करने का फैसला सुनाया है, जिसके विरोध में सोमवार को पूरे प्रदेश में एक घंटे के लिए प्रदर्शन किया गया है। सरकार बिजली बोर्ड कर्मचारी विरोधी फैसलों को वापस नहीं लेती है, तब तक किसी न किसी तरीके से आंदोलन किया जाता रहेगा। इस मौके पर रिटायर कर्मचारी भी समर्थन में खड़े रहे।

एंजल स्कूल भवारना शास्त्रीय सुगम संगीत में सेकेंड

राकेश डोगरा, डरोह। लड़कों की राज्य स्तरीय अंडर -14 खेलों का आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल नादौन में किया गया। इसमें 12 जिलों के विभिन्न स्कूलों ने भाग लिया।

जीसीएम एंजल पब्लिक स्कूल भवारना के बच्चों अथर्व, आर्य, प्रखर और शिवांश ने कांगड़ा जिला का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने अपनी अद्वितीय प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए शास्त्रीय सुगम संगीत में द्वितीय स्थान अर्जित करके विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रधानाचार्य समीर सूद ने संगीत अध्यापक अंकित और बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में इनाम जीतना उल्लेखनीय उपलब्धि है। (अनंत ज्ञान)

रंगीलू राम कपूर शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त

अनंत ज्ञान, बैजनाथ। राजकीय प्राथमिक विद्यालय अपर भेठ में सेवारत जेबीटी

अध्यापक रंगीलू राम कपूर 20 वर्ष की सक्रिय सेवा के बाद एलिमेंटरी विभाग से सेवानिवृत्त हो गए। 31 अक्तूबर को दीपावली पर्व की छुट्टियों के दृष्टिगत उनके सहयोगियों ने उन्हें विद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में भावभीनी विदाई दी और उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए उनकी सराहना की।

चेस प्रतियोगिता में साक्षी चौथे स्थान पर

अनंत ज्ञान, डरोह। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल घराणा की जमा दो कॉमर्स की

छात्रा साक्षी राणा पुत्री सुभाष चंद राणा ने राज्य स्तरीय चेस प्रतियोगिता में चौथा स्थान हासिल किया है। यह प्रतियोगिता बिलासपुर में आयोजित हुई।अब वह नेशनल खेलने जाएगी।साक्षी को इस महान उपलब्धि के लिए प्रधानाचार्य व स्कूल स्टाफ ने हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

कबीरपंथी सुधार सभा ने पालमपुर में की बैठक

अनंत ज्ञान, डरोह। हिमाचल प्रदेश कबीरपंथी समाज सुधार सभा तहसील पालमपुर इकाई की बैठक चंद्रोपा पंचायत की पूर्व प्रधान राम प्यारी पत्नी सुजीत कुमार के घर पर हुई। इस बैठक में जिला कांगड़ा के प्रधान मास्टर प्रताप चंद, पूर्व प्रधान कैप्टन धर्मवीर डोगरा, पूर्व तहसील प्रधान मिलाप कौशल भी शामिल हुए। इस मौके पर चंद्रोपा में एक नए सेल का गठन भी किया गया, जिसमें कर्मचंद को प्रधान, उपप्रधान मिल्खी राम, सचिव राजेश कुमार, सहसचिव सोनू कुमार, कोषाध्यक्ष राजकुमार, आयोजक कुलदीप भगवान कुमार व राम प्यारी, प्रेस सचिव अजय कुमार, मुख्य सलाहकार किरा राम, सलाहकार सुरजीत कुमार, सदस्य विकास भारती, जगदीश चंद्र, मती देवी व अंजना देवी को मनोनीत किया गया।

रंगोली प्रतियोगिता में ट्यूलिप सदन प्रथम

अनंत ज्ञान, गगल। त्रिगर्त पब्लिक स्कूल इच्छी में दिवाली के अवसर पर विभिन्न

प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए स्कूल के प्रिंसिपल रजिंदर मोहन ने बताया के स्कूल में प्रश्नोत्तरी, रंगोली चित्रकला और शिल्प आदि स्पर्धाएं कराई गईं। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में फ्रिजिया सदन प्रथम स्थान पर रहा। रंगोली प्रतियोगिता में ट्यूलिप सदन प्रथम स्थान पर रहा। चित्रकला और शिल्प में डेफ्फोडिल सदन प्रथम स्थान पर रहा। स्कूल के प्रिंसिपल और स्कूल स्टाफ ने बच्चों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इंस्पेक्टर पर हमले के आरोपियों पर हो कड़ी कार्रवाई

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के निरीक्षक पर हुए जानलेवा हमले के विरोध में सोमवार को विभाग के कर्मचारियों ने उपायुक्त हेमराज बैरवा को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने अपने ज्ञापन में उपायुक्त से अनुरोध किया कि निरीक्षक पर हमले में शमिल आरोपियों के खिलाफ कड़ी से कडी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में किसी भी कर्मचारी के साथ इस प्रकार की घटना न घटे। वहीं, डीसी ने मामले में उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

विद्यार्थी पर्यावरण संरक्षण को बनाए जीवन का आधार

बैजनाथ। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति के प्रदेश उपाध्यक्ष रविंदर बिट्टू ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कृष्णानगर में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर के समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया। रविंदर बिट्टू ने एनएसएस शिविर में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन में शिक्षा संस्कृति, प्रकृति संरक्षण, कला एवं सामजिक कार्यों को अपने जीवन का आधार तय कर लक्ष्य बनाना चाहिए। एनएसएस के विद्यार्थियों द्वारा दी जा रही सेवाओं एवं जागरूकता अभियानों से एक नई ऊर्जा के साथ समाज को मजबूत करने में अपनी अहम भूमिका निभाई जा रही है।

नगरोटा में जाति-धर्म के आधार पर कोई भेदभाव नहीं : मान सिंह

अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां

नगरोटा के ओबीसी भवन में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एवं ओबीसी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष निर्मल पराशर चौधरी की अध्यक्षता में प्रेस वार्ता आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य झूठे तथ्यों के आधार पर कैबिनेट रैंक आरएस बाली के खिलाफ षड्यंत्र के बारे में स्पष्टीकरण देना रहा। प्रेस वार्ता में चौधरी मान सिंह, निर्मल पराशर, निर्मल नब्बु, सुमित्र मसंद और मेहर चंद ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में कुछ शरारती तत्वों के षड्यंत्र के कारण लोगों में झूठा भ्रम फैलाने की कोशिश की जा रही है।

उन्होंने कहा कि जैसा भ्रम फैलाया जा रहा है ऐसी किसी तरह की कोई भी घटना घटित नहीं हुई थी। उन्होंने कहा कि नगरोटा विधानसभा क्षेत्र में सभी जाति, धर्म के लोगों का एक समान विकास हो रहा है यहां कभी किसी के साथ जाति व धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं होता। जिस घटना को लेकर झूठे आरोप लगाए गए हैं, वह कार्यकर्ताओं का एक आपसी झगड़ा था और ऐसा कोई परिवार नहीं होता है, जिसमें कभी झगड़े नहीं होते। जिनका झगड़ा हुआ था, प्रेस वार्ता में उन्होंने स्वयं अपनी बात रखी। सभी ने सोशल मीडिया के ऊपर वायरल वीडियो का खंडन किया है। उन्होंने बताया कि किसी के साथ धक्का-मुक्की नहीं की गई थी, बल्कि आरएस बाली द्वारा अपने कार्यकर्ताओं की कहासुनी की सूचना मिलते ही उन्हें बुलाकर उनकी आपसी सुलह उनके द्वारा करवाई गई थी।

कर्मियों ने केसीसी बैंक के अध्यक्ष का जताया आभार

पंचरुखी। कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक के कर्मचारियों ने दीपावली के अवसर पर बैंक के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया को हार्दिक बधाई दी व कर्मचारियों की बोनस राशि और महंगाई भत्ते में 38 प्रतिशत से बढ़ाकर 42 प्रतिशत तक वृद्धि किए जाने के लिए आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद किया। बैंक के कर्मचारियों ने अध्यक्ष का वेतनमान बकाया राशि जारी करने के लिए भी आभार व्यक्त किया, जो सभी श्रेणियों के कर्मचारियों को प्रदान की गई है। अध्यक्ष ने कर्मचारियों की विभिन्न मांगों पर भी सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और आश्वासन दिया कि उच्च पद पर पदोन्नति सहित अन्य मांगों को भी शीघ्र ही मंजूरी दी जाएगी।

प्राइवेट बस नाले में लुढ़की 10 सवारियां हुईं घायल

अनंत ज्ञान, जवाली। सोमवार सुबह जवाली मार्ग पर बड़ा हादसा घटित हुआ है। एक निजी बस टैरेस से जवाली की तरफ आ रही थी कि समलाना में वियर फैक्टरी के पास अनियंत्रित होकर नाले में उतर गई, जिस कारण चालक सहित सवारियों को चोटें आई हैं। बस में 15-20 सवारियां बैठी थीं, जिनमें नौ महिलाओं और एक व्यक्ति को चोटें आई हैं। बस के पलटने की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौका पर एकत्रित हो गए तथा चालक सहित सवारियों को बाहर निकाला। घायलों को एंबुलेंस की मदद से सिविल अस्पताल जवाली उपचार हेतु पहुंचाया गया, जिनका उपचार चल रहा है, जबकि एक घायल राकेश कुमार को टांडा में रेफर किया गया है।

विभाग ने रैहन व जवाली में भरे मिठाइयों के 16 सैंपल

अनंत ज्ञान, फतेहपुर। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने सोमवार को कस्बा रैहन व जवाली में मिठाई का दुकानों का ओचक निरीक्षण करते हुए करीब 11 दुकानों से भिन्न -भिन्न किस्म की मिठाइयों के 16 सैंपल भरते हुए जांच के लिए भेज दिए हैं। इस बारे जानकारी देते हुए खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉक्टर अभिषेक ठाकुर ने बताया आज के औचक निरीक्षण अभियान दौरान भिन्न -भिन्न दुकानों से भिन्न -भिन्न मिठाइयों के 16 सैंपल भरकर कंडाघाट स्थित लैब को भेज दिए हैं। इनकी रिपोर्ट आगामी 3 -4 दिन में आ जाएगी। बताया रिपोर्ट सही न होने की सूरत में संबंधित दुकानदार को जुर्माना लगाने के साथ -साथ उसका लाइसेंस कैंसिल करने का भी प्रावधान है।

पंजाब के व्यक्ति से 262 ग्राम हेरोइन की बरामद

अनंत ज्ञान, इंदौरा। थाना डमटाल के अंतर्गत एक गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति जो कि अमृतसर के रहने वाला है, बस में आकर नशे की सप्लाई करता है जिसकी सूचना पुलिस को मिल चुकी थी उसके आधार पर नारकोटिक्स सेल द्वारा जब व्यक्ति गांव छन्नी बेली के पीछे इंदौरा मोड़ पर पहुंचा तब पुलिस ने अपना जाल बिछाया हुआ था तथा उसकी तलाशी के दौरान उसके पास से 262 ग्राम हेरोइन पकड़ने में सफलता प्राप्त की गई है। पकड़े गए आरोपी की पहचान कमलजीत सिंह पुत्र महेंद्र सिंह निवासी जिला अमृतसर पंजाब के तौर पर की गई है पुलिस ने आरोपी के खिलाफ डमटाल थाना डमटाल में मामला दर्ज किया है।

पालमपुर की टीम वालीबॉल विजेता

पालमुपर। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बलधर के युवाओं द्वारा शहीद कपूर चंद मेमोरियल वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। प्रतियोगिता में कुल 15 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला पालमपुर और लंज के बीच हुआ, जिसमें पालमपुर की टीम विजेता रही। प्रतियोगिता के समापन पर मुख्यातिथि सेवानिवृत्त डीपीओ श्रीकंठ चौधरी ने विजेता टीम को 5100 रुपए की इनामी राशि व ट्रॉफी प्रदान की। वहीं, पूर्व प्रधान निर्मल सिंह व नरेश चौधरी द्वारा उपविजेता रही लंज की टीम को 4100 रुपए व ट्रॉफी प्रदान की गई।

आश्वासन — सांसद बनने के बाद पहली बार बैजनाथ पहुंचे डॉ. राजीव भारद्वाज ने कहा...

केंद्रीय मंत्री के समक्ष उठाएंगे उतराला-होली मार्ग का मुद्दा

जितेंद्र कौशल, बैजनाथ

कांगड़ा-चंबा लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने कहा है कि उतराला-होली मार्ग के निर्माण लिए शीघ्र ही केंद्र के सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से बात करेंगे तथा सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माने जाने वाले इस मार्ग के निर्माण में आने वाली सभी बाधाओं को दूर किया जाएगा। भारद्वाज लोकसभा सांसद बनने के बाद पहली दफा बैजनाथ पहुंचे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कांगड़ा-जोगिंद्रनगर ट्रैक पर बंद

पड़ी सभी रेलगाड़ियां को शीघ्र चलाया जाए, इस दिशा में भी केंद्रीय रेल मंत्री से विचार-विमर्श करेंगे। उन्होंने कहा कि कांगड़ा और चंबा को पर्यटन की दृष्टि से धार्मिक सर्किट के माध्यम से जोड़ा जाएगा, ताकि बाहरी प्रदेशों और देश से आने वाले पर्यटक यहां एक-दो दिन ना ठहरकर 8-10 दिन यहां की वादियों में खूबसूरती का आनंद लें। सभी शक्तिपीठों बैजनाथ शिव मंदिर और चंबा जिला के चौरासी और भरमौर क्षेत्र को भी इस सर्किट के माध्यम से जोड़ा जाएगा।

सांसद ने कहा कि पालमपुर रोपवे का निर्माण भी जल्द मुकम्मल किया जाएगा तथा संसदीय क्षेत्र में उद्योग स्थापित करने के की दिशा में भी उच्च स्तरीय कार्य किया जाएगा ताकि यहां के युवाओं को रोजगार मिल सके। उन्होंने कहा कि शानन विद्युत परियोजना को भी प्रदेश सरकार को सौंपने की दिशा में कार्य किया जाएगा, बशर्ते प्रदेश सरकार अपना पक्ष केंद्र सरकार के समक्ष रखे।

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

NOTICE

I, No-20011016A Rank L/NK Ankit Koundal 18 Dogra R/ O Village Hiran, PO Kohala, Teh Jawalamukhi , Distt Kangra H.P. declare that in my Army Service Rcord my mother name is wrongly entered as Anita Koundal. My mother name should be corrected as Anita Kumari.

व अदालत तहसीलदार प्रथम श्रेणी एंव कार्यकारी दंडाधिकारी नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा।

मिसल नं.1199/तह. 2024(RMS)
ता.दा. 07-10-2024
ता. पेशी 23-11-24

अनुमान मुकदमा

प्रार्थीया श्री मति पवना देवी पुत्री जोध राम वर्तमान पत्नी सुभाष चंद निवासी गाव व. डाकघर हटवास, तहसील गगरोटा बगवां, जिला कांगडा।

प्रार्थी पक्ष

वनाम आम जनता

प्रत्याक्षी पक्ष

विषय: प्रार्थना पत्र जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969 की जेर धारा 13(3) के अंतर्गत जन्म तिथि 17-06-1970 को ग्राम पंचायत हटवास के रिकार्ड में दर्ज करने वारे।

अखवारी ईश्तहार:- प्रार्थीया श्री मति पवना देवी पुत्री जोध राम वर्तमान पत्नी सुभाष चंद निवासी गाव व. डाकघर हटवास तहसील नगरोटा बगवां कांगड़ा ने जन्म तिथि पंजीकरण वारे न्यायालय में उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र पेश किया है कि मेरा जन्म दिनांक 17-06-1970 को ग्राम पंचायत हटवास में हुआ। परंतु किसी कारण संबंधित ग्राम पंचायत के रिकार्ड में दर्ज न करवा सके। दर्ज करने का आग्रह किया है

अतः इस अदालती अखबारी ईश्तहार कोर्ट नोटिस द्वारा आम जनता व सगे संबंधियों को एतद द्वारा सूचित किया जाता हैं कि यदि किसी को भी इस जन्म तिथि पंजीकरण करने बारे कोई एतराज हो तो वह स्वयं बजरिया कौंसल एतराज दिनांक 23-11-2024- को अदालत में पेश कर सकते हैं। हाजिर न आने की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। और नियमानुसार जन्मतिथि पंजीकरण के आदेश पारित कर दिए जाएगें। आज दिनांक 24-10-2024 को गैरे हस्ताक्षर मोहर सहित जारी हुए।

कार्यकारी दंडाधिकारी, तहसील नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

न्यूज ब्रीफ

नशे और सामाजिक उत्थान के बारे जागरूक किया

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। सीनियर सेकेंडरी स्कूल जंगलबेरी में चल रहे सात दिवसीय एनएनएस कैंप के समापन समारोह में आदर्श प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जंगलबेरी के इंचार्ज व हमीरपुर मेडिकल ऑफिसर एसोसिएसन के अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा ने बच्चों को नशे और सामाजिक उत्थान के बारे जागरूक किया। डॉ. डोगरा ने कहा कि जब कोई भी नशे का अधिक सेवन करता है, तो उसकी मनोदशा में बदलाव, मेमोरी लॉस और स्पष्ट रूप से सोचने और समस्याओं को हल करने में परेशानी हो सकती है। ये सामान्य अल्पकालिक दुष्प्रभाव हैं। नशा मस्तिष्क में डोपामिन के स्तर में भी गिरावट लाता हैं, जिससे उनके व्यवहार में काफी बदलाव आ जाता हैं। उन्होंने कहा एनएसएस का आदर्श वाक्य 'नॉट मी, बट यू' है। एक एनएसएस स्वयंसेवी 'स्वयं' से पहले 'समुदाय' को स्थान देता है। यह शिक्षा के तीसरे आयाम का हिस्सा है। शैद्धतिक शिक्षा के साथ निरंतर व्यावहारिक समाजोपयोगी शिक्षा देने में विश्वविद्यालय कितना सक्रिय है, कितना सक्षम है वह एनएसएस की सफलता में निहित है। एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर वीरेंद्र कुमार और जितेंद्रा ठाकुर के वाइस प्रिंसिपल दिनेश, विनोद कुमार,बेनी चंद, कमलजीत, विजय कुमार,और स्वयं सेवियों ने डॉक्टर सुरेंद्र सिंह डोगरा का स्कूल पहुंचने पर स्वागत किया। इस मौके पर हेल्थ वर्कर रूचि राणा और सौरव ठाकुर उपस्थित थे।

होनहार छात्र-छात्राओं को मेरिट सर्टिफिकेट बांटे

एसके ठाकुर, बड़सर। बाबा बालकनाथ वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चकमोह के 10 छात्र-छात्राओं ने हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की मेरिट सूची में स्थान पाने वाले छात्रों प्रशांत शर्मा, हिमांशु शर्मा, शबनम, साहिल, अंजलि, साक्षी डटवलिया, ध्रुव कतना, आयुष संख्यान, शगुन एवं अमित को स्कूल प्रधानाचार्य संजीव कुमार ने मेरिट सर्टिफिकेट प्रदान किए तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए अपना आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर अध्यापकों एवं अभिभावकों ने बच्चों की इस उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधन का आभार व्यक्त किया।

धूमधाम से मनाया पारितोषिक वितरण समारोह

अनंत ज्ञान, जाहू। शिशु निकेतन पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल दसमल ने अपना वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर शिव प्रकाश शर्मा रिटायर सब इंस्पेक्टर स्पेशल इन्वेस्टिगेशन यूनिट हिमाचल प्रदेश ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की, जिनका स्कूली बच्चों व अध्यापकों ने जोरदार स्वागत किया। मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन के बाद कार्यक्रम शुरू किया गया। बच्चों ने सरस्वती वंदना, नृत्य नाटिका, लोकगीत, भावगीत तथा सीमा रेखा एकांकी का भव्य मंचन किया। मुख्यातिथि ने मेधावी तथा विभिन्न क्षेत्रों में अव्वल रहने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया। उन्होंने विद्यालय के अनुशारान तथा परीक्षा परिणाम की प्रशंसा की तथा जीवन में नैतिक मूल्यों के विकास पर बल दिया। स्कूल के प्रधानाचार्य प्रदीप शर्मा ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट द्वारा विद्यालय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। विद्यालय के व्यवस्थापक भागीरथ शर्मा ने उपस्थित लोगों तथा मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर की गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

सुभाष डटवलिया ने गारली के मेधावी किए सम्मानित

अनंत ज्ञान, बड़सर। सोमवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गारली में मनाया गया। इसमें मुख्यतिथि सुभाष ढटवालिया पूर्व प्रत्याशी कांग्रेस बड़सर का गारली बाजार में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। स्कूल तक ढोल-नगाड़ों के साथ स्कूल में लेकर गए। ढटवालिया ने गारली स्कूल के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मेधावी छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया। स्कूल प्रिंसिपल संजय धीमान ने वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए तथा खूब वाहवाही लूटी। इस मौके पर विशेष रूप से जिला महासचिव पवन कालिया, डैनी जसवाल, राजेश कुमार प्रधान, संजय शर्मा, सुमन शर्मा, केवल कृष्ण, पवन शर्मा, विकाश शर्मा, संजय सुहारु, रामदास, कृष्ण कुमार, सुशील शर्मा आदि भी उपस्थित रहे।

विद्यार्थियों को बताई बैंकिंग योजनाएं

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) हमीरपुर ने सोमवार को राजकीय उच्च पाठशाला पनयाली में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें मुख्य जिला अग्रणी प्रबंधक टशी नमग्याल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मुख्य जिला अग्रणी प्रबंधक टशी नमग्याल और आरसेटी के निदेशक अजय कुमार कतना ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को विभिन्न बैंकिंग योजनाओं, जीवन बीमा एवं पेंशन योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने डिजिटल बैंकिंग के बारे में भी बताया तथा साइबर ठगी से बचाव के उपायों से अवगत करवाया।

छात्राओं ने सिंगल यूज प्लास्टिक किया एकत्रित

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भलेठ में विद्यार्थी विप्रो अर्थियन के तहत कचरा और प्लास्टिक पर काम कर रहे हैं। विद्यालय व आसपास के क्षेत्र से कचरा इकट्ठा कर उसे पृथक करने के बाद उसे प्रबंधित करने का प्रयास किया जा रहा है। प्रधानाचार्य मंजरी वी महाजन के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने 5 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक विद्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्र से एकत्रित कर उसे दारला पंचायत में जमा करवाया। पंचायत की प्रधान रीना कुमारी ने प्रधानाचार्य व विप्रो अर्थियन का धन्यवाद करते हुए कहा कि पंचायत को प्लास्टिक मुक्त बनाने में विद्यालय प्रशासन व प्रबंधन का यह प्रयास बहुत सराहनीय है। विप्रो अर्थियन के माध्यम से विद्यार्थी कचरा निपटान से संबंधित विभिन्न गतिविधियां कर रहे हैं और समाज और पर्यावरण की भलाई में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

बिजली बोर्ड में सुधारों के नाम पर समाप्त किए पदों को लेकर किया धरना-प्रदर्शन

बोले-मुख्यमंत्री के बार-बार आश्वासन के बावजूद पुरानी पेंशन नहीं की गई बहाल

अनिल कुमार, हमीरपुर

बिजली बोर्ड कर्मचारी व अभियंता, पेंशनर ज्वाइंट फ्रंट के आह्वान के तहत धरना-प्रदर्शन किया गया।

बिजली बोर्ड कर्मचारी व अभियंता, पेंशनर ज्वाइंट फ्रंट के आह्वान के तहत हमीरपुर में मुख्य अभियंता विद्युत प्रणाली व मुख्य अभियंता परिचालन हमीरपुर जोन कार्यालय के सामने धरना-प्रदर्शन किया गया। धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने प्रदेश सरकार व प्रबंधन से मांग कि गई कि बिजली बोर्ड में सुधारों के नाम पर बनाई गई कैबिनेट सब कमेटी कि सिफारिशों के तहत 51 अभियंताओं के कार्यतमक पदों के साथ 81 आउटसोर्स ड्राइवरों की सेवाएं समाप्त कर दी गई है जो पिछले 10-12 वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इन समाप्त किए गए पदों के साथ साथ आउटसोर्स ड्राइवरों की सेवाएं भी बहाल की जाएं।

यह भी मांग की गई कि प्रदेश सरकार द्वारा गठित कैबिनेट सब कमेटी द्वारा दी गई सिफारिश पर पुनर्विचार किया जाए। वर्ष 2010 में बिजली बोर्ड के पुनर्गठन के समय प्रदेश सरकार व कर्मचारी व अभियंता ज्वाइंट फ्रंट के मध्य हुए समझौते का पालन किया जाए व बिजली बोर्ड से कोई भी संपत्ति किसी दूसरे उपक्रम को स्थानांतरित की जाए। वक्ताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री के बार-बार

बिजली बोर्ड में विभिन्न पदों पर 9 हजार पद खाली होने से बढ़ा वर्कलोड

आश्वासन देने के बावजूद आज दिन तक बिजली बोर्ड ने लगभग 6500 कर्मचारियों को पुरानी पेंशन बहाल नहीं की गई है, जबकि 48 करोड़ रुपए एनएसडीएल के पास एम्परागर शेवर के रूप में प्रतिवर्ष जा रहा है, जबकि बिजली बोर्ड में पुरानी पेंशन लागू करने पर लगभग मात्र 9 करोड़ रुपए प्रतिवर्ष खर्च आएगा।

बिजली बोर्ड में प्रदेश सरकार के साथ ही पेंशन रूल 1972 के तहत वर्ष 1974 में पुरानी पेंशन प्रणाली लागू हो गई थी। बिजली बोर्ड में पुरानी पेंशन लागू न होना कर्मचारियों के साथ भेदभाव हो रहा है। बिजली बोर्ड में कर्मचारियों-पेंशनरों के डेढ़ वर्ष से वितीय लाभ जिसमें कर्मचारियों के ओवर टाइम, यात्रा भता के साथ, सेवानिवृति पर मिलने वाली ग्रेज्युटी व अर्जित अवकाश की बकाया राशि का भुगतान अति शीघ्र किया जाए। बिजली बोर्ड में 1030 टी मेट व हेल्पर श्रेणी के मई 2023 में भर्ती के लिए स्वीकृत पदों को 18 माह का लंबा समय गुजर जाने पर भी नहीं भरा गया है। इन पदों को अतिशीघ्र स्थाई नियुक्ति से भरा जाए।

बिजली बोर्ड में विभिन्न श्रेणियों के लगभग 9000 पद खाली पड़े हैं, इन पदों को भी अति शीघ्र पदोनती व सीधी भर्ती से भरा आए। प्रदेश सरकार से मांग कि जाती है कि इन मांगों के समाधान के लिए ज्वाइन फ्रंट को अतिशीघ्र बातचीत के लिए बुलाया जाए, अन्यथा ज्वाइंट फ्रंट संघर्ष का जो भी फैसला लेगा, उसमें जिला हमीरपुर का कर्मचारी, अभियंता व पेंशनर बढ़-चढ़कर भाग लेगा और संघर्ष को और तेज करेगा। इस धरना-प्रदर्शन को इन पेंशनर, कर्मचारी, अभियंता नेताओं से संबोधित किया।

कामेश्वर शर्मा, मनेश कुमार, राजेश कुमार, कृष्ण पॉल, मनोहर लाल, दीपक चौहान, विजय शर्मा, जितेंद्र धीमान, रमेश शर्मा, दलीप डटवालिया, अशोक शर्मा, मनोज कुमार, सुभाष, अमर सिंह, राज कुमार, सुमित गौतम सुरेश वर्मा, पवन कुमार, डिंपल, सुशील, मनोज कुमार, वीरेंद्र कुमार, रवि कुमार उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

सोहारी बाजार में एक माह से पानी के लिए मचा हाहाकार

स्थानीय दुकानदार ट्राले में कोडरा कुआं से पानी भरकर स्वयं आपूर्ति करते हुए।

एसके ठाकुर, बड़सर

उपमंडल बड़सर के सोहारी कस्बा बाजार में एक महीने से स्थानीय लोग तथा छोटा-मोटा कारोबार करने वाले दुकानदार पेयजल समस्या से परेशान हैं। उनका कहना है कि पिछले लगभग एक महीने से कस्बा बाजार में पीने के पानी की भारी किल्लत चल रही है। इसके चलते लोगों को पेयजल के लिए कोडरा पंचायत में बने कुआं से ट्राला में भरकर पेयजल आपूर्ति करना पड़ रही है।

स्थानीय दुकानदारों में अशोक कुमार, मदनलाल, मोहिंद्र शर्मा, गर्ग मोहित कुमार, राज कुमार, पवन कुमार, अश्विनी कुमार ने बताया कि सोहारी बाजार की पेयजल समस्या के बारे में कई बार जल शक्ति विभाग के कर्मचारियों अधिकारियों को मौखिक तथा टेलीफोन के माध्यम से अवगत करवाया गया है परंतु पेयजल समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि राजनेता भी वोटों के समय में ही याद करते हैं, लोगों को कोई समस्या आने पर वह कन्नी काटना शुरू कर देते हैं। (अनंत ज्ञान)

क्या कहते हैं कनिष्ठ अभियंता

सोहारी कस्बे में पेयजल समस्या बराबर बनी हुई है। इसके हल के लिए विभाग द्वारा पुरानी पाइप को बदलने के लिए टेंडर लगा दिया है, बहुत जल्द सोहारी में पेयजल समस्या हल हो जाएगी।

मदन बने दी सोरड़ सहकारी सभा के अध्यक्ष

रंगस। दी सोरड़ सहकारी सभा के सोमवार को हुए चुनावों में मदन सिंह को दोबारा सर्वसम्मति से प्रधान चुन लिया गया। जानकारी देते हुए सभा के सचिव अशोक कुमार ने बताया कि चुनाव अधिकारी दिनेश कुमार की देख-रेख में हुए चुनावों में उपप्रधान गुरदेव चंद, जबकि सदस्य हंसराज, राज कुमार, सुभाष चंद, अजीत सिंह व दलीप सिंह को बनाया गया।

कैबिनेट सब-कमेटी बिजली बोर्ड के ढांचे को कर रही बर्बाद : खरवाड़ा

अनंत ज्ञान, नादौन

बिजली बोर्ड में पद समाप्ति व आउटसोर्स कर्मचारियों की छंटनी के आदेशों के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन करते कर्मचारी।

हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स के ज्वाइंट फ्रंट के आह्वान पर विद्युत मंडल गगाल के कॉम्पलेक्स में कर्मचारियों व पेंशनरों ने संयुक्त रूप से प्रदेश सरकार द्वारा बिजली सुधारों के नाम पर गठित की गई कैबिनट सब-कमेटी द्वारा लिए जा रहे निर्णयों के विरोद्ध में धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया।

इस मौके पर विद्युत बोर्ड कर्मचारी यूनियन के संयुक्त सचिव पंकज परमार, जिला संगठन सचिव राकेश चौधरी, विपन शर्मा, नादौन इकाई के अध्यक्ष नितिश भारद्वाज, सचिव रजत कौंडल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशीष शर्मा, पेंशनर्स की ओर से ई. लाल चंद परमार, ई. एसएस चंबयाल, ई. वीके शर्मा, राजकुमार चौधरी, विधि चंद सनोरिया ने धरने पर उपस्थित प्रदर्शनकारियों को प्रदेश सरकार द्वारा गठित कैबिनट सब-कमेटी द्वारा पद समाप्ति व आउटसोर्स कर्मचारियों के छंटनी आदेशों को तुरन्त वापस लेने की मांग करते हुए कहा कि कैबिनट सब-कमेटी एक तरफा निर्णय लेकर के बिजली बोर्ड व कर्मचारियों के हितों कि खिलाफ निर्णय ले रही है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित विद्युत बोर्ड इंप्लाइज यूनियन के पूर्व में रहे प्रदेश अध्यक्ष व विद्युत बोर्ड पेंशनर्स फोरम के जिला अध्यक्ष हमीरपुर कुलदीप सिंह खरवाड़ा ने कहा कि बिजली सुधारों के नाम पर गठित की गई सब-कमेटी एक पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत आगे बढ़ रही है और निर्णय ले रही है और बिना किसी चर्चा के ज्वाइंट फ्रंट को विश्वास में लिए बगैर कैबिनट सब-कमेटी बिजली बोर्ड के ढांचे को तहस-नहस कर बर्बादी की दिशा में आगे बढ़ रही है जोकि अत्यन्त दुर्भाग्यपूर्ण है।

खरवाड़ा ने मुख्यमंत्री सुक्खू से वार्ता के माध्यम से बिजली सुधारों के लिए आगे बढ़ने की मांग की है।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत निकाली रैली

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो हमीरपुर कार्यालय द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत शहर में एक जागरूकता रैली सोमवार को निकाली गई। एएसपी विजिलेंस हमीरपुर रेणू शर्मा की अध्यक्षता में स्कूलों के छात्रों ने गांधी चौक से लेकर अस्पताल चौक तक जागरूकता रैली निकाली और लोगों को भ्रष्टाचार के प्रति जागरूक किया।

छात्रों ने शहर में नारे लगाते हुए कहा कि 'भ्रष्टाचार मिटाना है, देश को बचाना है। जन-जन को जगाना है, भ्रष्टाचार को दूर भगाना है के नारों से लोगों को जागरूक किया गया। गर्ल्स स्कूल हमीरपुर और बाल स्कूल हमीरपुर के छात्रों ने अपने गाइड टीचरों की देख-रेख में भ्रष्टाचार मिटाने को लेकर स्कूल से लेकर गांधी चौक तक जागरूकता रैली निकाली। प्रदेशभर में सतर्कता जागरूकता सप्ताह तीन नवंबर तक मनाया जाएगा।

कैहरवीं में सोलर लाइटें खराब

अनंत ज्ञान, भोरंज। उपमंडल भोरंज के तहत पंचायत कैहरवीं के अंतर्गत आने वाले गांव कैहरवीं रुढ़ाण लपोढ़ू परोल आदि गांवों में विधायक निधिसे पूर्व सरकार के समय यह सोलर लाइटें लगाई गई थीं परंतु कुछ अरसे से ये लाइटें खराब होना शुरू हो गई। पंचायत प्रधान गौरव शर्मा ने बताया कि हमने पहले भी 35 लाइटों को ठीक करवाया था अब जो लाइटें कैहरवीं मंदिर और एक सोलर लाइट पीपल के पास तथा एक लाइट गांव कैहरवीं के बीच खराब हुई है, उन्हें चेक करवा कर देखा जाएगा कि इनमें क्या खराबी है और जैसे ही बजट का प्रावधान होगा, इन्हें ठीक करवा दिया जाएगा क्योंकि इन लाइटों की लोगों को काफी सुविधा होती है जैसे कि सुनसान स्थानों पर काफी अंधेरा रहता है। जिन घरों से ये लाइटें नजदीक पड़ती है, उनमें रहने वाले वार्ड सदस्य मांगी राम, विनोद कुमार, ध्यानचंद आदि ने भी इनको शीघ्र ठीक करने की अपील की है।

बेवसाइट से ओटीपी न आने की वजह से पुलिस भर्ती का ऑनलाइन आवेदन करने से अभ्यर्थी वंचित

एसके शर्मा, जाहू। लोक सेवा आयोग की बेवसाइट में तकनीकि खराबी के चलते अभ्यर्थियों के लिए पुलिस भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन नहीं हो रहा है। लोक सेवा आयोग की बेवसाइट पर रजिस्ट्रेशन के लिए मोबाइल पर ओटीपी न आने की बजह से अभ्यर्थी फार्म नही भर पा रहे हैं। ओटीपी न आने की समस्या पिछले दो दिनों से लगातार चली हई है। अभ्यर्थियों सीता कुमारी, सरोज देवी, कमलेश कुमार, अशोक कुमार, कुलदीप कुमार, कमल कुमार, प्रदीप कुमार, शेर शिंह, अमन कुमार आदि ने बताया कि पिछले दो दिन से साइबर कैफे के चक्कर काटने के बावजूद भी फार्म ऑनलाइन नहीं हो पा रहा है। मोबाइल फोन पर ओटीपी नहीं आ रहे हैं। अंतिम तिथि 31 मार्च होने की बजह से अभ्यर्थियों को अपने फार्म भरने की चिंता सताने लगी है। पुलिस कांस्टेबल के 1088 पदों को भरने की प्रक्रिया शुरू कर है। 708 पुरुष और 380 महिला कांस्टेबल की भर्ती होगी। भर्ती में शामिल होने के लिए 31 अक्तूबर तक ऑनलाइन फार्म लिए जाएंगे। अन्य किसी भी माध्यम से फार्म जमा नहीं होंगे। विशेष पुलिस कांस्टेबल नशे की रोकथाम के लिए भर्ती किए जा रहे हैं। भर्ती परीक्षा पास करने वालों का डोप टेस्ट भी होगा। 18 से 25 वर्ष की आयु के अभ्यर्थी भर्ती के लिए पात्र होंगे। न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता बारहवीं कक्षा पास रखी गई है। अभ्यर्थियों ने प्रदेश सरकार से व राज्य लोक सेवा आयेग से मांग की है कि ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि को बढ़ाया जाए।

दिनभर साइबर कैफे व लोकमित्र के चक्कर काटने के बाद बिना आवेदन किए जाना पड़ रहा है घरों को

नशे को दूर करने के लिए सभी का सहयोग आवश्यक : एसपी

हमीरपुर। हमीरपुर जिले में वार अगेंस्ट ड्रग्स अभियान में सभी लोगों से सहयोग की अपील की। एसपी हमीरपुर भगत सिंह ने तभी जिला में बढ़ रहे नशे की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाया जा सकता है। यह बात पत्रकार वार्ता के दौरान एसपी हमीरपुर ने कही। उन्होंने कहा कि घर पर भी ऐसा वातावरण तैयार करना होगा जिससे बच्चे नशे की ओर न जाएं, साथ ही माता-पिता की भी जिम्मेदारी बहुत अहम होती जा रही है क्योंकि बचपन से ही बच्चों के साथ ऐसी ब्रांडिंग बनाए ताकि बच्चा हर बात माता-पिता को बताए।

गब्बा गांव में ग्रामीणों ने अपने पैसों से बनवाई आधा किलोमीटर सड़क

संजीव चौहान, टौणी देवी

शेष रहते काम के लिए ग्रामीण जिला प्रशासन और विधायक से उम्मीद लगाए बैठे हैं।

हमीरपुर जिले के बमसन ब्लॉक की टपरे पंचायत के गब्बा गांव की एक बस्ती में सड़क न होने के कारण लोग पलायन शुरू कर चुके थे, ऐसे में डॉक्टर अरुण सिंह ठाकुर प्रेरणास्रोत बन आगे आए। उन्होंने लोगों के सहयोग से पांच लाख रुपए की राशि से आधा किलोमीटर सड़क गांव की बस्ती तक पहुंचा दी।

अब सड़क पर डंगे और इसे पक्की करने के लिए ग्रामीण सरकार , प्रशासन और स्थानीय विधायक से उम्मीद बांधे हुए हैं। यहां बड़ी बात यह है कि गब्बा गांव की इस बस्ती में सड़क के लिए नजदीकी कोटलू गांव के लोगों ने दरियादिली दिखाते हुए अपनी जमीन सड़क के लिए दे दी। डॉक्टर अरुण ने बताया कि कोटलू गांव के स्वर्गीय तारा चंद, राज कुमार, नंद लाल, भुट्टो, समस्त मेहर परिवार तथा सेवानिवृत्त प्रिंसिपल बलवीर सिंह के सहयोग के बिना यह सड़क बन ही नहीं सकती थी।

इस बस्ती में गर्भवती महिलाओं और रोगियों को आपात स्थिति में चारपाई पर लिटा कर ले जाना पड़ता था। गब्बा गांव के ग्रामीण हाकम सिंह डोगरा ने बताया कि सड़क को टिकाऊ बनाने के लिए डंगे लगने हैं। इसके अलावा इसे पक्का भी करना है।

यह काम सरकार, जिला प्रशासन और स्थानीय विधायक ही कर सकते हैं। उन्हें उम्मीद है कि उपायुक्त के माध्यम से यह काम भी हो जाएगा। उन्होंने सड़क के लिए जमीन देने के लिए सभी कोटलू गांव वालों का भी आभार जताया। (अनंत ज्ञान)

आयोजन राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर ने धूमधाम से मनाया 15वां दीक्षांत समारोह

37 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल देकर किया सम्मानित

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

राष्ट्रीय प्रौद्योगिक संस्थान हमीरपुर में 15वां दीक्षांत समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया।

राष्ट्रीय प्रौद्योगिक संस्थान हमीरपुर में सोमवार को 15वां दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। कैपजेमिनी इंडिया की उपाध्यक्ष और इंजीनियरिंग प्रमुख डॉ. सुदत्ता कार ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और एक विचारोत्तेजक दीक्षांत समारोह संबोधन दिया। इस अवसर पर अजय कुमार शर्मा, निदेशक-कार्मिक एसजीवीएन विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।

निदेशक प्रो. एचएम सूर्यवंशी ने पिछले वर्ष संस्थान की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दीक्षांत समारोह एक महत्वपूर्ण अवसर होता है जिसमें छात्रों की कड़ी मेहनत और समर्पण से मिलने वाला सम्मान है। इस कार्यक्रम में गर्वित माता-पिता, शिक्षक सदस्य और कर्मचारी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि बीटेक, बीआर्च, एमटेक, एमआर्च, एमएससी, एमबीए और पीएचडी सहित कुल 1498 डिग्रियां प्रदान की गईं। संस्थान ने उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पदक प्रदान किए। इसमें एक निदेशक पदक, 37 स्वर्ण पदक,12 रजत पदक,12 कांस्य पदक , वास्तुकला विभाग से विशालिनी वी. को

वास्तुकला विभाग से विशालिनी वी. को सर्वोत्तम सर्वांगीण प्रदर्शन के लिए निदेशक पदक प्रदान

सर्वोत्तम सर्वांगीण प्रदर्शन के लिए निदेशक पदक प्रदान किया। अजय कुमार शर्मा ने स्नातक छात्रों को बधाई दी और एसजीवीएन में नवीनतम विकास के बारे में जानकारी साझा की।

उन्होंने पेशेवर विकास के महत्व पर बल दिया और छात्रों को उन अवसरों को प्राथमिकता देने के लिए प्रोत्साहित किया जो उन्हें सीखने और अपने कौशल को विकसित करने में सक्षम बनाएंगे। मुख्य अतिथि डॉ. सुदत्ता कार ने एक प्रेरणादायक दीक्षांत भाषण दिया, जिसमें उन्होंने पृथ्वी अधिशेष दिवस के दबाव वाले मुद्दे पर प्रकाश डाला। उन्होंने जलवायु परिवर्तन और संसाधन क्षरण जैसी पर्यावरणीय चुनौतियों का समाधान करने के लिए स्थायी प्रथाओं और तकनीकी नवाचारों की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया।

डॉ. अश्विनी कुमार राणा और डॉ. विजय कुमार बंसल द्वारा क्रमश: 1998 और 1999 बैच के पूर्व छात्रों का प्रतिनिधित्व किया। दीक्षांत समारोह का समापन डॉ. सिद्धार्थ शर्मा, एनआईटी हमीरपुर के डीन (अकादमिक) द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। डॉ. अर्चना संतोष नानोटी, एनआईटी हमीरपुर के रजिस्ट्रार ने कहा कि एनआईटी हमीरपुर का 15वां दीक्षांत समारोह एक शानदार सफलता थी, जिसमें स्नातक वर्ग की उपलब्धियों का जश्न मनाया गया और उन्हें दुनिया पर सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए प्रेरित किया गया।

इन छात्रों को मिले गोल्ड मेडल

सिविल इंजीनियरिंग में परमजीत, कर्ण कुमार, अंशुल कुमारी, आदित्य चौधरी, अकांशा ठाकुर, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में निशांत ठाकुर को गोल्ड मेडल, मैकेनिकल इंजीनियरिंग में अजय चौधरी, सौरव धीमान, मेघा देयोगारिया, इलेक्ट्रिकल कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में सृष्टि, पक्षम महाजन, एलीना अजीज, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग में सुबरमनयम साहू, शिवम पाठक, कृषि में प्रज्ञा सिंह, मास्टर ऑफ साइंस में महेंद्र सिनवर, मैथीवथानी जे.आर, समीर राय, मैनेजमेंट स्टडी में एमबीए में मोविन शर्मा को गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी, ड्यूल डिग्री और बैचलर ऑफ एग्रीकल्चर में गोल्ड मेडल मिले। इनमें निखिल राणा, विवके चंबयाल, अर्जुन सिंह, प्रिया, पक्षम महाजन, अक्षत अग्रवाल, शिवम पाठक, अंकित मौर्य, श्रुति धीमान, शिवांश शर्मा, दिशा गुप्ता, आशीष कुमार शर्मा को गोल्ड मेडल दिए।

वॉलीबाल प्रतियोगिता 3 को

अनंत ज्ञान, भोरंज। उपमंडल भोरंज के तहत सागर स्पोर्ट्स अकादमी 3 नवंबर को सुबह 11.30 बजे डीएवी पब्लिक स्कूल भरेड़ी के खेल परिसर में जिला स्तरीय अंडर-14, लड़कों की वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन करने जा रही है।

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517
सूचना
मैं दीप सिंह सुपुत्र स्वर्गीय श्री हरि सिंह निवासी गांव व डाकघर डुढाणा लोहियां, तहसील गलोड, जिला हमीरपुर (हिमाचल प्रदेश) यह घोषणा करता हूं कि मेरा पुत्र आशीष ठाकुर और उसकी पत्नी सुमन चौहान मेरे कहने से बाहर हैं। अत: मैं उन्हें अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनके साथ लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। सभी संबंधित नोट करें।

न्यूज ब्रीफ

बच्चों को राष्ट्रीय सेवा पर किया जागरूक

अनंत ज्ञान, चंबा। राष्ट्रीय सेवा योजना कैंप के पांचवे दिन सोमवार को राज वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भरमौर के छात्र छात्राओं ने बाबा की कुटिया नामक स्थान पर प्रोजेक्ट वर्क पर कार्य किया।

वहीं इस मौके पर रिसोर्स पर्सन डॉ. राजिंद्र पठानिया ने बच्चों को नैतिक मूल्यों व राष्ट्रीय सेवा पर अपने विचार साझा किए। एनएसएस प्रभारी विजय शर्मा ने बताया कि इस प्रकार के कैंप से बच्चों मे देश सेवा की भावना जागृत होती है।

साइंस मॉडल में कनिष्ठ व वरिष्ठ दोनों वर्गों में ट्रिनिटी प्रथम

अनंत ज्ञान, बंजार। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बंजार में खंड स्तर पर नेशनल चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस के अंतर्गत वरिष्ठ व कनिष्ठ वर्गों में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें लगभग 12 विद्यालयों के 140 विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता की मुख्यातिथि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बंजार की प्रधानाचार्या सुनीता ठाकुर रहीं। उनके साथ खंड स्तरीय साईंस कार्डिनेटर कुशाल ठाकुर भी उपस्थित रहे।ट्रिनिटी पब्लिक स्कूल बंजार के विद्यार्थियों ने भी इन प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपने विज्ञान के ज्ञान से मौजूद दर्शकों को रू-ब-रू करवाया। मैथ ओलम्पियाड वरिष्ट वर्ग में आकृति तथा कनिष्ठ वर्ग में वंशिका ठाकुर ने भाग लिया। विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कनिष्ठ वर्ग में धानवी ठाकुर व पुष्पिता ठाकुर ने द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया वहीं वरिष्ठ वर्ग में जागृति चौधरी एवं अंकित सागर ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी में कनिष्ठ वर्ग में रक्षित और वरिष्ठ वर्ग में स्वर्ण मोर का मॉडल सर्वश्रेष्ठ रहा। मुख्यातिथि ने सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया । ट्रिनिटी पब्लिक स्कूल बंजार की प्रधानाचार्या किरण डेंग ने सभी विजेता प्रतिभागियों एवं उनके अविभावकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं ।उन्होंने बताया कि विज्ञान की मूलभूत शक्तियों को यदि सकारात्मक रूप से प्रयोग में लाया जाए तो ये हमारे लिए एक आशीर्वाद बन जाता है ।

मतदाता सूचियों का विशेष पुनर्निरीक्षण अभियान होगा शुरू

अनंत ज्ञान, शिमला। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप की अध्यक्षता जिला शिमला में फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के विशेष पुनरीक्षण-2025 के संदर्भ में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 1 जनवरी, 2025 को अर्हता तिथि मानते हुए फोटोयुक्त मतदाता सूचियों का विशेष पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिला के आठों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 29 अक्टूबर, 2024 से 28 नवंबर, 2024 तक चलेगा। इस अवधि के दौरान दावे तथा आक्षेप प्राप्त किये जायेगे और उन पर निर्णय लेने के उपरांत मतदाता सूचियों को 06 जनवरी, 2025 को अंतिम रूप में प्रकाशित किया जायेगा। उपायुक्त ने कहा कि अभियान के तहत कोई भी पात्र नागरिक, जो 01 जनवरी, 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हो और उस क्षेत्र के साधारण निवासी हो, के नाम मतदाता सूची में दर्ज किये जायेंगे। इसके अतिरिक्त, कोई भी पात्र नागरिक जो 01 अप्रैल, 01 जुलाई, एवं 01 अक्टूबर, 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहा है, वह भी निर्वाचक नामावली में अपना नाम सम्मिलित करवाने के लिए 29 अक्टूबर से 28 नवंबर, 2024 तक प्रारूप 6 पर अपना आवेदन अग्रिम रूप से प्रस्तुत कर सकता है। इसके अतिरिक्त, उक्त अवधि के अतिरिक्त दिनांक 13 व 26 नवम्बर, 2024 को सरकारी/निजी शिक्षण व तकनीकी संस्थानों में बूथ लेवल अधिकारी द्वारा विशेष सहायता केंद्र स्थापित किये जाएंगे जिसमे उक्त संस्थानों में पढ़ रहे मतदाता बनने योग्य को पंजीकरण हेतु सुविधा प्रदान की जाएगी।

स्वास्थ्य विभाग ने पशुओं की 22 दवाइयों के सैंपल भरे

अनंत ज्ञान, चंबा। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जिला पशु चिकित्सालय में इस्तेमाल होने वाली 22 दवाइयों के सैंपल भरे हैं। दवाइयों की गुणवत्ता जांच के लिए ये सैंपल भरे गए हैं। जिला पशु चिकित्सालय से ही जिले की अन्य पशु डिस्पेंसरियों में ये दवाइयां सप्लाई होती हैं। ऐसे में इन दवाइयों की गुणवत्ता जांच करने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 22 सैंपल भरे हैं। ये सैंपल जांच के लिए कंडाघाट स्थित विभाग की प्रयोगशाला में भेजे जाएंगे जहां पर इनकी गुणवत्ता को जांचा जाएगा। स्वास्थ्य विभाग अब प्रयोगशाला से आने वाली रिपोर्ट का इंतजार कर रहा है। इसके बाद ही आगामी कार्रवाई को अंजाम दिया जाएगा। जिले में लोगों की बीमारी को दुरुस्त करने में इस्तेमाल होने वाली दवाइयों की गुणवत्ता जांच करने के लिए स्वास्थ्य विभाग सतर्कता से कार्य कर रहा है। अब विभाग ने पालतू जानवरों के इलाज में इस्तेमाल होने वाली दवाइयों की गुणवत्ता जांच भी शुरू कर दी है। इसके चलते विभाग की टीम ने पशु चिकित्सालय से 22 दवाइयों के सैंपल भरे हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विपन ठाकुर ने बताया कि सैंपल जांच के लिए कंडाघाट स्थित लैब में भेजे जाएंगे।

जिला दंडाधिकारी मुकेश रेपसवाल ने विस्फोटक नियम 2008 के तहत जारी किए आदेश, कहा-

आतिशबाजी-पटाखों की बिक्री के लिए उपयुक्त स्थल करेंगे अधिसूचित

अनंत ज्ञान, चंबा

जिला दंडाधिकारी मुकेश रेपसवाल ने विस्फोटक नियम 2008 के नियम 84 के तहत आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश में कहा गया है कि दीपावली के दौरान आगजनी की घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है और ऐसी घटनाओं से निपटने के लिए कड़ी निगरानी की आवश्यकता है।

जिला दंडाधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार सभी उपमंडल दंडाधिकारियों को दीपावली त्योहार-2024 के दौरान आतिशबाजी-पटाखों की बिक्री के लिए अपने अधिकार क्षेत्र में उपयुक्त स्थल को अधिसूचित करेंगे। साथ में ध्वनि प्रदूषण एवं वायु गुणवत्ता से संबंधित मानकों को भी सुनिश्चित बनाने को कहा गया है। जारी आदेश में विस्फोटक नियम 2008 के नियम 78 से 88 का कड़ाई से पालन करने, फॉर्म एलई-3 और एलई-5 में लाइसेंस की शर्तों का सख्ती से पालन करने, रंगीन-स्टार माचिस और रोल-डॉट कैप्स को छोड़कर क्लोरेट युक्त आतिशबाजी का सामान लाइसेंस प्राप्त आतिशबाजी दुकानों में नहीं रखने तथा बिक्री को प्रतिबंधित किया गया है। स्टोर रूम या भंडार गृह में क्लोरेट युक्त आतिशबाजी वस्तुओं को केवल निर्दिष्ट कंपार्टमेंट में ही संग्रहित करने के निर्देश दिए गए हैं। लिथियम, एंटीमनी, पारा, आर्सेनिक, सीसा यौगिक वाली आतिशबाजी की बिक्री प्रतिबंधित रहेगी तथा स्ट्रोंटियम क्रोमेट वाली आतिशबाजी संग्रहित और बेची जाएगी।

आदेश में यह भी कहा गया है कि केवल अधिकृत पटाखे ही लाइसेंसधारी आतिशबाजी दुकानों से बेचे या खरीदे जाने चाहिए जिन पर विस्फोटक नियम 2008 के नियम 15 के अनुसार जलाने, वस्तुओं के कार्य आदि के बारे में विस्तृत निर्देश सहित निर्माता का लेबल मुद्रित हो। 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों के साथ वयस्क नहीं होने की अवस्था में पटाखों की बिक्री नहीं करने को कहा गया है। लाइसेंसधारी आतिशबाजी दुकानों का आपातकालीन निकास द्वार पूरी तरह खुला रखना होगा। धूम्रपान या किसी भी प्रकार का खुला लैंप, लालटेन, मोमबत्ती आदि जलाने की अनुमति नहीं होगी। विक्रेता और श्रमिकों को आतिशबाजी की खतरनाक प्रकृति तथा पैकेटों और बक्सों के सुरक्षित संचालन के बारे में उचित प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। परिसर में पर्याप्त संख्या में अग्निशामक यंत्र और रेत की बाल्टियाँ हमेशा रखी जानी चाहिए तथा सभी संबंधित व्यक्तियों को अग्निशामक यंत्रों के प्रयोग तथा स्थानीय अग्निशमन दल के साथ सहयोग करने के लिए अच्छी तरह प्रशिक्षित किया जाना चाहिए। आतिशबाजी की दुकान के आसपास कोई अस्थायी शेड या चबूतरा नहीं बनाया जाना चाहिए। वहीं किसी भी विद्युत लाइट-वायरिंग का कनेक्शन ढीला नहीं होना चाहिए। सुरक्षा की दृष्टि से दुकान के सामने आतिशबाजी का डिब्बा (भरा या खाली) नहीं रखना चाहिए। माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों की अनुपालना भी सुनिश्चित बनाने को कहा गया है।

साइलेंस जोन में किसी भी समय आतिशबाजी या पटाखे चलाने की अनुमति नहीं देने तथा ध्वनि प्रदूषण (विनियमन एवं नियंत्रण) नियम 2000 के तहत जारी अधिसूचना का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित बनाने और उल्लंघनकर्ताओं के विरुद्ध कानून के प्रावधानों के तहत आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं ।

भरमौर में तीन माह से बारिश न होने से किसान और बागवान मायूस

फाइल फोटो

अनंत ज्ञान, भरमौर

जनजातीय क्षेत्र भरमौर में पिछले तीन महीनों से बारिश न होने के चलते किसान और बागवान पूरी तरह से मायूस है। पिछले तीन महीनों से बारिश न होने के चलते कई जगह लोगों ने गेहूं और जौ की बिजाई भी नहीं की है।

बारिश न होने के चलते क्षेत्र में यहां पर शुष्क ठंड बढ़ गई है जिसके कारण लोग वायरल की चपेट में भी आना शुरू हो गए हैं। बारिश न होने के चलते यहां पर हर जगह धूल मिट्टी वातावरण में फैल गई है। जमीन सुखी होने के चलते यहां पर एकाएक जंगलों में आग लगने की घटनाओं में भी बढ़ोतरी देखने को मिल रही है।

पिछले कई महीनों से बारिश न होने के चलते अब लोग देवताओं की शरण में भी जाने को मजबूर हो गए हैं। तो वहीं पर बारिश की कमी के चलते प्राकृतिक स्रोत भी धीरे-धीरे सुखना शुरू हो गए हैं बारिश न होने के चलते यहां के सभी पहाड़ पूरी तरह से बंजर दिख रहे हैं। बारिश न होने के चलते किसानों को भविष्य की चिंताएं भी सतानें लगी हैं। बारिश न होने के चलते क्षेत्र के अधिकतर किसानों ने अभी तक अपनी फसल की बिजाई नहीं की है। पहाड़वा जंगल सुख होने के चलते यहां पर मवेशियों को भी भरपेट खाने की चिंता सताने लगी है।

गौरतलब है यहां पर पिछले करीब चार महीनों से बारिश नहीं हुई है। जिसके कारण यहां के पहाड़ वह जंगल भी सर्दियों में तपने शुरू हो गए हैं। बारिश न होने के चलते लोग जगह-जगह देवी देवताओं की शरण में भी जाने लगे हैं

नवनियुक्त ग्राम सुधार कमेटी सचुई ने गांव को नशा मुक्त करने का उठाया बीड़ा

अनंत ज्ञान, भरमौर

नशे के खिलाफ लोगों को कठोर कदम उठाने की जरूरत

भरमौर के संचूई पंचायत में नव नियुक्त ग्राम सुधार कमेटी ने गांव को नशा मुक्त करने का बीड़ा उठाया है। कमेटी ने गांव व समाज को नशा मुक्त करने के लिए स्थानीय लोगों से कठोर कदम उठाने का आह्वान किया है।

चैन ठाकुर की अध्यक्षता में हुई बैठक में सर्व समिति से ओम प्रकाश पखारेतिया का प्रधान बनने पर ये पहला निर्णय लिया है। गांव में युवाओं व बड़े बुजुर्गों को नशे से छुटकारा दिलाने बारे अध्यात्म की ओर ले जाने का काम कमेटी करेगी। गांव में गरीब परिवार की लड़कियों की शादी में भी सहायता कमेटी द्वारा की जाएगी।

इस अवसर पर पंचायत प्रधान संजीव ठाकुर ने कहा कि युवाओं का ध्यान रोजगार व खेलों की ओर ले जाने की कोशिश करेंगे। इस अवसर पर चैन सिंह ठाकुर, किशोरी लाल , देस राज ओम प्रकाश जपोतरा पवन कुमार, सुरिंदर इत्यादि उपस्थित रहे।

दिवाली से पहले वेतन मिलने पर कर्मचारी खुश

अनंत ज्ञान, चंबा। दीवाली से चार दिन पहले कर्मचारियों को सेलरी मिलने पर अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के पूर्व अध्यक्ष कृष्ण पखरेतिया ने मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार व्यक्त किया है।

उन्होंने कहा कि दीवाली से पूर्व सैलेरी मिलने से हर वर्ग के कर्मचारी दीवाली की खरीदारी कर अपने अपने परिवार के साथ खुशी खुशी दिवाली मना सकेंगे।

उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री का ऐतिहासिक निर्णय है जो लंबे समय तक याद रखा जाएगा। मुख्यमंत्री व सरकारके इस निर्णय का सभी कर्मचारी तहे दिल से स्वागत करते हैं।

शिविर में 174 श्रमिकों ने करवाई जांच

अनंत ज्ञान, चंबा

कैंप में जांच करवाने के दौरान श्रमिक व साथ हैं डॉक्टर।

हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्यज्ञसन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड कार्यालय चंबा द्वारा चाजूँ (लुनेख) में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से एक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। निर्माण स्थल चाजूं के हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट 48 मेगावाट परिसर में आयोजित इस निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 174 श्रमिकों के ब्लड प्रेशर, मधुमेह, एचआईवी, हेपेटाइटिस बी, सी, सिफलिस और टीबी इत्यादि से संबंधित रोगों की निशुल्क जांच की गई तथा उन्हें दवाइयां भी वितरित की गई।

आयोजन के संबंध में अधिक जानकारी देते हुए जिला श्रम कल्याण अधिकारी श्वेता कुमारी ने बताया कि इस प्रकार के स्वास्थ्य जांच शिवरों के आयोजन का मुख्य उद्देश्य असंगठित क्षेत्रों में काम कर रहे कामगारों को उनके घर द्वार पर ही आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करवाना तथा उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है।

शिविर में जिला श्रम कल्याण अधिकारी ने कामगारों को हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार प्लेन बॉर्डर द्वारा श्रमिकों के कल्याणार्थ चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं बारे महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

उन्होंने बताया कि जिला में इस तरह के निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिवरों का आयोजन निरंतर किया जा रहा है तथा निकट भविष्य में जिला के अन्य हिस्सों में भी इस तरह के निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए जाएंगे।

इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से डॉ. सुरेंद्र कुमार और उनके सहयोगी स्वास्थ्य कर्मियों के भारती जसरोटिया तथा अन्य लोग भी उपस्थित थे।

अध्यापक का पद खाली होने से लोगों में रोष

अनंत ज्ञान, भरमौर

स्कूल में पढ़ाई करते हुए बच्चे।

भरमौर के गवर्नमेंट हाई स्कूल सांह अध्यापकों के पद रिक्त होने के चलते अभिभावकों का सब्र टूट गया है। अभिभावकों ने यहां पर स्टाफ की कमी को स्थानीय विधायक और प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया है।

यहां के अभिभावकों व स्कूल प्रबंधन समिति का कहना है कि वह स्टाफ की कमी को लेकर कई बार स्थानीय विधायक व प्रशासन को अवगत करवा चुके हैं लेकिन आज तक कार्रवाई नहीं हो पाई है। जिसके चलते यहां पर शिक्षक ग्रहण कर रहे 30 छात्र छात्राओं का उज्जवल भविष्य दांव पर लग गया है। यहां पर अध्यापकों की कमी के चलते बच्चों की पढ़ाई बुरी तरह से प्रभावित हो रही है। जिसको लेकर अभिभावकों में सरकार व प्रशासन के खिलाफ खासी नाराजगी चल रही है।

स्कूल प्रबंध समिति के प्रधान राम सिंह का कहना है कि वह इस बार कई बार सरकार स्थानीय विधायक और प्रशासन को अवगत करा चुके हैं। लेकिन अभी तक भी इस समस्या का हल नहीं हो पाया है उन्होंने कहा है कि जल्द समस्या का हल नहीं हुआ तो अगला कदम उनका प्रशासन सरकार के खिलाफ उग्र आंदोलन होगा जिसकी सारी जिम्मेदारी सरकार व प्रशासन की होगी ।

जानकारी के मुताबिक यहां पर मार्च महीने से मुख्य अध्यापक का पद खाली चला हुआ है तो वहीं पर गणित का अध्यापक और दूसरा टीजीटी का पद पिछले डेढ़ वर्षो से खाली चला हुआ है तो वहीं पर शारीरिक शिक्षा अध्यापक का पद भी 10 वर्षों से खाली चला हुआ है। लिहाजा स्कूल में चल रहे स्टाफ की भारी कमी को लेकर यहां पर शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों पर इसका विपरीत असर पड़ रहा है।

स्कूल पहुंचने पर कनिका का हुआ स्वागत

कनिका का स्वागत करते हुए अध्यापक व अन्य।

बबलू पठानिया, चुवाड़ी

झारखंड में आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय डिस्कस थ्रो में अंडर 14 प्रतियोगिता में कामला स्कूल की कनिका हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगी। अभी हाल में ही हमीरपुर में आयोजित हुई राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में कनिका ने यह मुकाम हासिल किया है।

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में कनिका ने सिल्वर मेडल हासिल करके झारखंड में आयोजित होने वाली राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिता में पार्टिसिपेट करेगी।

लिहाजा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीतने के बाद स्कूल में पहुंचने पर उनका स्कूल प्रशासन व स्थानीय लोगों द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

इश्क पेपर अध्यापकों को स्थानीय लोगों ने झारखंड में आयोजित होने वाली नेशनल प्रतियोगिता जीतने के लिए शुभकामनाएं दी।

गैस उपकरणों का सुरक्षा परीक्षण करवाएं : दुर्गा दास

मनाली। हिमाचल प्रदेश राज्य आपूर्ति निगम इण्डेन गेस एजेंसी मनाली के प्रभारी दुर्गा दास ने सभी रसोई गैस उवभोक्ताओं को अपने गैस उपकरणों का बेसिक सेफ्टी चैक सुरक्षा परीक्षण और ई केवाईसी करवाने की अपील की है।

दुर्गा दास ने कहा कि गैस एजेंसी के जिन उपभोक्ताओं ने अभी तक अपनी ई केवाईसी तथा चूल्हे एवं पाइप आदि का बेसिक सेफ्टी चैक नही करवाया है तो वह तुंरत अपने वार्ड सदस्य व प्रधान को सूचित करें ताकि गैस एजेंसी के कर्मचारी व मेकेनिक उपभोक्ता के घर जाकर बेसिक सेफ्टी चैक सुरक्षा परीक्षण और ई केवाईसी कर सके। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के दिशा निर्देशानुसार यह सेवा निशुल्क है।

सूडोकु 00103

मध्यम

4			9		6	1		8
6	8							
	1	7	3	8		4		
3	4		6		7			9
5		1	8			2		7
2			5		1		8	4
		3		7	5	8	6	
							9	5
7		6	2		8			1

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकु 00102 का हल

2	9	8	3	5	6	1	7	4
4	5	3	2	1	7	9	8	6
7	1	6	4	8	9	2	5	3
8	2	5	6	9	1	3	4	7
3	6	4	7	2	5	8	1	9
1	7	9	8	3	4	5	6	2
5	4	1	9	7	2	6	3	8
6	3	2	1	4	8	7	9	5
9	8	7	5	6	3	4	2	1

तुनुहट्टी में बस में लावारिस बैग से चरस बरामद

मुकेश कुमार, डलहौजी

जिले के प्रवेश द्वार तुनुहट्टी में पुलिस ने निगम की बस में एक लावारिस बैग से 1 किलो 4 ग्राम चरस बरामद की। पुलिस ने थाना चुवाड़ी में अज्ञात लोगों के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। रविवार को देर रात पुलिस चैक पोस्ट तुनुहट्टी में रोजमर्रा की तरह पुलिस दल चैक पोस्ट पर आने-जाने वाले वाहनों की जांच कर रहा था।

करीब साढ़े 11 बजे भंजराडू से परवाणू जा रही निगम की बस (नंबर एचपी-73ए-1317) को जांच के लिए रोका गया। पुलिस दल द्वारा बस में रखे गए सामान की गहनता से जांच के दौरान एक बैग बस की सीट के ऊपर बने कैरियर में रखा हुआ था। पुलिस दल द्वारा तलाशी लेने पर उसमें से 1 किलो 4 ग्राम चरस बरामद की गई लेकिन पुलिस की पूछताछ में बस में सवार यात्रियों में से किसी ने भी बैग को अपना नहीं बताया।

पुलिस ने चरस को अपने कब्जे में लेकर पुलिस थाना चुवाड़ी में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की पुष्टि चुवाड़ी थाना प्रभारी रमन चौधरी ने की। उन्होंने बताया* कि पुलिस ने चरस को अपने कब्जे में लेकर थाना चुवाड़ी में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।(अनंत ज्ञान)

पाश्चात्य एकल गायन में शाश्वत रहे द्वितीय

अनंत ज्ञान, मनाली

जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय हरिपुर के विद्यार्थी शाश्वत ने पाश्चात्य एकल गायन में द्वितीय स्थान हासिल किया है।

मंडी जिले के राजकीय महाविद्यालय करसोग में युवा महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेश के 52 महाविद्यालयों के 800 विद्यार्थियों ने शास्त्रीय संगीत (वाद्य), समूह गान (पाश्चात्य), पाश्चात्य एकल गायन, लोक संगीत (वाद्य एवं गायन) में भाग लिया। हरिपुर महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने भी युवा महोत्सव में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

विद्यार्थी शाश्वत ने एकल गायन में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। प्राचार्य डॉ. शेफाली और प्रो. भूपेंद्र शर्मा ने विद्यार्थी शाश्वत को बधाई दी है।

अनंत ज्ञान

आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

आज का पंचांग

29 अक्तूबर, 2024, मंगलवार

विक्रमी संवत : 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** आश्विन, **तिथि** द्वादशी (10:34): **नक्षत्र** उत्तरा फाल्गुनी (6:34), **पक्ष :** कृष्ण **योग :** एन्द्र (7:46) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:42-12:26), **राहुकाल** (12:51 -04:14)।

विशेष दिन

- 29 अक्तूबर 2024 : धनतेरस आज।
- 29 अक्तूबर : भौम प्रदोष व्रत आज।
- 29 अक्तूबर : धन्वंतरी जयंती आज।

मेष: मन की चंचलता पर नियंत्रण रखें। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति अनुकूल रहेगी। जीवनसाथी पर आपसी मेहरबानी रहेगी। जल्दबाजी में धनहानि हो सकती है।

वृषभ: स्थायी संपत्ति की खरीद-फरोख्त से बड़ा लाभ हो सकता है। प्रतिद्वंद्विता रहेगी। पार्टनरों का सहयोग समय पर मिलने से प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग मिलेगा।

मिथुन: पार्टी व पिकनिक की योजना बनेगी। मित्रों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

कर्क: अशांति रहेगी। कार्य में रुकावट होगी। आय में कमी तथा नौकरी में कार्यभार रहेगा। बेवजह लोगों से कहासुनी हो सकती है। दुखद समाचार मिलने से नकारात्मकता बढ़ेगी।

सिंह: प्रयास सफल रहेंगे। किसी बड़े कार्य की समस्याएं दूर होंगी। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। कर्ज में कमी होगी। संतुष्टि रहेगी। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

कन्या: दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। व्यवसाय में जल्दबाजी से काम न करें। चोट व दुर्घटना से बचें।

तुला: उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ के योग हैं। भाग्य का साथ मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा।

वृश्चिक: अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। व्यवस्था नहीं होने से परेशानी रहेगी। व्यवसाय में कमी होगी। नौकरी में नोकझोंक हो सकती है। पार्टनरों से मतभेद हो सकते हैं।

धनु : अज्ञात भय व चिंता रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है। लेन-देन में सावधानी रखें। बगैर मांगे किसी को सलाह न दें। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

मकर : नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य करने की इच्छा जागृत होगी। प्रतिष्ठा वृद्धि होगी। सुख के साधन जुटेंगे। नौकरी में वर्चस्व स्थापित होगा।

कुंभ : पूजा-पाठ व सत्संग में मन लगेगा। आत्मशांति रहेगी। कोर्ट व कचहरी के कार्य अनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। प्रसन्नता का वातावरण रहेगा।

मीन: क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। विवाद को बढ़ावा न दें। पुराना रोग बाधा का कारण रहेगा। स्वास्थ्य पर खर्च होगा। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें।

सखी

उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने की श्री मणिमहेश ट्रस्ट की बैठक की अध्यक्षता

डल झील के जल ग्रहण क्षेत्र में व्यावसायिक व लंगर पर रहेगा प्रतिबंधित

ओपी शर्मा, भरमौर

बैठक के दौरान उपायुक्त व अन्य अधिकारी।

आयुक्त मंदिर एवं उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में सोमवार को लघु सचिवालय पट्टी के सभागार में मणिमहेश ट्रस्ट की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने विशेष रूप से राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) द्वारा मणिमहेश यात्रा के आयोजन संबंधित दिशा-निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित करने बारे विस्तार पूर्वक चर्चा की और महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

उन्होंने एनजीटी के दिशा निर्देशों अनुसार वन मंडल अधिकारी भरमौर व वन्य प्राणी विभाग को श्री मणिमहेश यात्रा के आधिकारिक यात्रा व अन्य समय पर श्रद्धालुओं व ट्रैकिंग पर जाने वाले यात्रियों और उस समय होने वाली व्यवसायिक गतिविधियों को नियंत्रण करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि एनजीटी के आदेश के अनुसार पवित्र मणिमहेश डल झील के जल ग्रहण क्षेत्र में किसी प्रकार की व्यावसायिक व लंगर इत्यादि की अन्य गतिविधियां प्रतिबंधित रहेंगी।

उपायुक्त ने वन विभाग को यात्रा क्षेत्र के लिए इको टूरिज्म सोसायटी गठित करने के निर्देश भी दिए । मुकेश रेपसवाल ने भरमौर प्रशासन को स्थानीय जनता के साथ समन्वय स्थापित कर एनजीटी के आदेशों की अनुपालना सुनिश्चित करने हेतु जागरूक करने व सहयोग प्राप्त करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि इस वर्ष के अनुभव को देखते हुए अगले वर्ष श्री मणिमहेश यात्रा की तैयारियों को लेकर रूपरेखा तैयार की जाए ।

उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को हड़सर से लेकर धन्छों तक मार्ग को चौड़ा, पक्का और रेलिंग लगाने के निर्देश दिए । उन्होंने यह भी निर्देश दिए की घोड़े और खच्चरों के लिए अलग से रास्ता बनाया जाए ताकि पैदल यात्रा करने वाली श्रद्धालुओं को चलने में असुविधा न हो। उन्होंने यात्रा मार्ग पर 200 अतिरिक्त शौचालय बनाने का लक्ष्य भी निर्धारित किया।

बैठक के दौरान मोबाइल टावर कनेक्टिविटी बेहतर करने के लिए बीएसएनएल के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने को भी कहा । उन्होंने ट्रस्ट की आय बढ़ाने पर विशेष बल दिया ताकि आगामी यात्रा के लिए और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा सके । बैठक बाद उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने चौरासी मंदिर परिसर का निरीक्षण भी किया। (अनंत ज्ञान)

दूसरों की गलतियों से सीखें। आप उन सभी को स्वयं बनाने के लिए पर्याप्त समय तक जीवित नहीं रह सकते। -**चाणक्य**

संपादकीय

'डिजिटल अरेस्ट' की चुनौती

तकनीक का सही इस्तेमाल जहां सुविधा प्रदान करता है तो वहीं, इसका दुरुपयोग विनाश ही लाता है। आज के समय में पूरी दुनिया तकनीक पर निर्भर है और यह तकनीक ही कई बार परेशानी का सबब बन जाती है। पिछले एक साल में डिजिटल अरेस्ट नामक एक नई तरह की परेशान करने वाली बीमारी पैदा हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डिजिटल अरेस्ट से बचने के लिए 'रुको-सोचो और एक्शन लो' के तीन आसान मंत्र दिए हैं। निश्चित रूप से प्रधानमंत्री भी इस जालसाजी से वाकिफ हैं, जो वर्तमान समय में पूरी दुनिया के लिए चुनौती बनी हुई है। डिजिटल दुनिया में नए-नए तरह के फ्रॉड किए जा रहे हैं। इन्हीं में एक है 'डिजिटल अरेस्ट'। यह धोखाधड़ी का एक ऐसा तरीका है, जिसमें साइबर फ्रॉड करने वाले आपको फोन या वीडियो कॉल करके पुलिस या अन्य सरकारी अधिकारी बनकर धमकाते हैं और आपसे पैसे ऐंठने की कोशिश करते हैं। भारत में हाल में इस तरह के कई मामले सामने आए हैं। इसे ध्यान में रखते हुए ही प्रधानमंत्री ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' देशवासियों को 'डिजिटल अरेस्ट' को लेकर सजग रहने की नसीहत दी है।

इस खतरनाक खेल को समझना और समझाना बहुत जरूरी है। दरअसल, डिजिटल अरेस्ट एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें किसी व्यक्ति के डिजिटल डाटा और ऑनलाइन गतिविधियों को पुलिस या अन्य अधिकारी जब्त या नियंत्रित करते हैं। यह आमतौर पर अपराधों की जांच या राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए किया जाता है। डिजिटल अरेस्ट में कंप्यूटर, मोबाइल फोन या अन्य डिजिटल डिवाइसेज की जब्ती, ई-मेल, सोशल मीडिया या अन्य ऑनलाइन अकाउंट्स की निगरानी, इंटरनेट गतिविधियों की निगरानी, डाटा रिकवरी और विश्लेषण आदि शामिल हो सकते हैं। अपराधों की जांच में सहायता करना, सबूत इकट्ठा करना, अपराधियों की पहचान करना और राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे से बचाना डिजिटल अरेस्ट के प्रमुख उद्देश्य हैं। हालांकि, डिजिटल अरेस्ट के दौरान निजता और डाटा सुरक्षा के मुद्दों पर भी ध्यान देना बेहद आवश्यक है। भारत में डिजिटल अरेस्ट के मामले इसलिए बढ़ रहे हैं, क्योंकि साइबर अपराधी लगातार वित्तीय लाभ के लिए तकनीक का फायदा उठाने के नए-नए तरीके ईजाद कर रहे हैं।

डिजिटल अरेस्ट घोटाले में धोखेबाज कानून प्रवर्तन अधिकारियों या नियामक अधिकारियों का भेष बनाकर फोन या वीडियो कॉल के माध्यम से लोगों से संपर्क करते हैं और उन्हें गंभीर अपराधों के लिए जांच के दायरे में होने का दावा करते हैं। धोखेबाज नकली पहचान, बैज या रेफरेंस संख्या प्रदान कर सकते हैं और आधिकारिक सोर्स आदि जैसा लगने वाला नकली फोन नंबर का भी उपयोग कर सकते हैं। वे पीड़ित को जुर्माना भरकर या जमा करके गिरफ्तारी या अन्य कानूनी परिणामों से बचने के लिए कहते हैं। पीड़ित को अक्सर इंवेस्टिगेशन फीस या जमानत की आड़ में पैसों को एक स्पेसिफिक अकाउंट में ट्रांसफर करने के लिए कहा जाता है। इसके बाद शुरू होता है लूट का खेल। इन घोटालों से बचने के लिए यह महत्वपूर्ण है कि आप सावधान रहें और अपनी व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा करें। यदि आपको ऐसा कोई फोन कॉल या संदेश मिलता है, तो तुरंत पुलिस या संबंधित अधिकारियों से संपर्क करें। आज के समय में डिजिटल अरेस्ट एक बहुत बड़ी चुनौती बन गया है, क्योंकि यह न केवल व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालता है, बल्कि आर्थिक और सामाजिक स्थिरता को भी प्रभावित करता है।

डिजिटल अरेस्ट के कारण वित्तीय धोखाधड़ी और आर्थिक नुकसान हो सकता है। सामाजिक स्थिरता पर भी प्रभाव पड़ सकता है, क्योंकि यह लोगों के बीच भय और असुरक्षा की भावना पैदा कर सकता है। डिजिटल अरेस्ट के मामलों में कानूनी प्रक्रिया जटिल और समय लेने वाली हो सकती है। डिजिटल अरेस्ट के लिए उपयोग की जाने वाली तकनीकें लगातार बदलती रहती हैं, जिससे इसका पता लगाना और रोकना मुश्किल हो जाता है। ऑनलाइन गतिविधियों में सावधानी बरतकर डिजिटल अरेस्ट से बचा जा सकता है। इसके अलावा मजबूत पासवर्ड और सुरक्षा उपायों का उपयोग करना चाहिए। व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा करें। संदिग्ध गतिविधियों की रिपोर्ट तुरंत करें। यही नहीं, डिजिटल अरेस्ट के बारे में शिक्षा और जागरूकता भी बढ़ाएं। ■

आज के दिन की प्रमुख हस्ती

सुप्रसिद्ध भारतीय पेशेवर मुक्केबाज

विजेंद्र कुमार सिंह का जन्म कलुवास गांव (भिवानी जिला), हरियाणा में हुआ था। विजेंद्र सिंह ने मुक्केबाजी की शुरुआत बचपन में भिवानी बॉक्सिंग क्लब से कोच जगदीश सिंह की देख-रेख में की। विजेंद्र सिंह, भारतीय ओलंपिक के इतिहास में मुक्केबाजी की स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने वाले प्रथम भारतीय मुक्केबाज हैं। ओलंपिक में कांस्य पदक विजेंद्र कुमार ने बीजिंग ओलंपिक में मुक्केबाजी के प्रथम चरण में गांबिया के बडोऊ जैक को 13-2 से पराजित किया। दूसरे चरण में थाइलैंड के अंगकान चोमफुहफुआंग को 13-3 से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। क्वार्टर फाइनल में इक्वाडोर के कारलोस गोजगोरा को 9-4 से पराजित कर सेमीफाइनल में पहुंच कांस्य पदक पक्का कर लिया था। इसके बाद 22 अगस्त, 2008 को सेमीफाइनल के मिडल वेट वर्ग में क्यूबा के अमीलो कोररिया से 5-8 के स्कोर से पराजित होकर भारतीय ओलम्पिक के इतिहास में मुक्केबाजी की स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने वाले प्रथम भारतीय मुक्केबाज बन गए। विजेंद्र सिंह ने वर्ष 2004 के एथेंस ओलंपिक में सर्वप्रथम भाग लिया, किंतु वह वेल्टर वेट वर्ग में तुर्की के मुस्तफा कारागोलेयू से 20-25 से पराजित हो गए। राष्ट्रमंडल खेल वर्ष 2006 में इंग्लैंड के नील पिरकिन्स को सेमीफाइनल में पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। ■

विजेंद्र कुमार सिंह
जन्म : 29 अक्तूबर,1985

अपनी बात

भगवान लक्ष्मण रामायण के एक आदर्श पात्र हैं। इनको शेषनाग का अवतार माना जाता है। रामायण के अनुसार, राजा दशरथ के तीसरे पुत्र थे, उनकी माता सुमित्रा थी। वे भगवान राम के छोटे भाई थे। इनकी पत्नी उर्मिला थी जो कि सीता की छोटी बहन थी। इन दोनों भाइयों राम-लक्ष्मण में अपार प्रेम था। उन्होंने राम-सीता के साथ 14 वर्षों का वनवास भोगा था। कौशल्या और कैकेयी इनकी सौतेली माताएं थीं। इन सभी चारों भाइयों की एक बड़ी बहन जो कौशल्यानंदिनी देवी शांता थी। उनके अन्य भाई भरत और शत्रुघ्न थे। भगवान लक्ष्मण हर कला में निपुण थे, चाहे वो मल्लयुद्ध हो या धनुर्विद्या। यद्यपि भारत में भगवान लक्ष्मण जी का अलग सा मंदिर विरल या बहुत कम है। क्योंकि मंदिरों में श्री राम तथा सीता जी के साथ सदैव लक्ष्मण जी की भी पूजा होती है। भगवान लक्ष्मण जी की विशेष पूजा में उन्हें नीलकमल पुष्प अर्पित करना चाहिए। अपने परिश्रम से कमाए हुए धन का छोटा सा भाग या चावल के कुछ दाने श्रद्धा और विश्वास से भगवान लक्ष्मण को अर्पित करने से अपने भक्त की सदैव रक्षा करते हैं। भगवान लक्ष्मण एक आदर्श अनुज हैं। राम को पिता ने वनवास दिया, किंतु लक्ष्मण राम के साथ स्वेच्छा से वन गमन करते हैं-ज्येष्ठानुवृति, स्नेह तथा धर्मभाव के कारण। श्रीराम के साथ उनकी पत्नी सीता के होने से उन्हें आमोद-प्रमोद के साधन प्राप्त है, किंतु लक्ष्मण जी ने समस्त आमोदों का त्याग कर केवल सेवाभाव को ही अपनाया। वास्तव में लक्ष्मण जी का वनवास श्रीराम के वनवास से भी अधिक महान है। लक्ष्मण जी सीता स्वयंवर में अपने बड़े भाई राम पर परशुराम के क्रोध को स्वयं में समाहित कर लिए थे।

सरूप सिंह, कांगड़ा

इंटर्नशिप संवाद, सहयोग व आलोचनात्मक सोच को बेहतर बनाती है

कल्पना कीजिए रीना (काल्पनिक नाम) के बारे में, जो देश के तीसरी श्रेणी के एक शहर के एक राज्य स्तरीय विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले एक कॉलेज से वाणिज्य में स्नातक है। उसके कॉलेज में कोई प्लेसमेंट सेल नहीं है और शैक्षणिक स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के बावजूद, शिक्षा प्राप्ति के बाद के उसके विकल्प सरकारी नौकरी की परीक्षा की तैयारी, पड़ोस के स्कूल में पढ़ाने (जिसके लिए उसके पास योग्यता हो भी सकती है और नहीं भी) या शादी कर लेने तक सीमित हैं। कुल मिलाकर, देश के एक तिहाई युवाओं (15-29 वर्ष की आयु के) और आधी से अधिक युवतियों की उपस्थिति शिक्षा, रोजगार या प्रशिक्षण के क्षेत्र में नहीं हैं।

यही नहीं, देश के युवाओं का एक बड़ा वर्ग किसी निजी कंपनी द्वारा नौकरी पर रखे जाने से कोसों दूर है। इस संदर्भ में, हाल ही में शुरू की गई पीएम इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) युवा सशक्तीकरण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता द्वारा समर्थित एक बाजार-आधारित और युवाओं द्वारा संचालित समाधान पेश करती है। पीएमआईएस को युवाओं के एक विशिष्ट समूह को शीर्ष 500 कंपनियों में 12 महीने की इंटर्नशिप का अवसर प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। कम आय वाले परिवारों के 21-24 वर्ष की आयु और मेट्रिक से लेकर स्नातक तक (आईआईटी स्नातक, सीए आदि को छोड़कर) की शैक्षणिक योग्यता रखने वाले युवा इस योजना के पात्र हैं। यह योजना 5000 रुपए का मासिक स्टाइपंड प्रदान करती है, जिसे सरकार (4500 रुपए) और कंपनी (500 रुपए) द्वारा संयुक्त रूप से वित्त पोषित किया जाता है। साथ ही, आकस्मिक व्यय के लिए अतिरिक्त 6000 रुपए भी दिए जाते हैं। इस योजना के प्रायोगिक चरण का लक्ष्य 2024 में 125 लाख युवाओं को लाभान्वित करना है, जबकि पांच वर्ष में एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप की सुविधा प्रदान करने का लक्ष्य है। इस योजना के तहत खर्च के लिए कंपनियां अपने सीएसआर फंड का भी उपयोग कर सकती हैं।

लंबे समय से इंटर्नशिप को युवा उम्मीदवारों और नियोक्ताओं के बीच पारस्परिक रूप से लाभप्रद एक व्यवस्था के रूप में जाना जाता रहा है। शिक्षा से जुड़े शोधकर्ताओं और शिक्षण से संबंधित वैज्ञानिकों ने कार्य-आधारित शिक्षा के महत्व को पहचाना है। डेविड कोल्डस, जॉन डेवी, कर्ट लुईस एवं कई अन्य विद्वानों द्वारा प्रवर्तित अनुभवात्मक शिक्षण से संबंधित दृष्टिकोण, विभिन्न अंतरराष्ट्रीय अध्ययनों के अनुसार

लेखक : वी. अनंत नागेश्वरन
आर्थिक सलाहकार

श्रमशक्ति के विकास के महत्वपूर्ण साधन साबित हुए हैं। इंटर्नशिप वास्तव में संवाद, सहयोग, रचनात्मकता और आलोचनात्मक सोच को बेहतर बनाती है। युवा उम्मीदवारों के लिए पीएमआईएस के तहत प्रदान किए जाने वाले इंटर्नशिप न केवल अवसर है बल्कि परिवर्तनकारी अनुभव भी है।

वे कॉरपोरेट जगत की वास्तविक दुनिया से परिचित कराती हैं, जो देशभर के अधिकांश कॉलेजों में पढ़ाई जाने वाली शिक्षा की अपेक्षाकृत अधिक व्यवस्थित एवं स्थिर दुनिया से काफी भिन्न है। अपने करियर की सर्वोत्तम राह को विकसित करने और पहचानने के अलावा उम्मीदवार जिम्मेदारी संभालने, समस्या के समाधान, निर्णय लेने, टीम वर्क और समय के प्रबंधन के बारे में व्यवहारिक प्रशिक्षण भी हासिल कर सकते हैं। इंटर्नशिप प्रवेश से संबंधित उन बाधाओं को भी तोड़ देती है, जिससे छोटे शहरों व गांवों के प्रतिभाशाली, ईमानदार और समर्पित युवाओं को भी जूझना पड़ता है। इन बाधाओं में धाराप्रवाह अंग्रेजी बोलना, ई-मेल से जुड़ा शिष्टाचार, कंप्यूटर व एमएस ऑफिस का उपयोग करना या विश्वसनीय एवं सर्वाधिक प्रासंगिक जानकारी के लिए इंटरनेट पर खोज करने जैसी बुनियादी चीजें शामिल है। देश के पमुख संस्थानों एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में जहां इंटर्नशिप प्रचलन में है, वहीं करियर संबंधी परामर्श एवं नौकरी-उन्मुख नेटवर्किंग की कमी के कारण राज्य स्तरीय विश्वविद्यालयों और कम प्रसिद्ध कॉलेजों में, यह एक असामान्य चीज बनी हुई है।

इन्हीं राज्य स्तरीय विश्वविद्यालयों और कम प्रसिद्ध कॉलेजों में अधिकांश युवा पढ़ते हैं। इस तरह, पीएमआईएस के जरिए बड़े पैमाने पर प्रदान किए जाने वाले इंटर्नशिप गैर-मेट्रो शहरों के युवाओं के लिए समान अवसर प्रदान करती है और संभावित प्लेसमेंट के लिए दरवाजे खोलने का काम करती है। व्यक्तिगत स्तर पर, नई मिली आर्थिक आजादी आत्मविश्वास बढ़ाती है और युवा प्रतिभाओं को बेहतर करने और ऊंचे लक्ष्य रखने के लिए प्रेरित करती है। युवतियों के मामले में, आर्थिक आजादी और आत्म-मूल्य की भावना शादी की उम्र और विवाह के पूर्व की शर्तें जैसी जीवन के फैसलों में बदलाव ला सकती है। नियोक्ता के लिए इंटर्नशिप न केवल दीर्घकालिक रोजगार के लिए उम्मीदवार की उपयुक्तता का परीक्षण करने का कम लागत वाला बेहतरीन प्रयोग है, बल्कि कौशल संबंधी अंतर को पाटने और उसके सीएसआर संबंधी उद्देश्यों को पूरा करने का रणनीतिक उपकरण भी है।

12 महीनों के दौरान कंपनी विश्वसनीय रूप से एक प्रशिक्षु के आईक्यू का आकलन कर सकती है और आत्मविश्वास के साथ प्रवृति के लिए नियुक्ति और कौशल के लिए प्रशिक्षण की बहुप्रशंसित रणनीति को लागू कर सकती है। व्यापक स्तर पर अर्थव्यवस्था की दृष्टि से पीएमआईएस राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप है और यह युवाओं के रोजगार को बढ़ावा देने एवं वंचित पृष्ठभूमि के युवाओं के लिए रोजगार की संभावनाओं से समानता लाने का एक तात्कालिक उपाय है। शिक्षा पूरी कर चुके युवाओं के लिए एक फिनिशिंग स्कूल के रूप में कार्य करके, इंटर्नशिप अर्थव्यवस्था में रोजगार रहित प्रतिभा के भारी नुकसान को कम करने में मदद करती है। इस प्रकार, पीएमआईएस रोजगार सृजन का एक ऐसा उत्प्रेरक है जिसके व्यापक प्रचार और सावधानीपूर्वक कार्यान्वयन की आवश्यकता है। इसका लक्ष्य लगातार भारत के जनसांख्यिकीय लाभांश के साथ बेहतर तालमेल बिठाना है। इस योजना के शुभारंभ के बाद से कॉरपोरेट जगत द्वारा दिखाई गई अत्यधिक रुचि भारतीय युवाओं को कुशल बनाने, उनकी रोजगार क्षमता को बढ़ावा देने और उनकी आजीविका को बेहतर बनाने के इस योजना के लक्ष्य की सफलता की दृष्टि से एक अच्छा संकेत है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

नजरिया

अहंकार में मनुष्य आसक्त हो जाता है

मनुष्य किसी चेहरे में, अहंकार में, जीव में आसक्त हो जाता है। 'मुझमें आसक्त मन वाला का मतलब है उसका केंद्र बदल गया'। जैसे 'मैं करता हूं' की जगह 'ईश्वर करता है' यह ध्यान किया तो केंद्र बदल गया, अहंकार की जगह ईश्वर की स्थापना हो गयी। चेहरे में आसक्त होने के बजाय हृदयस्थ ईश्वर में आसक्ति हो गई। केंद्र बदल गया। व्यक्ति वही है,चेहरा वही है, बूंद वही है मगर अब आसक्ति का केंद्र बूंद में रहा महासागर हो गया। है भी यही। हम वास्तव में व्यक्ति से नहीं अपितु उसके हृदय में रहे परमात्मा से ही प्रेम करते हैं। सच तो यही है। इसे स्वीकार कर सुखी क्यों नहीं हो जाते? क्यों नाम रूप में उलझे रहते हैं? या क्यों किसी को छुड़ाना चाहते हैं? केवल इतनी समझ देना काफी है कि वस्तुत: तुम हृदय में रहे परमात्मा में ही आसक्त हो। वही खींचता है।

उसी की शक्ति वास्तविक है। आसक्ति का अर्थ है, जिसमें हम आकर्षित हो रहे हैं, जिसमें हम खींचे जा रहे हैं, जिसमें हम बुलाए जा रहे हैं, जिसमें हम पुकारे जा रहे हैं, जिसके बिना हम जी न सकेंगे। तो चाहे कहें आसक्ति,चाहे कहें प्रेम, चाहे कहें अनन्य राग, चाहे कहें भक्ति, इससे कोई अंतर नहीं पड़ता। इतना ही प्रयोजन है कि जो परमात्मा की तरफ खिंचा जा रहा है,जिसके आकर्षण का बिंदुपरमात्मा हो गया। लगाव, अनुराग, संबंध, बंधन, प्रेम हरेक से नहीं होता। अगर कोई ऐसा हो जो सभी के हृदय में रहे भगवान श्री राम में आसक्त हो तो यह दुर्लभ घटना है। वह सभी से प्रेम करेगा, सभी की सेवा करेगा। ऐसे पुरुष कम ही होते हैं। ऐसे लोग ही अधिक हैं जो इससे या उससे मोह से, प्रेम से, आसक्ति से बंधे हैं। यह असामान्य रूप लेकर अनेक व्यक्तिगत, पारिवारिक, सामाजिक समस्याएं उत्पन्न करता है। उसे कहा जाता है-मोह छोड़ दो, संबंध तोड़ दो। कई बार आदमी स्वयं भी इस मोह से छूटना चाहता है मगर छूट नहीं पाता। तो छूटने की जरूरत नहीं है, केवल केंद्र बदलने की जरूरत है। बूंद से ध्यान हटाकर बूंद में रहे महासागर से प्रेम करना है, जीव की जगह भगवान श्री राम जैसे आसक्त मन वाला होना है। वही तो खींच रहा है। यह पता न होने से मुश्किल लगता है, लेकिन छोड़ने के लिए तो कहा नहीं जा रहा इसलिए मन में थोड़ा धैर्य बना रहता है।

लेखक : संजय गोस्वामी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

तात्पर्य है आपका जिसमें मोह है उसे मत छोड़िए, केवल उसके हृदय में रहे भगवान श्री राम को, कृष्ण को मोह का, आसक्ति का(अटेचमेंट का)पात्र बना लीजिए जो आपको अपने में आसक्त किए हुए है। वही कर सकता है और कौन कर सकता है? भगवान राम में आसक्त मनवाला जब हम कहेंगे, तो आसक्त शब्द का वही अर्थ न रह जाएगा, जो धन में आसक्ति वाला, यश में आसक्ति वाला। महासागर हर बूंद में है। सभी बूंदों में आसक्ति न हो,किसी एक में हो तो महासागर से आसक्ति का रूप बदल जाएगा। बूंद में आसक्त मन को खुद अपनी क्षुद्रता मालूम पड़ेगी। ऐसा भी कोई हो सकता है जो सैकड़ों, हजारों लहरों को देखता है मगर किसी में आसक्त न होकर सीधे सागर में ही आसक्त होता है।

सागर ही सभी लहरें बना हुआ है, इसलिए सागर से प्रेम, सागर से मोह में कोई बाधा नहीं होनी चाहिए। उसका कोई रूप अर्थात लहर नष्ट भी हो जाए तो कोई फर्क नहीं पड़ता। जलरूपी लहर वापस जलरूपी सागर में समा गई, उससे एक हो गई। सागर ने अपने उस रूप विशेष को वापस अपने में समेट लिया। मूल में कोई हानि नहीं हुई। अब अगर सागर के बजाय लहर विशेष में मोह है, तो उसके मिटने पर दुख होगा। सागर ही था, है और रहेगा, उसमें कोई उत्पत्ति, विनाश नहीं है यह जानना तो कोई दुख नहीं है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

कविता

दीप

डॉ.राजीव डोगरा

दीप जलते नहीं
जलाए जाते हैं।
मोहब्बत की नहीं
निभाई जाती है।
खुशियां आती नहीं
लाई जाती है।
अपने बनते नहीं
बनाए जाते हैं।
कर्म दिखाए नहीं
किए जाते हैं।
हमसफर दिखाया नहीं
बनाया जाता है।
सत्य समझाया नहीं
समझा जाता है।
श्री राम बनाए नहीं
कर्मों से बना जाता है।

हिमाचल में अभिशाप बन रहे सड़क हादसे

हिमाचल में सड़क हादसे अभिशाप बन रहे हैं। मानव खून सड़कों पर बह रहा हैं प्रतिदिन सड़कों पर लाशों के अंबार लग रहे हैं। एक बार फिर लाशों के ढेर लग गए लाशों को ढ़ापने के लिए कफन कम पड़ गए। शनिवार 26 अक्तूबर 2024 को मंडी के बरोट घटाशनी सड़क पर बरधान में डिबनु थानग के पास एक आल्टो कार करीब 100 मीटर गहरी खाई में जा गिरी कार में सवार पांच युवाओं की दर्दनाक मौत हो गई यह बहन को ससुराल छोड़ कर वापस लौट रहे थे मृतकों में तीन एक ही गांव धमच्यान के रहने वाले थे। ऐसा ही दर्दनाक हादसा दिसंबर 2023 को हुआ था जब काला दिन काल बनकर 11 लोगों को लील गया था। एक ही दिन ग्यारह लोग मौत की नींद सो गए थे तीन सड़क हादसों में कई घरों के चिराग बुझ गए थे। पहला हादसा शिमला जिला के सुन्नी में हुआ जहां एक पिकअप गहरी खाई में गिर गई और छ: लोगों की मौत हो गई थी। मरने वालों में जम्मू-कश्मीर के चार लोगों की मौत हो गई यह चारों एक ही गांव के रहने वाले थे तथा एक हफ्ता पहले ही काम पर सुन्नी आए थे। दूसरा हादसा ददाहू संगड़ाह मार्ग पर एक टिपर खाई में गिर गया और दो लोगों की मौत हो गई और दो लोग घायल हो गए थे।

तीसरा हादसा मंडी जिले के गोहर के केलोधार में शादी समारोह में भाग लेकर जंजेहली लौट रहे तीन लोगों की कार खाई में गिर गई और तीनों की मौत हो गई और दो घायल हो गए इस हादसे में पति पत्नी की मौत हो गई थी। एक दिन में ग्यारह लोगों की मौत से लोग सदमे में है। हिमाचल में सड़क हादसों की लकीर नियति ने बहुत गहरी लिख दी है।सड़क हादसे अभिशाप बनते जा रहे है। 2024 के 10 महीनों में हजारों लोग मौत के मुंह में समा चुके हैं। हादसों को देखकर हालात ऐसे बन गए है कि अल सुबह घर से निकले लोग शाम को घर पहुंचेंगे इसकी कोई गारंटी नहीं होती है। सड़क हादसों हर रोज घरों के चिराग बुझ रहे हैं। बच्चे अनाथ हो रहे हैं। माताओं व बहनों के सिंदूर मिट रहे हैं। यह सिलसिला अनवरत जारी है।

लेखक :नरेंद्र भारती
स्वतंत्र पत्रकार

हिमाचल में किन्नौर से लेकर भरमौर तक प्रतिदिन भीषण व दर्दनाक सड़क हादसे होते जा रहे हैं। 2 नवंबर 2023 को करवा चौथ के दिन मंडी व बिलासपुर में दो सड़क हादसों में तीन महिलाओं समेत छह की मौत हो गई थी और आठ लोग घायल हो गए थे यह बहुत ही दर्दनाक हादसा हुआ था, जो असमय ही इतनी जिंदगियां लील गया था। करवाचौथ के दिन हुआ यह हादसा कभी नहीं भूलेगा। चारों तरफ चीखो पुकार मच गई पल भर में लोग चिथड़ों में बदल गए। भीषण सड़क हादसे कब रुकेंगे यह एक यक्ष प्रश्न बन गया है। दर्दनाक हादसे में किसी ने अपना पति तो किसी ने अपनी पत्नी खोई है। कोटली व घुमारवीं में हुए इन हादसों से लोग मातम में हैं। वर्ष 2018 में शिमला से 130 किलोमीटर दूर मुगंरा में एक वाहन के खाई में गिरने से 13 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी। हादसें में मरने वालों में पांच लोग एक ही परिवार के थे मरने वालों में ज्यादातर चिड़गांव के गांवों के थे। मरने वालों में चार महिलाएं आठ पुरुष व एक बच्ची थी। मृतक आपस में करीबी रिश्तेदार थे।

मौत के इस दर्दनाक मंजर में हुई इन अकाल मौतों से हर हिमाचली गमगीन हुआ था। यह लोग हाटकोटी से उत्तराखंड में मंदिर दर्शन को जा रहे थे। मगर मंदिर पहुंचने से पहले ही काल के गाल में समा गए। हर रोज सड़के खून से लाल हो रही है लाशों के ढेर लग रहे हैं। लापरवाही से घरों के चिराग असमय बुझते जा रहे हैं। परिवार के परिवार खत्म हो रहे हैं। लाशों के अग्नि देने वाले भी नहीं बच रहे हैं। हजारों लोग ताउम्र हादसों का दंश झेल रहे हैं। पल भर में जीता-जागता आदमी लाशों के चिथड़ों में तब्दील हो रहा है। बच्चे अनाथ हो रहे हैं। प्रदेश में प्रतिदिन हो रहे इस मौत के तांडव को रोकने के लिए कारगर कदम उठाने होगें। इन सड़क हादसों से हर हिमाचली उद्वेलित है। गत वर्ष शिमला के रामपुर के खनेरी में पास बस के खाई में गिर जाने से 28 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी। कांगड़ा के देहरा के ढलियारा में श्रद्धालुओं की एक बस खाई में गिरने से 10 लोगों की मौत हो गई थी और 45 के लगभग बुरी तरह से घायल हो गए थे। बस 200 मीटर गहरी खाई में गिरी थी। प्रदेश में हर रोज हादसों का सिलसिला जारी है। प्रतिदिन भीषण हादसे होते जा रहे हैं।

प्रदेश में एक दिन में 13 लोगों की मौतें बहुत ही दुखद है। प्रदेश में ऐसा कोई दिन नहीं होता जब किसी की सड़क हादसे में मौत न हुई हो हादसों का यह क्रम लगातार जारी है। सबक न सीखना लोगों की आदत बन गया है इतने हादसे हो रहे हैं, मगर सुधार शून्य ही है। इस पर मंथन करना होगा। जनवरी 2023 से लेकर अक्तूबर 2023 दस महीनों में हजारों हादसे हो चुके हैं और हजारों लोग मारे जा चुके हैं और यह सिलसिला थमनें का नाम नहीं ले रहा है। इससे पहले कई भीषण हादसे हो चुके हैं। कुछ साल पहले भीषण हादसा मंडी के झिड़ी में हुआ था जब एक निजी बस चालक की लापरवाही के कारण 40 से अधिक लोगों की असमय मौत हो गई थी। व्यास नदी में गिरी इस बस में लगभग 70 सवारियां सवार थी। चालक कथित तौर पर मोबाइल फोन पर बात कर रहा था कि बस अनियंत्रित हो गई और नदी में समा गई। पल भर में ही यात्री लाशों में तब्दील हो गए। गनीमत रही कि राफटिंग दल ने जान जोखिम में डालकर 17 लोगों की जिंदगियां बचा ली नहीं तो मरने वालों का आंकड़ा 60 हो जाता यह हादसा नहीं सरासर हत्या थी कि चालक ने खुद छलांग लगाकर यात्रियों को असमय मौत के मुंह में धकेल दिया। बीते हादसों से न तो यात्रियों ने सबक सीखे और न ही प्रशासन ने कोई सबक सीखा। अक्सर देखा गया है कि ज्यादातर हादसे ओवरलोडिंग के कारण होते हैं, क्योंकि इस 42 यात्रियों की क्षमता वाली बस में 70 यात्री सफर कर रहे थे। कांगड़ा के आशापुरी में तथा बिलासपुर केबंदला में भी ऐसे भीषण हादसे हो चुके हैं। अप्रैल माह में चंबा में भी 12 यवकों की मौत हो गई थी। हमीरपुर में भी मजदूर दिवस के दिन एक टाटा सूमो के खाई में गिरने से 10 मजदूरों की मृत्यु हो गई थी। बीते 2023 में इतने बड़े-बड़े हादसे हुए, मगर इसमें सुधार नहीं हुआ। आखिर कब थमेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

पाठकों के पत्र...

आज के परिपेक्ष्य में प्रिंट मीडिया चुनौतियों से गुजर रहा है पर अनंत ज्ञान समाचार पत्र ने जिन परिस्थितियों में पर्दापर्ण किया उस से स्पष्ट है कि चुनौतियों से लड़कर आगे बढ़ा जा सकता है। अखबार में नवाचार के साथ देश दुनिया के अलावा हिमाचल प्रदेश के शहर, उपमंडल और पंचायत स्तर की खबरों को प्रमुख्ता से प्रकाशित किया जा रहा है जो कि सराहनीय है। अनंत ज्ञान अपने आप में संपूर्ण अखबार है। मैं समाचार पत्र समूह के सभी सदस्यों को दीपावली की शुभकामनाओं के साथ उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं।

डॉ. अतुल कुमार,सोलन

मैं जिला ऊना के नारी ग्राम पंचायत नारी ऊना का स्थायी निवासी हूं। महोदय हमारे गांव और अधिकांश क्षेत्र के लोग कृषि पर आधारित हैं। यहां जंगली जानवरों की समस्या सालों से बनी हुई है। हमारे गांव के साथ लगते जंगली क्षेत्र हैं। जंगली जानवरों खासकर बंदरों और नील गउओं की समस्या से सब परेशान हैं। यहां अधिकांश लोग कृषि व्यवसाय से भी जुड़े हैं और किसानों की समस्याएं भी अधिक हैं। बेरोजगारी भी समस्या है। इन सभी समस्याओं को दूर करने के लिए अनंत ज्ञान समाचार पत्र के माध्यम से प्रयास किया गया है। कृषि संबंधी जानकारी के कई समाचार प्रकाशित हुए भी हैं। अखबार का डिजिटल संस्करण पढ़ता हूं। डिजिटल संस्करण काफी रोचक लगा है। अखबार की प्रति लेने के लिए जिला मुख्यालय भी जाना पड़ता है। अनंत ज्ञान समाचार पत्र क्षेत्र के कई आसपास के गांवों में हॉकर्स के पास उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। आपसे आग्रह है कि अगर कोई व्यवस्था हो पाए, तो कोटला कलां से नारी आदि रूट पर समाचार पत्र पहुंचने की व्यवस्था की जाए। इसके अलावा समाचार पत्र में रोजगार संबंधी समाचार और जानकारी होनी चाहिए।

लक्की (नारी, ऊना)

मैं जिला ऊना के चक सराय ग्राम पंचायत की स्थायी निवासी हूं। हमारा क्षेत्र दुर्गम है। महोदय हमारे क्षेत्र में अधिकांश लोग कृषि कार्य पर आधारित हैं। यहां लावारिस जानवरों के साथ जंगली जानवरों की समस्या भी प्रमुख है। हमारे गांव के साथ लगते पहाड़ी क्षेत्र हैं। जंगली जानवरों खासकर बंदरों और नील गाय की समस्या से सब परेशान हैं। यहां अधिकांश लोग कृषि व्यवसाय से भी जुड़े हैं और किसानों की समस्याएं भी अधिक हैं। बेरोजगारी भी समस्या है। इन सभी समस्याओं को दूर करने के लिए अनंत ज्ञान समाचार पत्र के माध्यम से प्रयास किया गया है। कृषि संबंधी जानकारी के कई समाचार प्रकाशित हुए भी हैं। अखबार का डिजिटल संस्करण पढ़ती हूं। डिजिटल संस्करण काफी रोचक लगा है। अखबार की प्रति लेने के लिए जिला मुख्यालय भी जाना पड़ता है। अनंत ज्ञान समाचार पत्र क्षेत्र के कई आसपास के गांवों में हॉकर्स के पास उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। आपसे आग्रह है कि अगर कोई व्यवस्था हो पाए, तो टकारला, चुरडू से बडूही आदि रूट पर समाचार पत्र पहुंचने की व्यवस्था की जाए। इसके अलावा समाचार पत्र में शिमला मुख्यालय से अधिकांश समाचार और रोजगार संबंधी समाचार और जानकारी होनी चाहिए।

पंकज कुमार (चक सराय, ऊना)

मैं जिला ऊना के जसाना ग्राम पंचायत का स्थायी निवासी हूं। महोदय हमारे क्षेत्र में जंगली जानवरों विशेषकर बंदरों की समस्या गंभीर है। इसके अलावा नशाखोरी, अवैध खनन और वन माफिया की समस्या भी है। यहां कृषि के कार्य से जुड़े लोग भी हैं। यहां लोग कृषि से जुड़े हैं इसलिए किसानों को जंगली जानवरों की समस्या बड़ी है। इन समस्याओं को दूर करने के लिए अनंत ज्ञान समाचार पत्र के माध्यम से प्रयास किया गया है। हमारी जानकारी पर कुछ समाचार प्रकाशित हुए भी हैं। अब तक आपका डिजिटल संस्करण पढ़ता हूं। अखबार की प्रति लेने के लिए बंगाणा एजेंसी भी जाना पड़ता है। अनंत ज्ञान समाचार पत्र क्षेत्र के कई आसपास के गांवों में हॉकर्स के पास उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। आपसे आग्रह है कि अगर कोई व्यवस्था हो पाए, तो खड़ोल, चराड़ा, लखरूं, करमाली, समलाड़ा आदि क्षेत्र में समाचार पत्र पहुंचने की व्यवस्था की जाए। यहां जंगली जानवरों की वजह से किसानों की फसलों का भी नुकसान होता है। इसके अलावा समाचार पत्र में रोजगार संबंधी समाचार और जानकारी होनी चाहिए।

मदन कुमार (जसाना, ऊना)

पाठक अपने पत्र और सुझाव यहां भेज सकते हैं
Email : editoranantgyaan@gmail.com
Whatsapp no. : 88945-21702

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

न्यूज ब्रीफ

मतदाता सूची को लेकर लगाया प्रशिक्षण शिविर

अनंत ज्ञान, पधर। एसडीएम पधर सुरजीत सिंह की अध्यक्षता में द्रंग विधानसभा क्षेत्र के लिए फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के लिए एसडीएम कार्यालय पधर के सभागार में अभिहित अधिकारी, बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर एसडीएम ने उपस्थित अभिहित अधिकारियों, बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर को अपने वृत में फोटोयुक्त मतदाता सूचियां में नाम दर्ज करने, अपात्र व्यक्तियों के नाम हटाने, दिव्यांगजन चिन्हित करने, नाम में शुद्धिकरण व नाम के अन्यत्र स्थानांतरण के लिए अपनाई जाने वाली विभिन्न प्रकार की प्रक्रिया पर विस्तृत जानकारी दी गई। इसके लिए मंगलवार 29 अक्टूबर से वीरवार 28 नवम्बर तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

पधर में चिन्हित स्थान पर ही बिकेंगे पटाखे

अनंत ज्ञान, पधर। आगामी दीपावली त्यौहार को ध्यान में रखते हुए उपमण्डल पधर में प्रशासन द्वारा निर्धारित स्थान को छोड़कर अन्य स्थानों पर आतिशबाजी व पटाखे बेचने पर पूर्ण पाबंदी लगा दी गई है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत एक आदेश जारी करते हुए एसडीएम पधर सुरजीत सिंह ने बताया कि चिन्हित स्थान को छोड़कर पधर में आतिशबाजी एवं पटाखों की बिक्री पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। इसके मुताबिक उपमंडल पधर में पटाखों की बिक्री केवल निर्धारित स्थान पर ही बेचे जाएंगे। पंचायत घर डलाह का मैदान, पटवारखाना उरला का पिछला भाग, कुन्नू में हरडगलू मेले का मैदान, बरोट में लक्कड़ बाजार और पाली में पटवारखाना के पास खुला क्षेत्र में ही हो सकेगी। चयनित स्थल के अतिरिक्त अन्य किसी भी स्थान पर पटाखों व आतिशबाजी के भंडारण व बिक्री पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगी। यह आदेश तुरंत प्रभाव से लागू होंगे।

29 से होगा मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण : मनीश

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर। जोगिंद्रनगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की फोटोयुक्त मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 29 अक्टूबर से 28 नवंबर तक किया जा रहा है। फोटोयुक्त मतदाता सूची के लिए अर्हता तिथि एक जनवरी, 2025 निर्धारित की गई है। इस संबंध में सोमवार को बीएलओ व बीएलओ सुपरवाइजर की बैठक का भी आयोजन किया गया। बैठक में निर्वाचन सहायक मोहन सिंह ने इस विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण बारे विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस की बात की पुष्टि करते हुए एसडीएम एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, जोगिंद्रनगर मनीष चौधरी ने बताया कि फोटोयुक्त मतदाता सूचियों का प्रारूप 29 अक्टूबर को सभी मतदान केंद्रों और निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के कार्यालयों में उपलब्ध रहेगा। उन्होंने बताया कि यदि किसी के संबंधित मतदाता अपने दावे व आक्षेप 29 अक्टूबर से 28 नवंबर, 2024 तक संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण कार्यालयों तथा मतदान केंद्रों में दाखिल कर सकते हैं।

अंचल स्तरीय खेलों में बच्चों ने दिखाए जौहर

अनंत ज्ञान, पंडोह। एकल अभियान के तहत संचालित किए जा रहे एकल विद्यालयों की अंचल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन पंडोह स्थित दवाड़ा बटालियन के मैदान में किया गया। इसमें मंडी अंचल के तहत आने वाले 10 संचों से आए 200 बच्चों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा के जौहर दिखाए। प्रतियोगिताओं का शुभारंभ द्रंग मंडल भाजपा के सचिव शेर सिंह ने किया। वहीं, अंचल शिक्षिका बिंद्रा ठाकुर ने बताया कि इन प्रतियोगिताओं में 200 बच्चे 100, 200, 400, 600 मीटर रेस, कुश्ती, हाई जम्प, लांग जम्प और कबड्डी जैसी खेलों में भाग ले रहे हैं। इस मौके पर समाजसेवी मोहन सिंह, अंचल समिति संस्कार शिक्षा के अध्यक्ष मनोहर लाल और उपाध्यक्ष देश राज सहित अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। प्रतियोगिता का समापन मनोहर लाल ने किया। उन्होंने विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

बाल मेले में गुरुकोठा के बच्चों ने हासिल की पोजिशन

अनंत ज्ञान, लेदा। रावमापा रिवालसर में आयोजित दो दिवसीय खंड स्तरीय बाल मेले के आयोजन में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गुरुकोठा के बच्चों ने भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इस प्रतियोगिता में गुरुकोठा स्कूल के आठ बच्चों ने विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में भाग लिया जिसमें वाद विवाद प्रतियोगिता में जीविका और मनजीत ने प्रथम स्थान हासिल किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कनिका और राहुल ने प्रथम स्थान हासिल किया, विज्ञान मॉडल में अतुल और ललिता ने द्वितीय स्थान और शिक्षक अधिगम सामग्री प्रतियोगिता में अंजलि और मोहित ने द्वितीय स्थान अर्जित कर पाठशाला की शोभा बढ़ाई। इस मौके पर पंचायत उपप्रधान नरेश और एसएमसी प्रधान दिलीप सिंह भी मौजूद रहे।

लड़भड़ोल कॉलेज में केंद्रीय छात्र परिषद का गठन

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर। राजकीय महाविद्यालय लड़भड़ोल में सत्र 2024-2025 के लिए केंद्रीय छात्र परिषद (सीएससीए) का गठन कर पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में बीए तृतीय वर्ष की राखी ठाकुर ने प्रधान, बीकॉम तृतीय वर्ष की पल्लवी ने उप प्रधान, बीए प्रथम वर्ष की गुंजन ने सचिव, और बीए द्वितीय वर्ष की पल्लवी ने सह सचिव के पद की शपथ ग्रहण की। विभिन्न कक्षाओं के प्रतिनिधियों और एनएसएस, स्पोर्ट्स, कल्चर, रोड सेफ्टी क्लब से चयनित विद्यार्थियों को भी परिषद के सदस्य के रूप में शपथ दिलाई गई।

बाल मेले के विजेता छात्रों का किया स्वागत

अनंत ज्ञान, मंडी। राजकीय प्राथमिक पाठशाला गढ़गांव के खंड स्तरीय बाल मेले में जीतकर लौटे छात्र व छात्रा को सोमवार को स्कूल में गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। स्कूल प्रबंधन समिति ने विजेता छात्र व छात्रा को हार पहनाई व लड्डू खिलाकर मुंह मीठा करवाया। बता दें कि राजकीय प्राथमिक पाठशाला गढ़गांव के चार नौनिहालों ने पधर में आयोजित खंड स्तरीय बाल मेले में हिस्सा लिया, जिसमें तीसरी कक्षा के आरव ने बोरी दौड़ में दूसरा स्थान जबकि पांचवीं कक्षा की कनिका ने लोकनृत्य में अपनी धरमेहड़ की छात्राओं के साथ हिस्सा लेकर प्रथम स्थान हासिल किया। अब ये विजेता छात्र व छात्रा जिला स्तरीय बाल मेले में शिक्षा खंड द्रंग-2 का प्रतिनिधित्व करेंगे।

प्राकृतिक आपदा से निपटने पर प्रशिक्षण व जागरूकता कार्यशाला का शुभारंभ

चार पंचायतों से 60 वॉलंटियरों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

अनंत ज्ञान, गोहर। किसी भी प्राकृतिक आपदा व मानसून के दौरान होने वाली आपदाओं से निपटने के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मंडी द्वारा 28 से 30 अक्टूबर तक तीन दिवसीय टास्क फोर्स स्वयंसेवक वालंटियर कार्यशाला का आयोजन एसडीएम कार्यालय में एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट की अध्यक्षता में शुभारंभ हुआ। एसडीएम ने पंचायतों से आए हुए सभी वॉलंटियर्स को किसी भी प्रकार की प्राकृतिक आपदा से निपटने व उनसे संबंधित बचाव व राहत कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। प्रशासन व वालंटियर आपसी समन्वय के साथ आपदा के दौरान बचाव और राहत कार्यों को अधिक तेजी व सुचारू रूप से संपन्न करें ताकि आपदा से होने वाली जान माल की क्षति को कम से कम किया जा सके।

उपायुक्त ने विशेष बच्चों में बांटी मिठाई

अनंत ज्ञान, मंडी। जिला रेडक्रास सोसायटी के अध्यक्ष एवं उपायुक्त अपूर्व देवगन ने सोमवार दिपावली के उपलक्ष्य पर बाल गृह तल्याहड़ तथा विशेष बच्चों के विद्यालय नागचला में वहां रहने वाले बच्चों को उपहार, मिठाई और कम्बल वितरित किए। उपायुक्त को अपने बीच पाकर बच्चे भी बहुत खुश हुए। उपायुक्त ने वहां रहने वाले बच्चों के साथ समय बिताया। उन्होंने बच्चों से बातचीत कर उनके रहन-सहन की सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि इन बच्चों को हर सुविधा प्रदान की जाएगी। नागचला में सहयोग विशेष विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। उपायुक्त ने बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हुए उन्हें दीपावली की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बच्चों से कहा कि वह दिवाली का त्यौहार पूरी सुरक्षा के साथ और मिलकर मनाएं।

नगर निगम ने मनाया चौथा स्थापना दिवस, महापौर ने रखा 4 साल के कार्यों का ब्यौरा, कहा–

विकासात्मक कार्यों पर खर्च होंगे 7 करोड़

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

नगर निगम की स्थापना दिवस व प्री दीपावली का आयोजन नगर निगम के महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा की अध्यक्षता में निगम के टाउन हॉल कार्यालय में किया गया। जिसमें महापौर द्वारा नगर निगम की स्वर्णिम यात्रा वृतान्त वहां पर उपस्थित सभी सदस्यों को बताया गया। इस दौरान महापौर ने सभी शहर वासियों को दीपावली की बधाई दी और 4 साल पूर्व तक किए गए कार्यों को मौजूदा व्यवस्था में गति देते हुए नए–नए प्रयास किए है। उन्होंने बताया कि पूरे निगम क्षेत्र में लगभग 5000 से ज्यादा स्ट्रीट लाइटों का प्रबंध किया गया है जिसके लिए हर माह लगभग 10 लाख की धनराशि व्यय की जा रही है। निगम द्वारा नए क्षेत्रों में भी स्ट्रीट लाईटों का प्रबंध करने का उदेश्य से अब तक लगभग 4 करोड़ रूपए व्यय किए गए हैं। पुरानी तारों और लाईटों को बदलने के लिए सभी वार्डों में लगभग 50 लाख रूपए खर्च किए गए हैं।

स्थानीय निवासियों को पार्क तथा पार्किंग जैसी बहु उपयोगी सुविधा प्रदान करने हुए नगर निगम द्वारा तीन नए पार्कों के निर्माण पर लगभग 1.50 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। टिम्बर डिपो वार्ड नम्बर 1 में बनाई गई पार्किंग पर 30 लाख रुपए की राशि खर्च की जा रही है। इसी कड़ी में पीपीपी मूड पर यू ब्लॉक में मल्टी स्टोरी पार्किंग का निर्माण कार्य भी जोर शोर से किया जा रहा है।

स्थापना दिवस पर नगर निगम के महापौर, पार्षद, आयुक्त एवं अन्य कर्मचारी।

लोगों के स्वास्थ्य की चिंता करते हुए हाल ही में भ्यूली में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का निर्माण किया जा रहा है जिस पर 70 लाख रुपए खर्च किए जा रहे हैं। अन्य विकासात्मक कार्यों में म्युनिसिपल रोड, रास्ते मृदा संरक्षण, रिपेयर, चैनेलाईजैशन, पुरातन स्थलों के रख रखाव इत्यादि के लिए अब तक लगभग 20 करोड़ रूपए की धनराशि व्यय की जा चुकी है तथा लगभग 7 करोड़ रुपए के कार्य जल्द ही शुरू होने वाले है। नगर के बड़े बुजुर्गों को ध्यान में रखते हुए निगम द्वारा अब तक 45 लाख रुपए खर्च कर शहर भर में बैंच रखे गए है और जल्द ही 37 लाख खर्च कर नए बैंच लगाने की पूरी तैयारी हो चुकी है।

उन्होंने बताया कि बच्चों को पढ़ने के लिए नगर निगम द्वारा शहर में पांच नए पुस्तकालय खोले गए है जिस पर 50 लाख खर्च करके 150 बच्चों के बैठने की व्यवस्था की गई है। इन्ही पाठन केन्द्रों में सुंदर व्यवस्था के साथ साथ फ्री इन्टरनेट जैसी जरूरी सुविधा भी प्रदान की जा रही है। साथ ही हर वर्ष लगभग 5 लाख रुपए त्योहारों के आयोजन के लिए खर्च किए जा रहे हैं ताकि संस्कार रीति रिवाज कायम रहे। इस अवसर पर नगर निगम के समस्त पार्षदगण, आयुक्त एचएस राणा, अधिशासी अभियंता दीपक महाजन, सहायक अधिशासी अभियंता ई एचसी जसवाल, लेखा अधिकारी राकेश गुलेरिया व निगम के कर्मचारी उपस्थित रहे।

शहर के 270 विक्रेता पीएम स्वनिधि योजना से जुड़े

शहर के लगभग 270 पंजीकृत विक्रेताओं को पीएम स्वनिधि योजना से जोड़कर डेढ़ करोड़ रुपए का आसान ऋण प्रदान किया है। इस प्रकार प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शहर के लगभग 200 गरीब परिवारों को नए मकान स्वीकृत करते हुए लगभग 4 करोड़ की राशि प्रदान की गई है। शहर की साफ सफाई व्यवस्था को कायम रखने के उद्देश्य से वर्तमान में 200 से ज्यादा सफाई मित्र नगर निगम द्वारा कार्य हेतु रखे गए है साथ ही कूडे कचरे के उचित एकत्रीकरण ट्रांसपोर्टेशन वह निष्पादन उन्होंने कहा की इन कार्यक्रमों का सीधा लाभ आज हर नगर वासी को मिल रहा है जब सभी अधिकारी कर्मचारी पार्षद आपसी तालमेल के साथ आगे बढते हुए विकास के नित नए आयाम स्थापित कर रहे है।

विकांक्षा चौहान अंडर–17 गर्ल्स राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए चयनित

अनंत ज्ञान, मंडी

राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (बाल) बिलासपुर में 26 से 28 अक्तूबर तक चली। राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के अंतिम दिन अंडर–17 छात्रा वर्ग के ट्रायल लिए गए।

शतरंज प्रतियोगिता के कन्वीनर एवं चीफ आर्बिटर हंसराज ठाकुर ने बताया कि अंडर 17 आयु वर्ग में प्रदेश के युवाओं का शतरंज की तरफ रुझान निरंतर बढ़ता जा रहा है व खिलाड़ियों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। इस ट्रायल जिला मंडी के राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चैलचौक की छात्रा विकांक्षा चौहान अंडर 17 राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता में हिमाचल टीम का प्रतिनिधित्व करेगी । इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य बृजलाल, प्रवक्ता शारीरिक शिक्षा हंसा ठाकुर, विद्यालय के समस्त स्टाफ व स्थानीय एसएमसी के सदस्यों ने बेटी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के चीफ ऑर्बिटर एवं कन्वीनर हंस राज़ ठाकुर ने बताया कि अंडर 17 आयु वर्ग की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शिमला से आरुषि ठाकुर ,हमीरपुर से श्रेया गुलेरिया, चंबा से वर्षा व काजल व मंडी से विकांक्षा चौहान राज्य स्तर पर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुई है । प्रतीक्षा सूची में कुल्लू की रिया,चंबा की श्रेया व शिमला की इनायत शामिल हैं।

230 अभ्यर्थी साक्षात्कार के लिए चयनित

मंडी। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मंडी मे दो दिवसीय प्लेसमेंट के पहले दिन को मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड कंपनी जो कि गुड़गांव मानेसर के लिए टेंपरेरी वर्क मैन के लिए उपस्थित अभ्यर्थियों की असेसमेंट हुई। संस्थान के प्रधानाचार्य इंजीनियर रविंद्र सिंह बनायाल ने जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार को असेसमेंट हुई और मंगलवार को इंटरव्यू होगा। साक्षात्कार में फिटर, डीजल मैकेनिक आदि में पास आउट अभ्यर्थियों ने भाग लिया, को इंटरव्यू में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया इन्हीं 230 अभ्यर्थियों में से ही फाइनल सिलेक्शन होगा।

धर्मपुर में लोकल उत्पादों की बिक्री शुरू

अनंत ज्ञान, धर्मपुर

धर्मपुर में महिलाओं द्वारा निर्मित मिठाई और अन्य स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से दो दिवसीय दीपावली उत्सव उड़ान आज शुरू हुआ, जिसका शुभारंभ विधायक चंद्रशेखर धर्मपुर ने किया और सहकारी बैंक के निदेशक प्रियव्रत शर्मा और डॉ. दिनेश शर्मा ने बतौर विशेष अथिति व अन्य दर्जनों अतिथों ने भागीदारी की।

इस मौके पर एफपीओ ने अपना गीत ‘चमकेगा पहाड़ी रत्न’ भी लांच किया, जिसे विपिन सकलानी, विजय कुमार और संजीव भारद्वाज इत्यादि ने लिखा व गाया है और भैरवी स्टूडियो बणी–बड़सर में रिकॉर्ड किया गया है।

दो दिवसीय मेले में उत्पादों की जानकारी प्राप्त करते हुए विधायक।

इसके अलावा विभागों द्वारा प्रदर्शनियां भी लगाई गई, जिसमें आत्मा व शिवा परियोजना आजीविका मिशन प्राकृतिक खेती तथा राज्य श्रमिक कल्याण बोर्ड द्वारा मनरेगा मजदूरों के लिए जागरूकता शिविर लगाया गया। मेले का उद्घाटन करते हुए मुख्य अथिति चंद्रशेखर ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से कैंसर, शुगर और हार्ट अटैक जैसी बीमारियां बढ़ रही हैं। हमने अपना पुराना कृषि तंत्र छोड़ दिया है जिसे पुनर्जीवित करने की जरूरत है और मिलीजुली खेती को बढ़ावा देना होगा। प्रियव्रत शर्मा ने कहा कि खुद लंबे अरसे से सहकारिता से जुड़े हैं, लेकिन धरातल पर सहकारिता का मॉडल एफपीओ धर्मपुर द्वारा कायम किया जा रहा है और दो साल की अवधि में ही इसने राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना ली है जो पूरे धर्मपुर व सहकारिता विभाग के लिए गौरव का विषय है।

अधिकारियों और कर्मचारियों ने भ्रष्टाचार उन्मूलन की ली शपथ

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर

शपथ लेते हुए अधिकारी व कर्मचारी।

केंद्रीय सतर्कता आयोग नई दिल्ली के निर्देशों के अनुसार बीएसएल परियोजना सुंदरनगर में सतर्कता जागरूकता सप्ताह की शुरुआत की गई। इस अवसर पर शपथ ग्रहण समारोह में उप मुख्य अभियंता ई. केएस ठाकुर ने अधिकारियों और कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा शपथ दिलाने की प्रक्रिया पूरी की।

समारोह के आरंभ में परियोजना के जन संपर्क अधिकारी एससी कटोच ने इस वर्ष की थीम सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि तथा सतर्कता जागरूकता सप्ताह की पृष्ठभूमि और लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे सतर्कता जागरूकता विषय पर जानकारी दी।

ई. ठाकुर ने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को भ्रष्टाचार उन्मूलन में सहयोग देने की अपील की। इस अवसर पर बीएसएल परियोजना के अनेक अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

सीनियर फुटबॉल प्रतियोगिता ट्रॉफी सिरमौर के नाम

मंडी। ऐतिहासिक पड्डल मैदान में 57 वीं सीनियर फुटबॉल प्रतियोगिता में आज दो सेमीफाइनल मैच खेले गए। पहला मैच ऊना व साई कांगड़ा के मध्य हुआ। यह मैच साई कांगड़ा ने 3–0 से जीता। कांगड़ा के खिलाड़ी शिवम ने दो व विशाल ने एक गोल किया। दूसरा सेमीफाइनल सोलन व सिरमौर के मध्य हुआ। यह मैच सिरमौर ने 3–0 से जीता। सिरमौर के खिलाड़ी मनिंदर ने दो व अमर ने एक गोल किया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच साई कांगड़ा और सिरमौर के मध्य खेला गया। सिरमौर ने 1–0 से यह मैच जीता। इस प्रकार इस बार की ट्रॉफी पर सिरमौर का कब्जा रहा।

दीपावली पर पुलिस अलर्ट वाहनों की ली तलाशी

जोगिंद्रनगर। दीपावली पर्व को देखते हुए मंडी पुलिस पूरी तरह सतर्क हो गई है और जिले में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। हाईवे पर संदिग्ध वाहनों की तलाशी के साथ ही शहर के होटलों में पुलिस की टीमें छापेमारी कर बाहरी राज्यों से आए लोगों के दस्तावेज जांच रही हैं। जोगिंद्रनगर थाना के अंतर्गत पुलिस चौकी घट्टा ने मंडी–कांगड़ा सीमा और अन्य प्रमुख सड़कों पर हाईवे पेट्रोल पुलिस के साथ मिलकर नाकेबंदी कर रखी है। शहर के गलू, हराबाग और चौंतड़ा में भी पुलिस की टीमें निरंतर पेट्रोलिंग कर रही हैं और संदिग्ध वाहनों पर नजर बनाए हुए हैं।

वृद्धाश्रम में आवश्यक वस्तुएं की वितरित

अनंत ज्ञान, मंडी

भ्रमण के दौरान मौजूद बच्चे व अन्य।

सोमवार को डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल जवाहर नगर मंडी के आर्य युवा समाज के प्रभारी सदस्यों व विद्यार्थियों के कर कमलों से बल्ह वैली कल्याण सभा वृद्धाश्रम भंगरोटू में वृद्धों से भेंट की गई और उन्हें आवश्यक वस्तुएं वितरित की गई।

आर्य युवा समाज डीएवी सीपीएस मंडी के प्रभारी सदस्य सुनील कुमार ने बताया कि प्रधानाचार्य व प्रधान आर्य युवा समाज डीएवी सीपीएस मंडी केएस गुलेरिया के निर्देश तथा नेतृत्व में विद्यालय के सामाजिक समुदाय और पहुंच कार्यक्रम के तहत हर वर्ष वृद्धाश्रम में विद्यार्थियों के हाथों प्रधानाचार्य व समस्त अध्यापक के सहयोग से वृद्धों के लिए आवश्यक वस्तुओं का दान किया जाता है।

10 लाख के गहने और 5 लाख रुपए चोरी

जोगिंद्रनगर। शहर के वार्ड नंबर 7 में रात को चोरों ने एक बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने राजेंद्र कुमार के घर में घुसकर 10 लाख के गहने और 5 लाख की नगदी पर हाथ साफ कर दिया।

जानकारी के अनुसार, राजेंद्र कुमार अपनी पत्नी और परिवार के साथ भदयाडा में एक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। जब सुबह वे लौटे तो अलमारियां बिखरी पड़ी थीं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस का कहना है कि मामला दर्ज कर लिया गया है और चोरों की तलाश जारी है।

80 वर्षीय डॉ. मरवाह सम्मानित

अनंत ज्ञान, मंडी

स्मारिका हिम मेडिकॉन 2024 का भी विमोचन ।

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के दो दिवसीय राज्य चिकित्सा सम्मेलन हिम मेडिकॉन में देश के कई राज्यों व प्रदेश भर से आए विशेषज्ञ चिकित्सकों ने भाग लिया।

उद्घाटन सत्र में मुख्यातिथि के तौर पर चिकित्सकों को संबोधित करते हुए अटल मेडिकल विश्वविद्यालय नेरचौक मंडी के उपकुलपति प्रो. सुरेंद्र कश्यप ने कहा कि भारत देश दुनिया के सभी देशों से अधिक डॉक्टर हर साल बनाता है। इस मौके पर प्रख्यात चिकित्सा 80 वर्षीय डॉ. मरवाह को उनकी सेवाओं के सम्मानित किया गया।

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन मंडी चेप्टर के अध्यक्ष डॉ. करणबीर सिंह ने प्रो. सुरेंद्र कश्यप को सम्मानित किया। आयोजन सचिव डॉ. मंजुल शर्मा, कोषाध्यक्ष डॉ अमित, डॉ हरीश बहल को भी उनके सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। डॉ. जय इंद्र पाल सिंह द्वारा संपादित स्मारिका हिम मेडिकॉन 2024 का भी विमोचन किया गया।

वॉकथॉन का आयोजन कर लोगों को बताया आयुर्वेद का महत्व

अनंत ज्ञान, पंडोह

केंद्र सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा विश्व आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

पंडोह स्थित क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान द्वारा भी तरह–तरह की गतिविधियों का आयोजन करके लोगों को आयुर्वेद के महत्व और भगवान धनवंतरी से अवगत करवाया जा रहा है। सोमवार को इस उपलक्ष पर वॉकथॉन का आयोजन किया गया। सबसे पहले क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान पंडोह के सहायक निदेशक डा. राजेश ने उपस्थित लोगों को स्वस्थ जीवन जीने की शपथ दिलाई और उपरांत इसके इस वॉकथॉन की शुरुआत हुई। करीब 60 लोगों ने इसमें भाग लिया और बीबीएमबी कॉलोनी पंडोह के आसपास के 3 किमी के क्षेत्र में जाकर लोगों को आयुर्वेद के महत्व से अवगत कराया। क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान पंडोह के सहायक निदेशक डॉ. राजेश ने बताया कि 15 दिवसीय आयोजन में विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। वहीं वॉकथॉन के दौरान लोगों में काफी ज्यादा उत्साह देखने को मिला। लोगों ने आयुर्वेद के महत्व को समझने का प्रयास किया।

गदयाड़ा से अंतोंला सड़क के लिए 5 लाख स्वीकृत

जोगिंद्रनगर। कोलंग पंचायत के गदयाड़ा से अंतोंला गांव तक ग्रामीण सड़क के निर्माण के लिए मुख्यमंत्री सुक्खू ने 5 लाख रुपए की राशि मंजूर की है।

जीवन ठाकुर के प्रयासों से संभव हुए इस बजट के बाद अब गांव के लोगों की वर्षों पुरानी मांग पूरी होने जा रही है। गदयाड़ा और अंतोंला के निवासियों ने जीवन ठाकुर से संपर्क कर इस सड़क निर्माण की अपील की थी। जीवन ठाकुर ने सीएम के समक्ष प्रस्तुत किया, जिसके परिणामस्वरूप मुख्यमंत्री ने इस सड़क के लिए मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत टोकन राशि जारी की।

रोटरी क्लब ने वरिष्ठ नागरिक किए सम्मानित

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

सम्मान समारोह के दौरान मौजूद वरिष्ठ नागरिक व अन्य।

रोटरी क्लब जोगिंद्रनगर ने रविवार को वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान में एक विशेष समारोह का आयोजन किया, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक और धार्मिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों की सेवा और त्याग को सराहना देना और युवा पीढ़ी के लिए उनके योगदान को आदर्श रूप में प्रस्तुत करना था। रोटरी क्लब के अध्यक्ष अमर सिंह जसवाल ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक हमारा अभिमान हैं, इनका सम्मान हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। इन वरिष्ठ नागरिकों की सेवाएं न केवल समाज के उत्थान में सहायक हैं, बल्कि मौजूदा पीढ़ी के लिए भी प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने बताया कि समाज में ऐसे वरिष्ठ नागरिकों के योगदान को सराहा जाना अत्यंत महत्वपूर्ण है, ताकि उनके अनुभव और मार्गदर्शन से हम सभी लाभान्वित हो सकें।

इस अवसर पर 80 वर्षीय ओम मरवाह को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। रोटरी क्लब ने उनके इस निःस्वार्थ सेवा के लिए उन्हें सम्मानित किया। इसी तरह, 84 वर्षीय वरिष्ठ नागरिक जुगल किशोर गुप्ता को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने शहरी क्षेत्र के सनातन धर्म सभा मंदिर के सुंदरीकरण, सामुदायिक भवन के जीर्णोद्धार और मोक्ष धाम के कायाकल्प में योगदान दिया है। उनके इस सेवा कार्य के लिए उन्हें रोटरी अवार्ड से नवाजा गया। कार्यक्रम में सुरेंद्र आनंद को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने जोगिंद्रनगर के नागरिक अस्पताल में आवश्यक मशीनरी और अन्य संसाधनों की उपलब्धता के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया।

विरोध टी–मेट श्रेणी के 1030 रिक्त पदों को भरने की उठाई मांग

बिजली कर्मियों व पेंशनर्स ने किया धरना–प्रदर्शन

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

सरकाघाट विद्युत मंडल कार्यालय के बाहर सोमवार को हिमाचल बिजली बोर्ड इंप्लाइज एवं इंजीनियर्स ज्वाइंट फ्रंट और पेंशनर्स फोरम ने अपनी मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों, अभियंता और पेंशनरों ने प्रदेश सरकार, कैबिनेट सब–कमेटी और बोर्ड प्रबंधन से बिजली बोर्ड में कर्मचारियों से जुड़े फैसलों पर पुनर्विचार करने की मांग उठाई।

ज्वाइंट फ्रंट ने कहा कि हाल ही में 51 कार्यात्मक पदों को समाप्त करना और 81 आउटसोर्स ड्राइवरों की सेवा को बंद करना, उपभोक्ताओं को मिलने वाली सेवाओं पर असर डालेगा। कर्मचारियों ने पुराने पेंशन सिस्टम को फिर से लागू करने की मांग की है, जिसमें बोर्ड पर मामूली आर्थिक भार पड़ेगा, परंतु इससे कर्मचारियों में भेदभाव की भावना दूर होगी। प्रदर्शनकारियों ने बिजली बोर्ड की संरचना में किसी भी बदलाव पर आपत्ति जताई, जिसमें बोर्ड की संपत्तियों को अन्य इकाइयों में स्थानांतरित करने की संभावना पर पुनर्विचार करने की बात कही गई।

कार्यालय के बाहर धरना–प्रदर्शन करते हुए ।

उनका कहना है कि इससे कर्मचारियों की भावनाओं पर असर पड़ा है और सरकार से स्पष्टीकरण की आवश्यकता है। फ्रंट के नेताओं ने यह भी मांग की कि टी–मेट श्रेणी के 1030 रिक्त पदों को जल्द से जल्द भरा जाए और अन्य खाली पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाए।

कर्मचारियों के लंबित वित्तीय लाभों जैसे ओवरटाइम, यात्रा भत्ता, ग्रेच्युटी, और अर्जित छुट्टियों का भुगतान शीघ्र किया जाए। इस दौरान ई. आशीष चौहान, मदन लाल भारती, भागमल ठाकुर और दौलत राम राणा जैसे प्रमुख नेताओं ने सरकार को चेतावनी दी कि यदि इन मांगों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं मिली, तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

29 अक्तूबर से 28 नवंबर तक मतदाता सूची में नाम होंगे दर्ज : डीसी

अनंत ज्ञान, मंडी

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में सोमवार को उपायुक्त कार्यालय के वीसी रूम राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। अपूर्व देवगन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मंडी जिला के सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की फोटोयुक्त मतदाता सूचियों का 29 अक्तूबर को प्रारूप प्रकाशन होगा। प्रारूप प्रकाशन प्रत्येक मतदान केंद्र, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एसडीएम), सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालयों में आम जन के निरीक्षण के लिए 28 नवम्बर, 2024 तक उपलब्ध रहेगा।

जिन व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं हैं या 1 जनवरी, 2025 को 18 साल की आयु पूर्ण कर रहे वह सभी युवा अपने नाम मतदाता सूची में दर्ज करने के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त विशेष अभियान के तहत 9 व 10 नवम्बर तथा 23 व 24 नवम्बर को सभी मतदान केंद्रों पर राजनीतिक दलों के बूथ लेबल एजेंट दावे व आक्षेप प्राप्त करेंगे। 24 दिसम्बर तक दावे व आक्षेपों का निपटारा होगा तथा 6 जनवरी, 2025 को फोटोयुक्त मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन होगा।

न्यूज ब्रीफ

स्कूली छात्रों की एक्पोजर विजिट करवाई

विवेक शर्मा, अंब। अंब राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ठठल के विद्यार्थियों ने अमार्टेक्स अंब व एसवीएम कंप्यूटर एजुकेशन सेंटर में वोकेशनल विषय की ट्रेनिंग ली। नौवीं से बारहवीं कक्षा तक वोकेशनल शिक्षा आईटीईएस और रिटेल विषय के 161 बच्चों ने ट्रेनिंग ली। प्रतिदिन पांच घंटे के हिसाब से हर बच्चे को बीस घंटे ट्रेनिग दी गई। अमार्टेक्स अम्ब के मैनेजर दीपक देव व एसयूएम कंप्यूटर सेंटर के एमडी शिव कुमार ने बताया कि इस ट्रेनिग में बच्चों ने काफी रुचि ली। स्कूल प्रधानाचार्य व्यास देव धीमान का कहना है कि इस ट्रेनिंग में बच्चों ने अपने विषय से संबंधित काफी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की।

हिमोत्कर्ष संस्था ने छात्राओं को बांटी मिठाई

अनंत ज्ञान, ऊना। हिमोत्कर्ष संस्था ने संयुक्ता चौधरी हिमोत्कर्ष महिला प्रशिक्षण संस्थान की छात्राओं को दिवाली त्योहार के उपलक्ष्य पर मिठाई बांटी। संस्था के प्रदेश अध्यक्ष जतिंद्र कंवर व अन्य सदस्यों ने छात्राओं को मिठाई भेंट की और दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दी। जतिंद्र कंवर ने कहा कि दिवाली पर्व पर माता लक्ष्मी व गणेश जी की पूजा की जाती है। उन्होंने कहा कि इस दिन हमें बुरी आदतों को छोड़कर नए विचारों को ग्रहण करना चाहिए। इस मौके पर हिमोत्कर्ष संस्था के वरिष्ठ सदस्य बीएल कौशल, रजनीश लूंबा, रंजू बाला, मीना ठाकुर, सोनिया, कमला व अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

दिवाली पर्व के उपलक्ष्य में रंगोली बनाई

विनोद शर्मा, लठियानी। जिला ऊना उपमंडल बंगाणा के राष्ट्रीय आदर्श माध्यमिक पाठशाला थानाकलां स्कूल के प्रधानाचार्य संजीव पराशर ने बताया कि दिवाली के उपलक्ष्य में रंगोली की प्रतियोगिता करवाई गई, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और बहुत ही बढ़िया रंगोलियों का प्रदर्शन किया। इसमें इरावती हाउस ने प्रथम स्थान, बिपाशा हाउस ने द्वितीय स्थान एवं कालिंदी हाउस ने तीसरा स्थान हासिल किया। स्कूल के प्रधानाचार्य संजीव पराशर ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर बलविंदर सिंह, हंसराज सुमन, प्रवेश राणा, हरेंद्र देव, संदेश कुमारी, संयोगिता शर्मा, कांता देवी, नीलम कुमारी व स्कूल के शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद थे।

जटेहड़ी स्कूल में युवा कार्यक्रम आयोजित

अनंत ज्ञान, लठियानी। ऊना जिले के उपमंडल बंगाणा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जटेहड़ी ऊना में टीकाकरण और तंबाकू मुक्त युवा कार्यक्रम 2.0 आयोजित किया गया। राजकीय वरिष्ठ मा पाठशाला जटहेड़ी ऊना में कक्षा दसवीं के सभी छात्रों को टिटनस के टीके लगाए गए। तंबाकू मुक्त युवा कार्यक्रम 2.0 का आयोजन स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग खंड थानाकलां ऊना द्वारा किया गया। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से अंजना कुमारी सीएचओ, कांता हेल्थ वर्कर और समीना बीबी आशा वर्कर उपस्थित रहीं। प्रिंसिपल देवराज धीमान ने कहा कि नशा पूरे समाज पर कहर बरपा रहा है। लेक्चरर शशि पाल ने बताया कि नशा हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है, जो अवसाद, आचरण संबंधी समस्याओं और आत्मघाती विचारों को जन्म देता है तथा समाज को समग्र पतन की ओर ले जाता है। इस मौके पर स्कूल की ओर से प्रिंसिपल देवराज धीमान, शशिपाल, रवि चंद, रविंद्र कमल, प्रभात सिंह, बिशन दास एवं स्कूल के सभी शिक्षक तथा विद्यार्थी इस मौके पर उपस्थित थे।

स्वयंसेवियों ने की वार्ड की सफाई

अनंत ज्ञान, ऊना। राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल पंजवार में सात दिवसीय चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना कैंप का समापन हो गया। इस समापन समारोह में समाज सेवक महेश मनकोटिया ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। आज प्रथम सेशन में स्वयंसेवियों ने एक वार्ड में जाकर कूड़ा-कचरा इकट्ठा किया तथा एक गड्ढे में उसे दबा दिया गया। इस अवसर पर एक रैली भी निकाली गई जिसमें गांव वालों को स्वच्छता का संदेश दिया गया। मुख्य अतिथि ने दूसरे सेशन में बच्चों को नशे से दूर रहने का भी आह्वान किया । प्रधानाचार्य नीलम रानी ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी संदीप कुमार, मनजीत कौर तथा स्टाफ के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

वंशित चांदला के प्रदर्शन पर सभी गदगद

अनंत ज्ञान, ऊना। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अंबेहड़ा के छात्र वंशित चांदला डीपीई दीपक कुमार व पीईटी संदीप कुमार का राज्य स्तर पर डिस्कस थ्रो व शॉटपुट में वंशित द्वारा गोल्ड जितने पर भव्य स्वागत किया है। इस मौके पर प्रधानाचार्य अमन गर्ग, स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान सतीश व प्रवक्ता सुरजीत कुमार, सुरेश कुमार, संजीव कुमार, सतीश कुमार, सविता रानी, वस्मा देवी, शिल्पा देवी आदि ने बच्चे को अपना आशीर्वाद दिया। स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान सतीश ने बच्चे का हौसला बढ़ाने के लिए 1100 रुपए की राशि प्रदान की। प्रवक्ता सुरेश ने खुशी जाहिर करते हुए समस्त अध्यापकों व बच्चों को मिष्ठान आवंटित किए।

गुरपलाह में किशोरावस्था दिवस का आयोजन

अनंत ज्ञान, टाहलीवाल। राजकीय उच्च विद्यालय गुरपलाह में किशोरावस्था दिवस का आयोजन किया गया। इसमें किशोरावस्था के दौरान होने वाले शारीरिक, मानसिक, और आध्यात्मिक विकास पर चर्चा की गई। हरोली खंड के चिकित्सा अधिकारी डॉ. पुष्पेंद्र सिंह राणा के दिशा निर्देश में एमएचएस मोहनलाल ने शिविर का नेतृत्व किया और बच्चों को किशोरावस्था में आने वाले शारीरिक बदलाव के प्रति जागरूक किया। मोहनलाल ने बच्चों को स्वस्थ जीवनशैली के लिए पौष्टिक आहार और खेलकूद में भागीदारी की अहमियत पर जोर दिया। शिविर में विद्यालय के प्रधानाचार्य रणजीत सिंह, विद्यालय स्टाफ, और आशा कार्यकर्ता शमा राणा एवं वंदना देवी उपस्थित रहे।

धमकी देकर ज्वेलर्स से एक करोड़ की फिरौती मांगी

नहीं देने पर खामियाजा भुगतने की दी धमकी, पुलिस से शिकायत

अनंत ज्ञान, ऊना

शहर में करीब साल भर पहले खुले ज्वेलरी के शोरूम मालिक को धमकी मिली है। धमकी देने वालों ने उनसे करोड़ रुपए की फिरौती मांगी है। इस संबंध में उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज करवा दी है। इस खबर के बाद शहर में हड़कंप मच गया है।

सोमवार अचानक उस समय एक खबर आग की तरह फैल गई जब ऊना शहर में ज्वेलर का शोरूम चलाने वाले एक कारोबारी से एक करोड़ की फिरौती मांगे जाने का मामला सामने आया। व्यापारी से यह फिरौती एक फोन कॉल के जरिये मांगी गई है। व्यापारी ने इस मामले की शिकायत नंगल पुलिस के पास की है। व्यापारी का एक शोरूम ऊना और दूसरा नंगल में है। बताना जरुरी है कि ज्वेलरी के इस कारोबारी ने कई आकर्षक ऑफर देकर ग्राहकों में धाक जमा रखी है। रोपड़ जिले भर में उनके शोरूम की प्रतिष्ठा है और उसी डिमांड को देखते हुए ऊना में भी शोरूम की डिमांड की गई थी। यहां भी कुछ समय में ही इस शोरूम का काफी नाम चल निकला है।

जानकारी के अनुसार ऊना महाविद्यालय के पास एक ज्वेलरी का शोरूम चलने वाले कारोबारी को फिरौती देने के लिए अज्ञात व्यक्ति ने फोन किया और फिरौती न देने पर खामियाजा भुगतने की धमकी दी।

एएसपी संजीव भाटिया ने बताया कि उनकी जानकारी में मामला आया है। इस मामले की जांच नंगल पुलिस कर रही है। फिर भी जिला पुलिस सतर्कता दिखाते हुए मामले से जुड़ी कड़ियां खंगाल रही है।

इन्नरव्हील क्लब ने बच्चों को बांटी मिठाई

ऊना। इन्नरव्हील क्लब ऊना ने शैमरॉक स्कूल में दिवाली त्योहार मनाया। इस मौके पर क्लब सदस्यों ने करीब 150 बच्चों को बिस्किट, चॉकलेट व मिठाइंयां बांटीं। इन्नरव्हील क्लब की प्रधान रमा कंवर ने बच्चों को बताया कि भारत देश में दिवाली का पर्व बेहद शुभ माना जाता है। इस खास पर्व के लिए लोगों को बेसब्री से इंतजार रहता है। दिवाली के दिन मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की जाती है। इस अवसर पर क्लब की सचिव शोभा सोनी, कोषाध्यक्ष रेखा शर्मा, अमरजीत बबली, मेघा ओहरी, स्कूल स्टाफ सदस्य व बच्चे उपस्थित थे।

दरब्यार गांव में पत्थर फेंकने से हुई भैंस की मौत, मामला दर्ज

भोरंज। थाना भोरंज के अंतर्गत दरब्यार गांव में पत्थर फेंकने से भैंस की मौत हुई है, जिसकी शिकायत भोरंज पुलिस थाना में दर्ज हुई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार में संजु कुमार पुत्र जीत राम गांव दरब्यार डाकघर हिम्मर तहसील टौणीदेवी जिला हमीरपुर ने शिकायत दर्ज करवाई है जिसमें उन्होंने बताया कि गत 27 अक्तूबर को रमेश चंद पुत्र वंशी राम की बहु ज्योति पत्नी अमित कुमार ने शिकायतकर्ता के द्वारा रखे पत्थरों को नीचे फेंकने लगी, जिस पर शिकायतकर्ता की माता आशा देवी व पत्नी सरोज कुमारी ने मौका पर पहुंच कर ज्योति को पत्थर फेंकने से मना किया लेकिन वह बिलकुल नहीं मानी व उसने एक बड़ा सा पत्थर उठाया और वह भैंस के सिर पर गिरा तथा शिकायतकर्ता की भैंस उस पत्थर की चोट से तड़पने लगी व उसकी मौत हो गई। इस शिकायत के आधार पर थाना भोरंज में यह अभियोग पंजीकृत हुआ है जिसमें आगामी अन्वेषण जारी है। भोरंज थाना प्रभारी एसएचओ निर्मल सिंह ने मामले की पुष्टि की है।

त्योहारी सीजन में डिपुओं में सामान की कमी के चलते उपभोक्ता परेशान

अनंत ज्ञान, ऊना

त्योहारी सीजन के बीच ऊना के कई सरकारी डिपुओं में सामान में कमी है। खासकर कई जगह चावल और दालों का कोटा गायब है। बीते दिनों से राशन कार्डधारक उपभोक्ता कई बार राशन डिपुओं को चक्कर लगा चुके हैं। वहीं, किल्लत यहां तक पहुंच गई है कि कई राशन डिपुओं में पीएच और अन्य कई राशन कार्डधारकों को चावल के साथ उड़द एवं चने की दाल का कोटा भी नहीं मिल पा रहा है।

जिलेभर में लगभग 1.40 लाख राशन कार्डधारक हैं, ऐसे में यहां ऊना खंड के तहत पड़ते कई राशन डिपुओं में चावल का कोटा नहीं मिल पाया है। ऊपर से इन दिनों यहां व्रत आदि में चावल उपभोक्ताओं को बाजार से खरीद करने पड़े। दूसरी ओर आगे दिवाली पर भी उपभोक्ताओं को कुछ ऐसे ही हालात दिख रहे हैं। हालांकि जिला खाद्य आपूर्ति एवं सिविल सप्लाई विभाग इस माह के अंत तक चावल को उपभोक्ताओं तक पहुंचाने का दावा कर रहे हैं, जबकि दाल आदि के कोटे को भी अगले माह में बैकलाग संग नए राशन की सप्लाई में देने की बात कह रहे हैं। इससे उपभोक्ताओं को राशन मिलने की आस जग गई है। फिलहाल उपभोक्ताओं में मनीता, नरेश कुमार, राजीव आदि ने बताया कि इस बार उन्हें चावल और दाल डिपुओं से नहीं मिले हैं।

1500 क्विंटल का स्टॉक सिविल सप्लाई की ओर से खरीदा गया है। केवल ऊना ब्लॉक के 20 डिपुओं में चावल की सप्लाई होनी लंबित है, जो कि चंद रोज में हो जाएगी। उड़द एवं चना की दालों के ऑर्डर भी हो गए हैं। अगर किसी कारण उपभोक्ताओं को इस माह सप्लाई नहीं मिलती है, तो उन्हें अगले माह डबल कोटा दिया जाएगा।

नशे के दुष्प्रभाव बताए

अनंत ज्ञान, ऊना। गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल कुरियाला में बच्चों को नशे क संबंध में विस्तार से बताया गया सेवा निवृत प्रवक्ता सतीश शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की उन्होंने पहले बच्चों को बताया कि नशा क्या है और इसके हमारे शरीर पर क्या प्रभाव पड़ते हैं उन्होंने कहा की नशा करने वाला व्यक्ति समाज की नजरों से गिर जाता है उसे पर कोई भी व्यक्ति विश्वास नहीं करता नशा अपराधों को जन्म देता है जैसे चोरी डकैती जेव कतरनात बना महिलाओं से रेप करना आदि अपराधों को नाश करने वाला व्यक्ति अंजाम देता है नशे से मनुष्य के जीवन पर बड़े खतरनाक प्रभाव पड़ते हैं याददाश्त कमजोर नर्वस सिस्टम मैं मैं खराबी कैंसर फेफड़े खराब होना लिवर खराब होना तथा और कई सारे कई सारी बीमारियां के संबंध में बताया गया फिर उन्होंने नाश कैसे शुरू होता है उसे पर भी विस्तार से प्रकाश डाला उन्होंने कहा कि नशा जलते हुए कोयले के समान होता है जो की उसे व्यक्ति को जला डालता है ठंडा कोयला जलता नहीं है परंतु उसे व्यक्ति को कालिक जरूर लगा देता है। जिसे नशे की लत लग जाए वह उससे छुटकारा कैसे पा सकता है सबसे पहले दृढ़ संकल्प अच्छी किताबें पढ़ना अच्छे और विद्वान लोगों की संगत करना सत्संग सुना बच्चों को अच्छा एनवायरमेंट देना तथा अपने आसपास कहीं के नाश करने वाले व्यक्तियों के उदाहरण देना इससे नशा करने वाला व्यक्ति नशा छोड़ भी सकता है और उसका जीवन सुधर सकता है।

पढ़ाई के साथ अन्य गतिविधियों में रुचि बढ़ाएं छात्र : कृष्ण पॉल

डीएवी लठियाणी में प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

राजेश ठाकुर, बंगाणा

उपमंडल बंगाणा के डीएवी पब्लिक स्कूल लठियाणी में विज्ञान, सोशल साइंस, अंग्रेजी, हिंदी, आर्ट एंड क्रॉफ्ट, कंप्यूटर साइंस , मेथ्स, संगीत और स्पोर्ट्स की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

प्रदर्शनी का शुभारंभ मुख्य अतिथि कृष्णा पॉल वाइस चेयरपर्सन थानाकलां व डॉ. आशीष (हमीरपुर) एलएमसी अध्यक्ष कुलदीप शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जिन्हें सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने छात्रों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। प्रदर्शनी में बच्चों ने तरह-तरह के मॉडल प्रस्तुत किए, जिन्हें खूब सराहा गया। विज्ञान वर्ग व अन्य सभी वर्गों में अधिकतर वर्किंग मॉडल प्रस्तुत किए गए।

मुख्य अतिथि व अभिभावकों ने मॉडल देखकर छात्र-छात्राओं के प्रयासों की सराहना की। प्रधानाचार्य मुख्यातिथि व अभिभावकों द्वारा प्रतिभागी बच्चों से पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देने पर व पूरी प्रदर्शनी में अनुशासन बनाए रखने पर उन्हें बधाई दी।

मतदाताओं के शत प्रतिशत पंजीकरण में करें सहयोग : अमरजीत

हमीरपुर। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमरजीत सिंह ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से आग्रह किया है कि वे 29 अक्तूबर से 28 नवंबर तक किए जा रहे जिले के पांचों विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनर्निरीक्षण-2025 में सहयोग प्रदान करें, ताकि जिला के सभी पात्र लोगों के नाम मतदाता सूचियों में दर्ज हो सकें और त्रुटिरहित मतदाता सूचियां तैयार की जा सकें।

विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक के दौरान अमरजीत सिंह ने कहा कि त्रुटिरहित मतदाता सूचियां तैयार करने में राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट बहुत बड़ी भूमिका अदा कर सकते हैं, क्योंकि उन्हें अपने-अपने क्षेत्रों के एक-एक व्यक्ति की जानकारी होती है। उन्होंने कहा कि जिले में विभिन्न राजनीतिक दल अपने-अपने एजेंटों की सूची अपडेट कर लें तथा इसकी जानकारी बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के साथ साझा करें।

तलमेहड़ा स्कूल की मानसी वाटर स्पोर्ट्स प्रतियोगिता के लिए चयनित

अनंत ज्ञान, लठियानी

हिमाचल प्रदेश के जिला कांगड़ा के पौंग डैम वाटर स्पोर्ट्स सैंटर में एक से 14 नवंबर तक होने बाली राज्य स्तरीय वाटर स्पोर्ट्स प्रतियोगिता आयोजित करवाई जा रही है। इसमें कांगड़ा, हमीरपुर तथा ऊना जिला के स्काउट एवं गाइड तथा रोवर रेंजर भाग ले रहे हैं। वहीं, पर इससे पहले यह प्रतियोगिता जिला बिलासपुर डैम में आयोजित हो चुकी है। इस प्रतियोगिता में उपमंडल बंगाणा क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला तलमेहड़ा स्कूल की स्काउट एवं गाइड की गाइड मानसी राणा का चयन स्पोर्ट्स कोटे में हुआ है। मानसी राणा एक नवंबर से पौंग डैम के वाटर स्पोर्ट्स सैंटर में विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने के लिए चयनित हुई है।

मानसी राणा ने इसका सारा श्रेय जिला ऊना उच्च शिक्षा उपनिदेशक राजेंद्र कौशल, स्काउट एवं गाइड की डीओसी सोनू कुमारी, डीओसी अमन शर्मा, पौंग डैम वाटर स्पोर्ट्स के चेयरमैन राकेश बालिया सहित स्कूल के प्रधानाचार्य जीवन मोदगिल व अन्य स्टाफ सदस्यों को दिया है। उसने कहा कि इन्होंने मुझे समय-समय पर मोटिवेट किया है तथा आगे बढ़ने के लिए हौसला अफजाई करते रहते हैं।

समूह गान में जिला बिलासपुर प्रथम

अनंत ज्ञान, नादौन

अंडर-14 राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन।

बाल स्कूल दौड़ में चल रही राज्य स्तरीय अंडर 14 खेलकूद प्रतियोगिता में शिक्षा उपनिदेशक प्रारंभिक हमीरपुर अशोक कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस प्रतियोगिता में 12 जिलों के लगभग 629 छात्राओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में सांस्कृतिक कार्यक्रम, भाषण प्रतियोगिता, कंठ संगीत, लोक नृत्य, एकांकी, समूहगान, कुश्ती, शतरंज, योग में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का हुनर दिखाए।

जिन बच्चों का प्रदर्शन बेहतर रहा, उनका चयन राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया। यह जानकारी राज्य निदेशालय के मीडिया प्रभारी चंचल सिंह ठाकुर ने बताया कि भाषण प्रतियोगिता में जिला कुल्लू प्रथम स्थान पर रहा, जिला सिरमौर दूसरे व जिला मंडी तीसरे स्थान पर रहा। कंठ संगीत में जिला शिमला प्रथम स्थान पर रहा, बिलासपुर दूसरे स्थान व कुल्लू तीसरे स्थान पर रहा। समूह गान में जिला बिलासपुर प्रथम स्थान पर, हमीरपुर दूसरे व शिमला तीसरे स्थान पर रहा।

कुश्ती प्रतियोगिता में 36 किलोग्राम वर्ग में कल्लू ने बिलासपुर को हराया, 39 किलोग्राम वर्ग में बिलासपुर में सोलन को हराया, 42 किलोग्राम वर्ग में बिलासपुर में कुल्लू को हराया, योग में जिला हमीरपुर प्रथम स्थान, जिला शिमला दूसरे व जिला सोलन तीसरे स्थान पर रहा। इस अवसर पर निदेशालय की तरफ से प्रदीप शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, मनीष कपूर, विशाल शर्मा, डॉ. शिव कुमार, शीशराम, मुकेश, विजय चैधरी, रितु ठाकुर, अनीता चंदेल, दुर्गा ठाकुर, शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ के प्रधान राकेश कुमार व सचिव संजीव कौशल इत्यादि उपस्थित रहे।

शिक्षा विभाग की तरफ से प्रधानाचार्य स्वरूप चंद, सुभाष, राजेश, जोगिंद्र भाटिया, बिहारी लाल, मुल्क राज, सुमन, कमलेश, शिक्षा उपनिदेशक उना सोमपाल धीमान भी उपस्थित रहे।

जानकारी मिलेट और मिलेटस से बने उत्पादों का किया उद्घाटन

टिकाऊ कृषि पद्धतियों को दिया बढ़ावा

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

उद्घाटन के मौके पर मौजूद गणमान्य।

करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार गुलशन संधू ने बताया कि इस तीन दिवसीय कार्यक्रम मिलेट और मिलेटस से बने उत्पादों पर जागरूकता व प्रशिक्षण कार्यक्रम मिलेट कैफे एंड स्टोर का उद्घाटन किया गया।

कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलित करके तथा सरस्वती वंदना के साथ हुआ। मुख्य अतिथि ने मिलेट कैफे एंड स्टोर का उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि डॉ. संजीव शर्मा ने कहा कि लोगों को मिलेटस के पोषण संबंधी लाभों, टिकाऊ कृषि में उनकी भूमिका और इन प्राचीन अनाजों जैसे रागी, ज्वार ,बाजरा, मक्का, कुट्ठ, राम दाना और कुटकी को रोजमर्रा के भोजन में शामिल करने के लिए विभिन्न खाना पकाने की तकनीकों के बारे में शिक्षित करना बहुत जरूरी है।

इस पहल का उद्देश्य न केवल मिलेटस के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है, बल्कि स्थानीय किसानों को बताना और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना भी है। किसानों के लिए मोटे अनाजों (श्री अन्न) में मिलेट्स से एक मुनाफा देने वाला ऑप्शन साबित हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि मिलेट्स, मानव और मिट्टी दोनों के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद हैं। मिलिट्स की खेती 62 डिग्री तापमान पर भी हो जाती है। विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए मिलेट्स के क्षेत्र में स्टार्टअप/इंटरप्योनियोरशिप शुरू करने के लिए सुनहरा मौका है।

इसके बाद इंडिया मिलेट इनिशिएटिव के फाउंडर चेयरमैन डॉ. सत्येन यादव ने बताया कि विवि में मिलेट कैफेटेरिया के साथ-साथ मार्च 2025 तक हिमाचल प्रदेश में 50 बड़े एवं 500 के करीब मिलेट के विक्री केंद्र खोले जाएंगे जिसमें किसानों की और कृषि उद्यमियों की सीधी भागीदारी होगी। यह केंद्रों में मैदा का फास्ट फूड की जगह मिलेटस से बना फास्ट फूड मिले ताकि इसका स्वास्थ्य लाभ भी मिल सके।

डॉ. अरुण चंदन क्षेत्रीय निदेशक औषधीय पौध बोर्ड हिमाचल प्रदेश मंडी, करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय के सामुदायिक निदेशालय द्वारा अंगीकृत गांवों से किसानों व स्थानीय लोगों मिलेटस की फसलों एवं औषधिय पौधों की खेती को बढ़ावा देने के लिए बल दिया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय निदेशक औषधीय पौध बोर्ड हिमाचल प्रदेश मंडी व करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय हमीरपुर के मध्य एक एमओयू भी हुआ जिसके तहत इन दोनों संस्थानों के बीच रिसर्च व औषधिय पौधों की खेती को बढ़ावा देने के लिए कार्य किया जाएगा।

हमीरपुर क्षेत्र में लुप्त हो रहे औषधिय पौधे भी दिए जाएंगे। इसके साथ उन्होंने आयुर्वेदिक औषधि व बंबू हट म्यूजियम का जिंट किया। कार्यक्रम के अंत में विश्वविद्यालय के कुलसचिव गुलशन संधू ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम योगदान देने वाले सभी टीम सदस्यों, उपस्थित सभी गणमान्यों, किसानों, विद्यार्थियों, प्रोफेसरों, स्टाफ व अन्य सभी लोगों का धन्यवाद किया।

न्यूज ब्रीफ

रंगोली प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

आनी। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बुछैर में दीपावली के उपलक्ष्य पर पोस्टर मेकिंग व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्य प्रकाश चंद ने बताया कि इस तरह के आयोजनों से बच्चों में कलात्मक व सृजन करने की क्षमताओं को निखारने में सहयोग मिलता है। इस कार्यक्रम में स्कूल के सभी स्टूडेंट्स ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस उपलक्ष में स्कूल के सभी अध्यापक व प्राध्यापक मौजूद रहे। प्रधानाचार्य ने समस्त छात्रों अभिभावकों व अध्यापकों को दीपावली के शुभ अवसर पर शुभकामनाएं दीं।

नशा निवारण के बारे में दी विभिन्न जानकारियां

सैंज। जिला रेडक्रॉस कुल्लू के अंतर्गत भुंतर में संचालित एकीकृत नशा निवारण एवं पुनर्वास केंद्र द्वारा सैंज स्कूल में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें नशा निवारण के बारे में स्कूल के बच्चों व अध्यापकों को विभिन्न जानकारियां प्रदान की गईं। परियोजना समन्वयक अनीता ने कहा कि नशा एक बीमारी है इससे बचने के लिए इससे होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानना आवश्यक है। नशे के गिरफ्त में आए युवक-युवतियों का इलाज संभव है यदि समय रहते हुए उन्हें नशा निवारण केंद्र में लाया जाए तथा विभिन्न प्रकार के औषधियां एवं उपचार से उन्हें नशे की लत से बाहर निकाला जा सकता है। नशा मुक्ति केंद्र में इसके लिए डॉक्टरों की देखरेख में उचित परामर्श एवं दवाइयों के साथ-साथ मेडिटेशन, योग, खेल एवं विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से नशे के व्यसनी महिलाओं को नशे की लत से बाहर निकाला जाता है। अनीता ने कहा कि भुंतर स्थित नशा मुक्ति केंद्र में मरीज का उपचार बाह्य रोगी या आवासीय रोगी के रूप में किया जाता है। बाह्य रोगियों को निशुल्क दवाइयां दी जाती हैं तथा मनोवैज्ञानिक/काउंसलर की ओर से रोगी तथा उसके परिवार के सदस्यों के लिए परामर्श सत्रों का आयोजन किया जाता है।

स्वयंसेवी जगाएंगे स्वच्छता की अलख

बंजार। बंजार कॉलेज के प्रॉचार्य राजेश ने कहा कि ये दिवाली माई भारत वाली कार्यक्रम के तहत बंजार क्षेत्र को साफ-सुथरा रखने और युवाओं को बंजार क्षेत्र की उन्नति और प्रगति के लिए प्रेरित किया जाएगा। राजेश सहित एनएसएस प्रभारी डॉ. श्रवण ने सोमवार को पत्रकार वार्ता के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के युवा कार्यक्रम तथा खेल मंत्रालय की ओर से राष्ट्रव्यापी ये दिवाली माई भारत वाली कार्यक्रम के तहत बंजार क्षेत्र में तीन उद्देश्यों पर प्रभावी तरीके से किस प्रकार से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। प्रॉचार्य ने कहा कि व्यावहारिक तौर पर उस पर हम लोग काम करने जा रहे हैं, जिसके लिए हमने स्थानीय व्यापार मंडल, नगर पंचायत बंजार के साथ एक प्रभावी स्वच्छता जागरूकता रैली के माध्यम से संपूर्ण बंजार बाजार के लोगों को, दुकानदारों को, व्यापारियों को स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक करते हुए उन सभी को अपने साथ जोड़ने जा रहे हैं। हम बंजार को किस प्रकार से स्वच्छ रख सकते हैं, निर्मल रख सकते हैं, किस प्रकार से प्लास्टिक के कचरे का उचित तरीके से सूखे और गीले कचरे में विभाजन कर एकत्रीकरण कर सकते हैं और साथ ही साथ उसका किस प्रकार से निपटारा किया जा सकता है।

पाठ लेखन की महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की

कुल्लू। पत्रकारिता में साक्षात्कार एक विश्वसनियता का प्रमाणिक स्रोत होता है, जिसके माध्यम से महत्वपूर्ण जानकारियां हासिल होती हैं। यह बात किशन ने पनारसा में फिल्ड स्टडी एवं साक्षात्कार पर आधारित एकदिवसीय कार्यशाला के दौरान कही। कार्यशाला के दौरान उन्होंने छात्रों को साक्षात्कार के प्रकार, तकनीक, टूल्ज तथा पाठ लेखन की महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की। इस दौरान उन्होंने छात्रों को साक्षात्कार को लेकर विभिन्न जानकारियां दीं। किशन ने बताया कि पत्रकारिता ही नहीं, बल्कि हर विधाओं में साक्षात्कार की तकनीक में कला, शब्दावली, तैयारी और सुनना महत्तवपर्ण पहलू होते हैं तथा साक्षात्कार की भाषा सरल होनी आवश्यक है। साक्षात्कार लेखन में दोहराव, आपत्तिजनक/असंवैधानिक शब्दों का दुरुपयोग नहीं किया जाना चाहिए तथा पाठ को स्पष्ट और तार्किक बनाना आवश्यक है।

सुरक्षित ढंग से करें सूखे घास का भंडारण

बंजार। बीते दिनों बंजार क्षेत्र की तीर्थन घाटी की पंचायत शर्ची के गांव तालिहार में भीषण आगजनी की घटना में जहां टेक राम पुत्र कूर्म दत्त के मकान में आग लगने से लाखों रुपए का नुकसान हो गया था। सोमवार को एसडीएम बंजार पंकज शर्मा सहित तहसीलदार बंजार रमेश कुमार की अगुवाई में टेक राम को प्रशासन द्वारा 25 हजार की नकद राशि सहित गद्दे कंबल सहित अन्य सामग्री वितरित की गई। इस दौरान एसडीएम बंजार पंकज शर्मा ने कहा कि तालिहार गांव में जो टेक राम के अढाई मंजिला मकान में भीषण आगजनी की घटना पेश आई है, जिसके मद्देनजर सरकार की ओर से मुआवजा राशि 25 हजार सहित गद्दे, कंबल सहित जरूरी सामान प्रभावित परिवार को वितरित किए गए हैं। मुआवजा की बकाया रकम के लिए रिलीफ तहसीलदार बंजार द्वारा पूरा कर जल्द ही अगली राहत राशि सौंपी जाएगी।

बिलासपुरी ढाबे में मक्की व कोदरा की रोटी और साग के लग रहे खूब चटकारे

व्यापारिक मेले में बिलासपुरी ढाबे में मिट्टी के चूल्हे पर पक रही सरसों व कोदरे की रोटी, 1991 से कुल्लू दशहरा में लग रहा ढाबा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

कुल्लू में सजे व्यापारिक मेले में जहां लोग जमकर खरीदारी कर रहे हैं। वहीं, पहाड़ी व्यंजनों का स्वाद चखना भी नहीं भूल रहे हैं। एक ओर जहां प्रदर्शनी मैदान में पहाड़ी सहित अन्य व्यंजनों के स्टॉल लगे हुए हैं।

वहीं, रथ मैदान में भी इस बार सरस मेले में पहाड़ी व्यंजनों के स्टॉल लगे हुए हैं। इसके अलावा खेल मैदान में भी अधिकतर खाद्य पदार्थों के स्टॉल हैं, जिनमें कचौरी, फास्ट फूड, दाल चावल सहित सरसों का साग व मक्की-कोदरे की रोटी खूब बिक रही है। यहीं पर एक स्टॉल लगा है बिलासपुरी ढाबा का जहां पर रोजाना लोगों की खूब भीड़ लगी रहती है। इस ढाबे पर मक्की व कोदरे की रोटी के साथ सरसों का साग लोगों को परोसा जा रहा है। इस खाने की खासियत यह है कि यह मिट्टी के चूल्हे पर लकड़ी और कोयलों पर पक रहा है और गर्मागम लोगों को परोसा जा रहा है। 1991 से दशहरा उत्सव में मक्की की रोटी व सरसों के साग का स्टॉल लगाने वाली बिलासपुर की राधा के हाथों से चुल्हे पर तैयार की जा रही मक्की व कोदरे की रोटी व साग को लोग काफी पसंद कर रहे हैं। राधा कुमारी व उनके पति ने बताया कि वह 1991 से अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव में मक्की की रोटी व साग का स्टॉल लगा रहे हैं। पहले जहां वह मक्की की रोटी और सरसों का साग बनाते थे। वहीं, कुछ सालों से लोगों की डिमांड पर कोदरे की रोटी भी बना रही हैं, जो कि लोगों को खूब भा रही है। कुल्लू के अलावा चंबा, रामपुर सहित प्रदेश के अन्य जिलों में भी वह मेलों में अपना स्टॉल लगाते हैं और हर जगह लोग मक्की की रोटी और साग व कोदरे की रोटी को बहुत पसंद करते हैं और खूब चटकारे लगाते हैं।

व्यापारिक मेले में बिलासपुरी ढाबा में मक्की व कोदरे की रोटी व साग का स्वाद चखते लोग (दाएं) चूल्हे पर तैयार की जा रही रोटियां।

बिलासपुरी ढाबे में खाना खाने पहुंचे पतलीकूहल के ओम बोध सहित कुल्लू के राम प्रसाद, राजेश, रीना कुमारी, सागर व अन्य लोगों ने बताया कि आज के समय में घरों में मक्की व कोदरे की रोटी और साग कम ही बनता है। इसका बड़ा कारण यह है कि आज की युवा पीढ़ी दाल, चावल और फास्ट फूड अधिक पसंद करती है। दूसरा अब घरों में खासकर शहरों में लकड़ी वाले चूल्हे नहीं हैं और सिलेंडर वाले गैस चूल्हे पर यदि मक्की की रोटी या साग बनाया भी जाए, तो उसमें वह स्वाद नहीं मिलता। वह पिछले कुछ सालों से दशहरा उत्सव में जब भी आते हैं, तो बिलासपुरी ढाबे में मक्की व कोदरे की रोटी साग के साथ खाना नहीं भूलते और साथ में पैक करवा कर भी ले जाते हैं।

मेले में सिड्डू, मोमो, चौमिन, कचौरी सहित अन्य चीजें मिलती हैं, जो कि आसानी से कहीं भी उपलब्ध होती हैं और घरों में भी बनती हैं, लेकिन मक्की व कोदरे की रोटी और साग वो भी लकड़ी के चूल्हे पर तैयार किया हुआ कभी-कभार ही मिलता है। मक्की व कोदरे की रोटी के साथ साग का स्वाद ही अलग है।

बिजली बोर्ड के कर्मचारियों ने सरकार की गलत नीतियों को लेकर किया प्रदर्शन

मनाली में भोजन अवकाश के समय कर्मचारियों ने किया धरना-प्रदर्शन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली

हिमाचल प्रदेश बिजली बोर्ड ज्वाइंट फ्रंट डिवीजन मनाली के कर्मचारियों ने भोजन अवकाश के समय मनाली में सरकार की गलत नीतियों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया। इस धरने में हिमाचल प्रदेश बिजली बोर्ड एंपलाइज यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष लीला चंद, मनाली यूनिट अध्यक्ष विपिन कुमार, यूनिट सेक्रेटरी केशव व जेई एसोशिएशन के जिला अध्यक्ष अर्जुन नेगी सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

प्रदेश उपाध्यक्ष ने बताया कि सरकार के पिछले 22 महीने में लगभग एक वर्ष अस्थायी प्रबंधन में निकल गया, जिसमें से बिजली बोर्ड को बहुत नुकसान उठाना पड़ा। जहां कर्मचारियों को पुरानी पेंशन बोर्ड में लागू नहीं की गई। वहीं, दूसरी ओर बोर्ड की वित्तीय स्थिति लगातार बिगड़ गई इतना ही नहीं। बोर्ड के ढांचे को भारी नुकसान पहुंचाया गया और बोर्ड की राष्ट्रीय स्तर पर रैंकिंग 50वें नंबर में पहुंच गई। अब स्थायी प्रबंधन लगाने से जहां बोर्ड को हुए इस नुकसान की भरपाई हो ही रही थी। वहीं, तब तक प्रदेश सरकार की ओर से बिजली बोर्ड पर एक कैबिनेट सब कमेटी का गठन कर दिया गया है। इस सब कमेटी की ओर से लिए गए एजेंडों व इसकी कार्यप्रणाली से ज्वॉइंट फ्रंट को लगता है कि इस कमेटी को सरकार द्वारा कुछ छिपे हुए एजेंडों को लागू करने के लिए गठित किया गया है। गत दिनों इस कमेटी की सिफारिश पर 51 इंजीनियर के कार्यात्मक पर्दा के साथ 81 आउटसोर्स ड्राइवर की सेवाएं समाप्त करना जैसे फैसले इस बात को सत्यापित करते हैं। यह तो शुरुआती फैसले हैं, सब कमेटी के एजेंडों में जहां बोर्ड के विभिन्न श्रेणियों के सैकड़ों पदों के साथ-साथ कार्यलयों को समाप्त करना सम्मिलित है।

वहीं, कमेटी बिजली बोर्ड के ट्रांसमिशन व जनरेशन विंगों को इससे अलग करने की दिशा में आगे बढ़ रही है, जो हम सबके लिए एक खतरे की घंटी है। ज्वॉइंट फ्रंट की ओर से मुख्यमंत्री, कैबिनेट सब कमेटी व बोई प्रबंधन को इन मुद्दों से अवगत करवाया और इन फैसलों को वापस लेने की मांग रखी।

बिजली बोर्ड के कर्मचारी भोजन अवकाश के समय धरना-प्रदर्शन करते हुए।

ढालपुर में भी पेंशनर्स ने किया विरोध

कुल्लू। हिमाचल प्रदेश में बिजली बोर्ड के द्वारा बीते दिनों जो कर्मचारी विरोधी निर्णय लिए गए हैं। उसका पूरे प्रदेश में विरोध किया जाएगा और मांग रखी जाएगी कि कर्मचारी विरोधी इन सभी निर्णय को तुरंत वापस लिया जाए। बीते दिनों हिमाचल प्रदेश बिजली बोर्ड में इंजीनियर सहित आउटसोर्स कर्मचारी की सेवाओं को समाप्त कर दिया गया था, जिसके चलते सोमवार को ढालपुर में बिजली बोर्ड के कार्यालय में बोर्ड में कार्यरत कर्मचारियों तथा सेवानिवृत्त कर्मचारियों के द्वारा मिलकर विरोध-प्रदर्शन किया गया। कर्मचारियों ने प्रदेश सरकार तथा बिजली बोर्ड प्रबंधन से मांग रखी है कि वह इस तरह के निर्णय को बिलकुल न लिया जाए, जिससे कर्मचारियों का भविष्य खराब होता हो। इसके अलावा जिन इंजीनियरों के पद और आउटसोर्स कर्मचारी की सेवाओं को समाप्त किया गया है। उसे भी तुरंत बहाल किया जाना चाहिए।

काजा में विकासात्मक कार्यों पर व्यय हो रहे 44.65 करोड़ : नेगी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा

राजस्व, बागवानी व जनजातीय विकास एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी ने काजा के सम्मेलन कक्ष में परियोजना सलाहकार समिति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।

नेगी ने सर्वप्रथम विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ गत बैठक में जारी किए दिशा-निर्देशों की वित्तीय एवं भौतिक कार्यों का ब्यौरा भी तलब किया और कहा कि विकासात्मक कार्यों को तेज गति प्रदान करने के साथ किए जा रहे कार्यों के गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। मंत्री ने जानकारी देते हुए कहा कि जनजातीय क्षेत्र काजा उपमंडल के तहत विभिन्न विकासात्मक कार्यों पर 44 करोड़ 65 लाख रुपए की धनराशि इस वित्तीय वर्ष में खर्च की जा रही है, ताकि इस क्षेत्र के लोगों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। बैठक में उन्होंने विभिन्न निर्माणाधीन कार्यों में तेजी लाने व निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए और शेष अन्य निर्माण कार्यों को शुरू करने के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को औपचारिकताएं जल्द पूर्ण करने को कहा। उन्होंने लोक निर्माण विभाग द्वारा घाटी में किए जा रहे सड़क निर्माण संबंधी कार्यों एवं भवन निर्माण कार्यों तथा अन्य नवीनीकरण संबंधी विभिन्न विकासात्मक कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने बिजली विभाग को क्षेत्र में चल रहे बिजली संबंधित कार्यों को निर्धारित समय अवधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए। जल शक्ति विभाग को काजा व ताबो में मल निकासी योजना के कार्य को शुरू करने और क्षेत्र में चल रही पेयजल एवं सिंचाई योजनाओं के कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

निर्माणाधीन सोलर प्लांट का किया निरीक्षण

नेगी ने काजा के रेंगटोंग में निर्माणाधीन 2 मेगावाट सोलर प्लांट का निरीक्षण किया और बिजली विभाग के अधिकारियों को इस निर्माण कार्य को समयबद्ध पूर्ण करने संबंधी आवश्यक दिशा -निर्देश दिए।

एफसीए के तहत लंबित मामलों का रणनीति बनाकर किया जाएगा निपटारा : अश्विनी कुमार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी कुल्लू अश्वनी कुमार ने कहा कि जिले में वन संरक्षण अधिनियम (एफसीए) के तहत लंबित मामलों का रणनीति बनाकर निपटारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि समय पर एफसीए की मंजूरी न मिलने के कारण अक्सर विकास परियोजनाओं में देरी होती है।

एफसीए की मंजूरी के बाद ही विकास कार्यों के लिए विभागों को वन भूमि हस्तांतरित की जाती है। बहुउद्देशीय हॉल में आयोजित बैठक में उन्होंने एफसीए के अंतर्गत लंबित मामलों की समीक्षा की। उन्होंने कुल्लू में पर्यावरण मंजूरी के लिए पोर्टल परिवेश 1.0 में और परिवेश 2.0 में मामलों की एक-एक कर समीक्षा की और विभागों को त्वरित निपटारे के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि पोर्टल से हट गए मामलों के निपटारे के लिए संबंधित विभागों को पत्र जारी किए जाएंगे और इन मामलों को पुन: अपलोड करने के लिए आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे लंबित मामलों के निपटारे के लिए टिप्पणियों पर कार्रवाई करें, ताकि स्वीकृत प्राप्त हो सके। बैठक का संचालन डीएफओ (जिला मुख्यालय) शशि किरण ने किया। बैठक में वन विभाग सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

भारत नहीं दुनिया के तमाम देशों में स्ट्रोक के मामलों में इजाफा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

समेकित क्षेत्रीय कौशल विकास, पुनर्वास एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण केंद्र सुंदरनगर के सौजन्य से जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र, कुल्लू में 'विश्व स्ट्रोक दिवस' का आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान के लाभार्थी उनके अभिभावक, कर्मचारियों तथा समाज के अन्य लोगों सहित 120 प्रतिभागियों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

मुख्य वक्ता के रूप में सीआरसी के पुनर्वास अधिकारी, डॉ. प्रियदर्शी मिश्रा ने इस दिवस की महत्ता एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की पहल पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में स्रोत व्यक्ति के रूप में बोलते हुए सीआरसी के पार-दिव्यांगता जल्द हस्तक्षेप केंद्र के नैदानिक सह पुनर्वास मनोवैज्ञानिक शुभम मिश्र ने इस दिवस के बारे में उपस्थिति प्रतिभागियों को सविस्तार से बताया।

मुख्यातिथि के रूप में जिला रेड क्रॉस सोसायटी के सचिव सह जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के क्रियान्वयक ने उपस्थित सभी लोगों का स्वागत किया। मुख्यातिथि ने अपने उद्बोधन में सीआरसी सुंदरनगर के प्रयासों की सराहना की एवं विशेष बच्चों के अभिभावकों के धैर्य एवं सहयोग की भी सराहना की।

द हंस फाउंडेशन की ओर से हाइपरटेंशन बारे आयोजित जागरूकता शिविर के दौरान लोगों को जानकारी देते हुए।

हर साल आज मनाया जाता है वर्ल्ड स्ट्रोक-डे

हर साल 29 अक्तूबर को वर्ल्ड स्ट्रोक-डे मनाया जाता है। वर्ल्ड स्ट्रोक-डे को मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्ट्रोक (मस्तिष्क आघात) के प्रति जागरूक करना और इसकी रोकथाम के उपायों के प्रति ध्यान आकर्षित करना है। स्ट्रोक एक गंभीर मेडिकल स्थिति है। स्ट्रोक का इलाज अगर सही समय पर किया जाए, तो व्यक्ति को लंबे समय तक मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। लेसेंट की एक रिपोर्ट बताती है कि भारत में साल 2021 में 1.25 मिलियन से ज्यादा स्ट्रोक के मामले दर्ज किए गए थे। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि कोरोना काल में स्ट्रोक और मस्तिष्क से जुड़ी परेशानियां बढ़ गई हैं। भारत नहीं दुनिया के तमाम देशों में पिछले कुछ सालों में स्ट्रोक के मामलों में इजाफा देखा गया है। इसलिए वर्ल्ड स्ट्रोक-डे को मनाना और भी ज्यादा जरूरी हो गया है।

40 होनहार बच्चों व मानवता की सेवा करने वाले लोगों को किया सम्मानित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली

प्रेस क्लब ऑफ कुल्लू व हिमालयन पर्यावरण एवं वन्य प्राणी संरक्षण समिति के सौजन्य से 40 होनहार बच्चों व मानवता की सेवा करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम सीनियर सेकेंडरी स्कूल मनाली में आयोजित हुआ।

प्रेस क्लब ऑफ कुल्लू के प्रधान धनेश गौतम इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रेस क्लब ऑफ कुल्लू के ब्रांड एंबेसडर एवं ग्रीन मैन किशन लाल, प्रधानाचार्य पुष्पा शर्मा सहित तमाम अध्यापक गणों ने उनका यहां पहुंचने पर भव्य स्वागत किया। धनेश गौतम ने बच्चों व अध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रेस क्लब कुल्लू पिछले कई वर्षों से होनहार बच्चों व अध्यापकों को सम्मानित करता आ रहा है, जो विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं। यह सम्मान इसलिए दिया जाता है, ताकि उनका मनोबल बना रहे। प्रेस क्लब व समिति हिमालय को ऑक्सीजन देने का कार्य कर रही है। यही कारण है कि कुल्लू से लेकर लेह-लद्दाख तक हिमालय के लोगों को जागरूक किया जा रहा है, ताकि हिमालय का मुकुट स्वच्छ व सुंदर रहे और दुनिया को स्वच्छ हवा व स्वच्छ पानी देता रहे।

प्रधानाचार्य पुष्पा शर्मा ने प्रेस क्लब व समिति का आभार प्रकट करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों का मनोबल बढ़ता है। किशन ने बताया कि समिति व प्रेस क्लब कुल्लू पिछले कई वर्षों से इस तरह के कार्यक्रम आयोजित कर रही है।

सीनियर सेकेंडरी स्कूल मनाली में सम्मान समारोह के दौरान गणमान्य लोग।

नुकसान शरारती तत्व हर वर्ष लगाते हैं आग, गश्त बढ़ाए वन विभाग, आग को रोकने के लिए वन विभाग की ओर से कोई भी कदम नहीं उठाए गए हैं

बड़ागढ़ के जंगल में आग से वन संपदा को भारी नुकसान

मोहन कपूर, पतलीकूहल

जिला कुल्लू के बाड़ी के जंगल में आग लग गई, जिससे वन संपदा को भारी नुकसान पहुंचा है। इस जंगल में लगभग हर वर्ष आग लगती है। कई बार तो जंगल के ऊपर बसे गांव वासियों के आशियानों को भी खतरा पैदा हो जाता है।

दोपहर में लगी आग पर ग्राम वासियों ने रात लगभग 9 बजे तक काबू पाने में सफलता हासिल की। भूपेंद्र, महिंद्र पाल, सुरेंद्र, प्रियांशु, प्रेम, मोहर सिंह, पदम सिंह, नर सिंह, अमर चंद और धर्म सिंह ने पावर स्प्रेयर से जंगल की आग को शांत कर अपने सेब के बगीचों को बचाया। ग्राम वासियों का कहना है कि इस जंगल में पिछले 10 वर्षों से लगभग हर वर्ष आग लगती है, जिससे वन संपदा को करोड़ों का नुकसान होता है। लोगों का कहना है कि हर वर्ष आग लगने के पश्चात भी इस वन की आग को रोकने के लिए वन विभाग की ओर से कोई भी कदम नहीं उठाए गए हैं। अभी तक वन की आग को रोकने के लिए न तो जंगल में फायर लाइन का निर्माण किया गया है और न ही आग बुझाने के लिए पानी भंडारण टैंक का निर्माण किया गया है। (अनंत ज्ञान)

वन विभाग पर लापरवाही का आरोप

बाड़ी के जंगल में हर वर्ष लगने वाली आग से निपटने के लिए वन विभाग की ओर से किसी प्रकार की तैयारी के न किए जाना विभाग की लापरवाही को दर्शाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आग लगने के बाद भी वन विभाग के कर्मचारी आग पर काबू पाने के लिए जंगल में नहीं आते हैं और न ही जंगल में गश्त लगाते हैं। उन्होंने वन विभाग से आग्रह किया है कि हर वर्ष लगने वाली आग से निपटने के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। पिछले वर्ष 5 दिसंबर को भी बड़ागढ़ के जंगल में आग लग गई थी, जिससे वन संपदा को भारी नुकसान पहुंचा था।

"कुछ शरारती तत्व टीडी के लिए पेड़ों को सुखाने के लिए जानबूझ कर जंगल में आग लगाते हैं, ताकि पेड़ सूख जाएं। विभाग जंगल में गश्त बढ़ाएगा, ताकि आग लगाने वालों को पकड़ा जाए और कार्रवाई की जाए।

टीटू, वन परिक्षेत्र अधिकारी पतलीकूहल।

न्यूज ब्रीफ

साहित्यिक कार्यों की चर्चा करती है प्रेरित

सोलन। शूलिनी विश्वविद्यालय के भाषा सीखने के उत्कृष्टता केंद्र (सेल), चित्रकोट स्कूल ऑफ लिबरल आर्ट्स ने, लिटविट्ज़ क्लब के सहयोग से, शूलिनी विश्वविद्यालय में एन रैंड के लोकप्रिय उपन्यास, द फाउंटेनहेड पर एक प्रेरक पुस्तक वार्ता का आयोजन किया गया। सत्र का नेतृत्व एडवोकेट शालिनी शर्मा ने किया, उन्होंने उपन्यास के मुख्य विषयों-व्यक्तिवाद, महत्वाकांक्षा और नायक हॉवर्ड रोर्क की अटूट दृष्टि पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम की शुरुआत लिटविट्ज़ क्लब के प्रमुख आयशी के साथ हुई, जिन्होंने अतिथि वक्ता का परिचय दिया। सत्र का मुख्य आकर्षण प्रश्न-उत्तर सत्र था, जिसका संचालन डॉ. नवरीत साही और प्रो. नासिर दश्तपेयमा ने किया। चित्रकोट स्कूल ऑफ लिबरल आर्ट्स की प्रमुख डॉ. पूर्णिमा बाली ने वक्ता, प्रतिभागियों और आयोजन टीम का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि महान साहित्यिक कार्यों की चर्चा विश्वविद्यालय समुदाय को प्रेरित करती रहती है।

नशा मुक्त भारत अभियान के बारे में दी जानकारी

नाहन। नेहरू युवा केंद्र, राष्ट्रीय स्वयं सेवा इकाई राजकीय महाविद्यालय पझौता और यूथ मीडिया क्लब धामला पझौता के संयुक्त तत्वाधान में पझौता कॉलेज में एकदिवसीय नशीली दवाओं की लत और मादक द्रव्यों के सेवन पर जागरूकता और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशीली दवाओं के खतरों से आगाह करना और उन्हें समाज में सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में मुख्यातिथि सुरजीत कुमार शर्मा, प्रधानाचार्य राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोटला बांगी ने कहा कि युवाओं को सामाजिक कार्य में भाग लेने की आवश्यकता है। नशीली दवाएं हमारी पीढ़ी को बर्बाद कर रही हैं और हमें इसके खिलाफ एकजुट होकर लड़ना होगा। नेहरु युवा केंद्र के सुरेंद्र शर्मा ने युवाओं को नशा न चुनकर देश के लिए खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवा ही देश का भविष्य हैं और उन्हें सकारात्मक दिशा में काम करना होगा। यूथ मीडिया क्लब धामला के अध्यक्ष संदीप ने नशा मुक्त भारत अभियान के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैसे नशीली दवाएं हमारे समाज को नुकसान पहुंचा रही हैं और हमें इसके खिलाफ लड़ने के लिए एकजुट होना होगा।

रंगोली प्रतियोगिता में बाड़ेश्वर सदन प्रथम

दाड़लाघाट। राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुंदन में प्रधानाचार्य सरताज सिंह राठौर की अध्यक्षता में दिवाली के अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्रवक्ता महेंद्र पाल कौंडल ने विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों को बधाई दी। इसके बाद अंतर सदन रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के चारों सदनों बाड़ेश्वर, कलाम, लक्ष्मी बाई और सतलुज के प्रतिभागियों ने भाग लिया। निर्णायक टीम में वरिष्ठ प्रवक्ता महेंद्र पाल कौंडल, शारीरिक अध्यापक मुकेश कुमार और सेवानिवृत्त प्रवक्ता नरेंद्र कपिला ने भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में बाड़ेश्वर सदन ने प्रथम स्थान, कलाम सदन ने दूसरा स्थान और लक्ष्मी बाई व सतलुज सदन ने तीसरा स्थान हासिल किया। प्रधानाचार्य सरताज सिंह राठौर ने सभी प्रतिभागियों व सदन प्रभारियों को बधाई दी और आगे भी ऐसी प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यालय परिवार के सभी स्टाफ सदस्यों व बच्चों को दिवाली की बधाई दी।

छात्र को जीवन में ऊंचा लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए

राजगढ़। गुरूकुल पीच वैली इंटरनेशनल स्कूल राजगढ़ ने अपना वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया। समारोह का शुभारंभ विवेक खेनाल अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक विषेश अदालत द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। छात्रों को संबोधित करते हुए विवेख खैनाल ने कहा कि छात्र को जीवन में ऊंचा लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए विषय चाहे कोई भी हो। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति समाज के लिए कुछ करना चाहता है, तो शिक्षा के क्षेत्र से बेहतर कुछ और नहीं हो सकता और गुरुकुल प्रबंधन राजगढ़ में यह कार्य बखूबी कर रहा है। जीवन में आगे बढ़ने के लिए अनुशासन व एक अच्छा इंसान बनना जरूरी है। मेहनत से किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ा जा सकता है। मुख्यातिथि ने शैक्षणिक, खेल व अन्य गतिविधियों में अव्वल रहे विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। इससे पहले स्कूल के चेयरमैन सतीश ने मुख्यातिथि को सम्मानित किया और छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि सभी नई ऊंचाइयों को पार कर देश की सेवा में भागीदारी कर विद्यालय का नाम रोशन करें। यह विद्यालय के लिए गर्व का विषय है कि आजतक विद्यालय का कोई भी छात्र बोर्ड परीक्षा में असफल नहीं हुआ। प्रधानाचार्य अनु दानी ने वार्षिक प्रतिवेदन द्वारा वर्ष भर की गतिविधियों और स्टूडेंट्स की उपलब्धियों से अवगत करवाया।

रंगोली प्रतियोगिता में विकास सदन प्रथम

दाड़लाघाट। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दाड़लाघाट में दीपावली के अवसर पर अंतर सदनीय रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों सदनों ने भाग लिया, जिन्हें तीन वर्गों में बांटा गया। छठी से आठवीं, नौवीं से दसवीं और ग्यारवीं से बारहवीं वर्ग में निर्णायक मंडल में प्रधानाचार्य हंसराज शर्मा, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष दीपक गजपति और वरिष्ठ प्रवक्ता अश्विनी, विजय चंदेल, हेमराज शर्मा शामिल रहे। प्रतियोगिता में प्रथम विकास सदन, द्वितीय प्रगति और विकास और तृतीय स्थान में विकास सदन रहा। विद्यालय प्रबंधन ने विजेता सदनों को बधाई दी और आगे भी ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

विज्ञान प्रोजेक्ट में परिधि ने झटका प्रथम स्थान

राजगढ़। जिला सिरमौर के राजगढ़ खंड के विद्यालयों का खंड स्तरीय बाल मेले का आयोजन पीएम श्री उत्कृष्ट संस्थान वैद्य सूरत सिंह स्मारक राजगढ़ स्कूल में आयोजित किया गया, जिसमें नगर पंचायत राजगढ़ के पूर्व अध्यक्ष एवं विद्यालय के एसएमसी अध्यक्ष दिनेश आर्य ने मुख्यातिथि के रूप में मेले का शुभारंभ किया। साथ ही विजेताओं को पुरुस्कार वितरित किए। बाल मेले के समन्वयक राकेश ने बताया कि इस मेले में राजगढ़ खंड (ब्लॉक) के पांच कलस्टर मे आयोजित मेलों के विजेता छात्रों ने खंड स्तर पर भाग लिया, जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक नृत्य में राजगढ़ कलस्टर प्रथम, पाबियाना द्वितीय और फागु तृतीय रहा। क्विज में भी राजगढ़ कलस्टर ने ही प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि पबियाना द्वितीय और सनौरा तृतीय रहा।

एनएसएस शिविर में हम साथ कार्य करना सीखते हैं

सोलन। सोलन के कसौली उपमंडल के सीनियर सेकंडरी स्कूल सुल्तानपुर में सात दिवसीय विशेष शिविर संपन्न हुआ। समापन समारोह में अभिषेक सुल्तानपुरी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जिन्होंने इस स्कूल को गोद लिया हुआ है। इस मौके पर बोलते हुए मुख्यातिथि ने कहा कि एनएसएस शिविर में हम साथ कार्य करना सीखते हैं, जो हमारे लिए भविष्य में उपयोगी होता है। उन्होंने कहा कि स्कूलों से ही यदि बच्चों में समाजसेवा के बीज बोये जाएं, तो यह समाज के लिए उपयोगी नागरिक साबित होते हैं।

धनतेरस और दिवाली को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

माल रोड पर 29 से 31 अक्तूबर तक प्रातः 11 से रात्रि 10 बजे नहीं चलेंगे वाहन, सीसीटीवी कैमरों से रहेगी पैनी नजर

आर मोहन चौहान, सोलन

प्रशासन ने शहर में धनतेरस और दिवाली की खरीददारी को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। एक तरफ शहर के भीड़भाड़ वाली जगहों पर पुलिस सिविल ड्रेस में तैनात रहेगी। वहीं, शरारती तत्वों पर पैनी नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरों को दरूस्त किया गया है। धनतेरस और दिवाली की खरीददारी करते लोगों को असुविधा का सामना न करना पड़े, इसके लिए प्रशासन ने माल रोड पर 29 से 31 अक्तूबर तक प्रात: 11 से रात्रि 10 बजे नहीं तक वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित की है।

फेस्टिवल सीजन में शहर में भीड़-भाड़ बढ़ जाती है। ऐसे में चोरी, स्नैचिंग और छेड़छाड़ की घटनाओं की आशंकाओं के चलते पुलिस प्रशासन भी अलर्ट है। त्योहारी सीजन में शरारती तत्वों पर निगरानी के लिए 6 टीमों का गठन किया है। यह टीमें लगातार पेट्रोलिंग कर रही हैं। इसमें से कुछ टीमें रात को तो कुछ दिन भर पेट्रोलिंग करती नजर आ रही हैं। वहीं, आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिए दमकल विभाग भी अलर्ट पर है। फेस्टिवल सीजन के चलते शहर में बड़ी संख्या में लोगों का आना-जाना लगा हुआ है। धनतेरस को लेकर लोग बड़ी संख्या में ज्वेलरी, बर्तन, कपड़े आदि की शॉपिंग करने में जुटे हुए हैं। ऐसे में चोरी की घटनाएं बढ़ने का भी खतरा है। इसी को देखते हुए पुलिस चौकस है। हालांकि राहत भरी बात फिलहाल यह है कि अब तक शहर में कोई भी बड़ी चोरी की घटना सामने नहीं आई है, लेकिन ऐसा आने वाले दिनों में भी न हो इसके लिए पुलिस तैयार बैठी है। सोलन शहर में खरीददारी के लिए सोलन के अलावा सिरमौर व अपर शिमला के लोग भी बड़ी संख्या में पहुंचते हैं, ऐसे में यहां हर समय डर का भी साया रहता है। (अनंत ज्ञान)

माल रोड सोलन में धनतेरस की खरीददारी के चलते बढ़ी चहल पहल।

सीसीटीवी से की जा रही सर्विलांस

शहर में आने-जाने वाले लोगों की संख्या में इजाफा हुआ है। ऐसे में शहर में आने जाने वालों पर पुलिस की नजर है। यही वजह है कि पुलिस सीसीटीवी कैमरे की मदद से भी आने-जाने वाले लोगों पर पैनी नजर बनाए हुए है। हर समय सीसीटीवी के द्वारा मॉनिटरिंग की जा रही है। इसके लिए तीन शिफ्टों में पुलिसकर्मी मॉनिटरिंग कर रहे हैं। अधिकारियों के मुताबिक शहर में लगभग 120 कैमरे वर्किंग में है। इन सभी कैमरे की मदद ली जा रही है। इसके अलावा पुलिस आने वाले दिनों में यदि जरूरत पड़ती है, तो ड्रोन का भी सहारा ले सकती है।

फेस्टिवल सीजन के लिए सोलन पुलिस ने सुरक्षा चक्र को मजबूत किया है। पुलिस ने 6 टीमों का गठन किया है, जो कि शिफ्ट अनुसार दिन-रात पेट्रोलिंग कर रही हैं। कुछ टीमें सिविल ड्रेस में भी लोगों के बीच में हैं। सीसीटीवी कैमरों से भी आने-जाने वाले लोगों पर नजर बनाई जा रही है।

राजकुमार, एएसपी, सोलन।

वाहनों के लिए तीन दिन बंद रहेगा मॉल रोड

दीपावली के त्योहार के दृष्टिगत जिला दंडाधिकारी सोलन मनमोहन शर्मा ने आमजन की सुविधा के दृष्टिगत आवश्यक आदेश जारी किए हैं। इन आदेशों के अनुसार 29 से 31 अक्तूबर तक प्रातः11 से रात्रि 10 बजे तक पुराना उपायुक्त कार्यालय चौक से पुराना बस अड्डा सोलन तक सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इस आदेश के अनुसार एंबुलेंस, अग्निशमन वाहन, सेना, आपातकालीन वाहन तथा कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रयुक्त वाहनों पर लागू नहीं होंगे। यह आदेश मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 115 व 117, सड़क सुरक्षा नियमन, 1999 के नियम 15 व 17 तथा हि.प्र. मोटर वाहन नियम, 1999 के नियम 184 व 196 के तहत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग करते हुए किए गए हैं। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि पुराना बस अड्डा से पुराना उपायुक्त कार्यालय चौक तक सामान लाने-ले जाने वाले साइकिल रिक्शा को प्रतिबंध से छूट रहेगी।

सोलन को स्वच्छ बनाने के लिए एनएसएस वालंटियर देंगे सेवाएं

अनंत ज्ञान, सोलन

भारत सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय के द्वारा माय भारत पोर्टल की पहली वर्षगांठ के अवसर पर यह दिवाली-माय भारत वाली थीम के अंतर्गत तीन दिवसीय मेगा इवेंट रविवार को शुरू हुआ। यह चार दिवसीय अभियान 30 तक चलेगा। इसके अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों की ओर से कई गतिविधियां की जाएंगी।

सोलन कॉलेज की एनएसएस इकाई के 50 स्वयंसेवी स्वच्छता ही सेवा, सेवा से सीखें और यातायात प्रबंधन जैसी गतिविधियों में भाग लेंगे। सोलन कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर एचएल शर्मा ने स्वयंसेवियों और कॉलेज की एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रियंका मुल्तानी को इस मेगा इवेंट के आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने स्वयंसेवियों को बताया कि माय भारत पोर्टल युवाओं को अपनी प्रतिभा को निखारने और नए कौशल सीखने के अवसर प्रदान कर रहा है। उन्होंने स्वयंसेवियों को एनएसएस की गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। ब्वॉयज स्कूल के बच्चों ने बाजार में साफ-सफाई कर लोगों को जागरूक किया। यह बात सोलन ब्वॉयज सीसे स्कूल की एनएसएस प्रभारी कल्पना परमार ने कही। इस बार की दीपावली विद माय भारत- ये दीपावली माय भारत वाली थीम पर आयोजित की जा रही है। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ब्वॉयज सीनियर सेकंडरी स्कूल को इसका जिम्मा सौंपा गया है।

एनएसएस इकाई के 50 स्वयंसेवी स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए।

दो माह से डेंटल कॉलेज कर्मचारियों को नहीं वेतन

पांवटा साहिब। डेंटल कॉलेज पांवटा साहिब के कर्मचारियों को इस बार की दीपावली बहुत मुश्किल वाली बीतने वाली है। कर्मचारियों को कॉलेज के प्रशासन की ओर से हर वर्ष की तरह दिवाली का बोनस देना तो दूर की बात है। कर्मचारियों को वेतन भी पिछले दो माह से नहीं दिया जा रहा है, जिससे सभी कर्मचारी बहुत मुश्किल में समय गुजारा कर रहे हैं। कर्मचारियों का कहना है कि उन्होंने जिला प्रशासन से भी इस बारे गुहार लगाई, मगर अभी तक कोई हल नहीं निकल पाया है। एसडीएम पांवटा साहिब से जब इस बारे बात की गई, तो उन्होंने कहा कि उनके पास शिकायत दर्ज करवाई गई थी, जिस पर बैठक दोनों पक्षों की बुलाई गई थी, मगर उसमें कॉलेज प्रशासन नहीं आया था। वह आज फिर दोनों पक्षों की बैठक बुला रहे हैं और जल्द कोई हल निकालने का प्रयास किया जाएगा, ताकि कर्मचारियों को वेतन मिल सके।

स्थानीय निधि लेखा समिति के सभापति एवं अन्य सदस्यों ने मां शूलिनी मंदिर में नवाया शीश

अधिष्ठात्री देवी मां शूलिनी पहुंचे लेखा समिति के सभापति एवं अन्य सदस्य।

अनंत ज्ञान, सोलन

स्थानीय निधि लेखा समिति के सभापति एवं अन्य सदस्यों ने सोलन की अधिष्ठात्री देवी मां शूलिनी के मंदिर में पूजा-अर्चना की और सभी प्रदेशवासियों के सुख एवं समृद्धि की कामना की।

समिति के सभापति एवं ज्वालामुखी विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजय रत्तन, सदस्य एवं ठियोग विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुलदीप सिंह राठौर, सदस्य एवं शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक केवल सिंह पठानिया और सदस्य एवं कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने सोलन में मां शूलिनी के दर्शन किए। उन्होंने इस अवसर पर मंदिर के इतिहास एवं परंपराओं की जानकारी भी प्राप्त की। मंदिर न्यास की ओर से उपमंडलाधिकारी सोलन डॉ. पूनम बसंल ने समिति के सभापति एवं सदस्यों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त सोलन अजय यादव, एसडीएम सोलन डॉ. पूनम बसंल अन्य अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित थे।

बीबीएन में आर्म्स एक्ट के मामलों में 60 फीसदी कटौती, इस वर्ष तीन मामले दर्ज

अनंत ज्ञान, बीबीएन

औद्योगिक क्षेत्र बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ में आर्म्स एक्ट के मामलों में इस वर्ष 60 फीसदी तक कटौती हुई है। गत वर्ष-2023 में बीबीएन में आर्म्स एक्ट के सात मामले सामने आए थे, जबकि वर्ष-2024 में मात्र तीन मामले सामने आए हैं।

जिला बद्दी पुलिस ने आर्म्स एक्ट में कई आरोपियों को पकड़ने में भी सफलता हासिल की है, जिन्हें बड़ी आपराधिक घटनाओं को होने से पहले ही रोका गया है। जिला बद्दी पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देशों पर बद्दी पुलिस ने आर्म्स एक्ट के मामलों में कटौती दर्ज की है। बता दें कि वर्ष-2022 में नालागढ़ अदालत के बाहर सरेआम फायरिंग की घटनाएं हो चुकी हैं, जबकि वर्ष-2023 में बद्दी के एक होटल व्यापारी से एक करोड़ रुपए की फिरौती के लिए भी फायरिंग की घटना हो चुकी है। (अनंत ज्ञान)

स्क्रैप के धंधे से जुड़ा हो सकता है मामला

बीते दिन शनिवार को स्क्रैप कारोबारी पर हुई फायरिंग के मामले में पुलिस जांच स्क्रैप के धंधे को लेकर भी कर रही है। बीते कुछ माह पहले ही झाड़माजरी में एक बहुराष्ट्रीय कंपनी में स्क्रैप को लेकर स्क्रैप कारोबारी राम किशन चौधरी ने कुछ युवकों के खिलाफ शिकायत दी थी, जिसका मामला बरोटीवाला थाना में भी दर्ज है।

एसपी ने अपराध के साथ-साथ आर्म्स एक्ट के मामले रोके, तो माइनिंग पर भी कसा शिकंजा

मामले की हो रही जांच : डीएसपी

डीएसपी बद्दी अभिषेक ने बताया कि स्क्रैप कारोबारी पर हुई फायरिंग के मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। हर पहलू की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द खुलासा होगा।

पहला मामला: बीते वर्ष जनवरी-2023 में बद्दी थाना के तहत हंसराज निवासी हरिहरपुर जिला सीतापुर की शिकायत पर दर्ज किया था, जिसमें राम बाबू, अजय व अजय कुमार ने इसके घर आकर पैसे देने के लिए धमकाया था, जब पीड़ित की पत्नी ने उन्हें बाहर किया तो इनके द्वारा गोली चलाई गई, गनीमत रही कि इस घटना में किसी तरह का जानी नुकसान नहीं हुआ।

दूसरा मामला: थाना नालागढ़ के तहत जुलाई-2023 में बगलैहड़ में अवैध माइनिंग को लेकर गोली की घटना सामने आई थी, जिसमें नवनीत ने शिकायत दी थी कि जेसीबी लेकर जा रहा था, तो स्कॉर्पियो गाड़ी में तीन युवकों ने गोलियां चलाई थी। इस घटना में भी किसी तरह का जानी नुकसान नहीं हुआ।

बीते वर्ष बीबीएन के कुल सात मामले दर्ज

तीसरा मामला: थाना नालागढ़ के तहत सितंबर 2023 में मेडिकल डिवाइस पार्क में माइनिंग का काम लेने को लेकर तीन युवकों के द्वारा हवाई फायर किया गया था, जिसकी शिकायत मेडिकल डिवाइस पार्क के एक ठेकेदार जगदीश ने दर्ज करवाई थी।

चौथा मामला: पुलिस थाना बद्दी के तहत सितंबर-2023 में होटल एमजी रिजेंसी के मालिक से एक करोड़ रुपए की फिरौती के लिए पुलिस थाना बद्दी से कुछ दूरी पर फायरिंग हुई थी, जिसमें पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

छठा मामला: नालागढ़ कोर्ट के बाहर आरोपियों को पुलिस हिरासत से निकलवाने के लिए सरेआम गोलियां चलाई गई थी, जिसमें पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। इस घटना के बाद से एरिया में दहशत का माहौल बन गया था।

सातवां मामला: मई माह में बद्दी-नालागढ़ एनएच पर खेड़ा के समीप दो गुटों में गैंगवार की घटना हुई थी, जिसमें सरेआम दोनों गैंग के युवकों ने फायरिंग की थी जिसमें सिमरन की गोली लगने से हत्या हुई थी।

पांचवां मामला: सितंबर 2023 में पुलिस थाना नालागढ़ के तहत दभोटा में बिना नंबर की गाड़ी में दो व्यक्तियों को रोका था, जिसमें एक युवक मौके से फरार हो गया, जबकि दूसरे युवक मनजोत के पास से अवैध हथियार बरामद किया गया था।

नई किस्मों की जानकारी खेत तक पहुंचाएं वैज्ञानिक : संजय

अनंत ज्ञान, सोलन

हिमाचल प्रदेश विधानसभा की स्थानीय निधि लेखा समिति ने सभापति एवं विधायक संजय रत्न के नेतृत्व में सोलन के डॉ. यशवंत सिंह परिमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी में बैठक की। समिति ने डॉ. यशवंत सिंह परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी के बारे में प्रस्तुतिकरण के माध्यम से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। सभापति ने कहा कि विश्वविद्यालय किसानों-बागवानों के लिए कार्यान्वित की जा रही योजनाओं तथा विभिन्न फलों की तैयार नई किस्मों के बारे में किसानों-बागवानों को वृहद स्तर पर जानकारी दें, ताकि इनके माध्यम से प्रदेश की आर्थिकी को मजबूत किया जा सके। समिति ने कहा कि यह विश्वविद्यालय हिमाचल की आर्थिकी को सुदृढ़ करने का आधार स्तंभ बन सकता है। इसके लिए आवश्यक है कि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक न केवल स्वयं खेत तक पहुंचे, बल्कि विश्वविद्यालय में अध्ययनरत छात्रों को सूचना, शिक्षा तथा संप्रेषण कार्य में प्रयुक्त करें। समिति ने विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों को निर्देश दिए कि ग्राम स्तर पर शिविर आयोजित कर किसानों-बागवानों को फल आदि की नई किस्मों और उन्नत तकनीक की जानकारी प्रदान करें। समिति ने कहा कि वैज्ञानिक जानकारी को खेत तक पहुंचाना आवश्यक है। समिति ने किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए, ताकि अधिक किसान प्राकृतिक खेती से जुड़कर लाभान्वित हो सकें।

सुशासन सामूहिक उत्तरदायित्व

सोलन। स्थानीय निधि लेखा समिति के सभापति एवं ज्वालामुखी विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजय रत्न ने कहा कि सुशासन सामूहिक उत्तरदायित्व है और सभी अधिकारी एवं कर्मचारी सुशासन का मुख्य घटक हैं। संजय रत्न ने स्थानीय निधि लेखा समिति की सोलन में कार्यरत विभिन्न विभागों, संस्थानों, निगमों एवं प्राधिकरण के साथ लेखा के संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। संजय रत्न ने कहा कि तथ्यों के साथ उपलब्ध जानकारी धनराशि का उचित उपयोग सुनिश्चित बनाती है और यह निर्धारित किया जाना चाहिए कि समिति के समक्ष दी गई जानकारी तथ्यपरक हो। उन्होंने कहा कि विधानसभा की समिति को दी गई जानकारी प्रदेश सरकार को सही सुझाव प्रदान करने का मार्ग प्रशस्त करती है। समिति ने गत चार दिनों में शिमला, सिरमौर तथा सोलन जिले का दौरा कर न वित्तीय संसाधनों की जानकारी प्राप्त की है।

विद्यार्थियों को युवा उद्यमी बनाने के बारे में दी जानकारी

अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट

दाड़लाघाट में स्वावलंबी भारत अभियान के तहत कई स्थानों में कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनका उद्देश्य युवाओं को उद्यमिता की दिशा में प्रेरित करना रहा।

इन कार्यक्रमों में पूर्व गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल दाड़लामोड़ में जैविक उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मलेन आयोजित किया गया, जहां विद्यार्थियों को हर युवा उद्यमी बनाने के बारे में जानकारी दी गई। इसके अलावा दाड़लाघाट कॉलेज, ईश्वररम्मा सीनियर सेकेंडरी स्कूल दाड़लाघाट, सीनियर सेकेंडरी स्कूल धुंदन और अर्की कॉलेज में भी इस अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें प्रधानाचार्य और अन्य अधिकारियों ने भाग लिया। यह अभियान युवाओं को उद्यमिता की दिशा में प्रेरित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। शिमला विभाग पूर्णकालिक हिमांशु और प्रांत पूर्णकालिक जसवंत सिंह यादव ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में स्वालंबन का भाव जागृत करना है।

परेशानी पीपीसी होने के बावजूद किसान मजबूरी में अपनी फसल पड़ोसी राज्य हरियाणा में बेचने को मजबूर, फसल की कटाई का कार्य चरम पर

सिरमौर में धान खरीद केंद्रों में बुनियादी ढांचे की कमी, किसान परेशान

अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब

वर्तमान खरीफ विपणन सत्र में धान की बंपर फसल और हिमाचल के सिरमौर जिले के पांवटा साहिब और धौला कुआं में धान खरीद केंद्रों (पीपीसी) में उचित बुनियादी ढांचे की कमी ने क्षेत्र के किसानों को परेशान कर दिया है। सिरमौर जिले में दो पीपीसी होने के बावजूद किसान मजबूरी में अपनी फसल पड़ोसी राज्य हरियाणा में बेचने को मजबूर हैं। इन मंडियों में आढ़ती 2000 से 2100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान की फसल खरीद रहे हैं, जबकि एमएसपी 2320 रुपए प्रति क्विंटल है। मजबूरी में बेचने में दो बड़ी बाधाएं हैं। पीपीसी में बुनियादी ढांचे की कमी और जिला नियंत्रक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले एन के धीमान की ओर से फसल बिक्री पोर्टल पर कम टोकन खोले जाना। फसल की कटाई चरम पर है, लेकिन एक मंडी में केवल 25 किसानों को ही अपनी फसल लाने की अनुमति है, जबकि पिछले साल 45 किसानों को अनुमति थी। आज की स्थिति में एपीएमसी पांवटा में दो लाइनों में लगभग 80 ट्रॉलियां धान की फंसी हुई हैं, जबकि धौलाकुआं में लगभग 50 ट्रॉलियां फंसी हुई हैं। 20 तारीख का टोकन आगामी 29 और 30 तारीख को तोला जाएगा। कटाई के बाद किसानों के लिए फसल को घर पर रखना और 25-30 दिन बाद अपनी बारी का इंतजार करना मुश्किल है, जिससे उन्हें मजबूरी में बेचना पड़ रहा है। इसके अलावा किसानों को आगामी दिवाली के त्योहार के लिए भी पैसे की जरूरत है। एन के धीमान जो कि जिला नियंत्रक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले सोलन है, उनका सिरमौर जिले का अतिरिक्त प्रभार मिला हुआ है, लेकिन सिरमौर जिले में किसानों की बदहाली के लिए इसी अधिकारी को सबसे अधिक जिम्मेदार बताया जा रहा है और कई किसानों ने शिकायत की है कि अधिकारी भ्रष्टाचार में लिप्त है तथा उन्होंने शिमला, सोलन, चंडीगढ़ में अवैध संपत्तियां अर्जित की हुई हैं तथा बेनामी संपत्तियां भी इकट्ठी की हैं। किशनपुरा के राजेंद्र प्रकाश ने बताया कि वह 24 अक्तूबर को अपना टोकन नंबर 20248101038 लेकर पांवटा मंडी आए थे। उन्हें 6-7 दिन इंतजार करने को कहा गया।

आक्रामक और तीखी नोकझोंक के बाद भी राजेंद्र प्रकाश का धान नहीं तोला गया। उन्होंने अपना धान पड़ोसी राज्य हरियाणा में खिदराबाद के निजी आढ़ती को 2100 क्विंटल के रेट पर बेचा है। टोकन कम होने से खरीद भी कम हो रही है। चालू सीजन में खरीद की उम्मीद 60-70 हजार क्विंटल है, जबकि पिछले साल 103 हजार क्विंटल खरीद हुई थी। इससे सरकारी खजाने को भी नुकसान हो रहा है। यहां यह बताना जरूरी है कि राज्य सरकार द्वारा की जाने वाली खरीद एपीएमसी, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग और हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम तथा कृषि विभाग का संयुक्त प्रयास है। अधिकांश कर्मचारी शाम पांच बजे तक मंडियों से चले जाते हैं। केवल नागरिक आपूर्ति के मंडी प्रभारी अंकुश और राकेश ही सुबह 10 बजे से लेकर रात आठ बजे तक मंडी में रहते हैं।

न्यूज ब्रीफ

सीएम धामी ने धनतेरस की शुभकामनाएं दीं

अनंत ज्ञान, देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा तथा भैयादूज की शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि धनतेरस आरोग्यता के देव भगवान धन्वंतरी की पूजा का पर्व है। भगवान धन्वंतरी हम सबके जीवन में सुख-समृद्धि एवं आरोग्यता प्रदान करें इसकी उन्होंने कामना की है। मुख्यमंत्री धामी ने दीपावली के पावन पर्व को सुख, समृद्धि और संपन्नता का प्रतीक बताते हुए सभी प्रदेशवासियों को दीपावली के पावन पर्व की शुभकामनाएं दी है।

जॉगिंग ट्रैक के निर्माण को मिली मंजूरी

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। नगर निगम चंडीगढ़ की वित्त एवं अनुबंध समिति ने चंडीगढ़ के सेक्टर 24 में एक पार्क में जॉगिंग ट्रैक के निर्माण सहित विभिन्न विकासात्मक एजेंडों को मंजूरी दी।एफएंडसीसी की बैठक में मेयर कुलदीप कुमार ने भाग लिया। अमित कुमार, आईएएस, आयुक्त और समिति के अन्य सदस्य जसविंदर कौर, महेशिंदर सिंह सिद्धू, लखबीर सिंह, तरूणा मेहता और एमसीसी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी इस बैठक में शामिल हुए।

पीजीआई के पूर्व छात्रों ने खेलों का लिया आनंद



अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। पीजीआई के पूर्व छात्र सम्मेलन का अंतिम दिन एक उत्सव के रूप में समाप्त हुआ, जिसमें डॉक्टरों ने खेलों के मैदान पर अपनी अद्वितीय प्रतिभा का लोहा मनवाया। जैसे ही सूर्य अस्त हुआ, पीजीआई परिसर में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ। यह आयोजन न केवल पुराने दिनों की याद दिलाने वाला था, बल्कि भविष्य में फिर से मिलने का एक संकल्प भी था। इस दिन आयोजित खेल गतिविधियां पूर्व छात्रों के लिए एकजुटता का प्रतीक बनीं। क्रिकेट मैच ने जोश और दोस्ताना प्रतिस्पर्धा का रंग भरा, वहीं शतरंज की बौद्धिक चुनौतियों ने उन्हें सोचने पर मजबूर किया। बैडमिंटन कोर्ट पर हंसी-खुशी का माहौल था, जहां कई डॉक्टर, जो दशकों बाद खेल रहे थे, ने पुरानी मित्रता को फिर से जीवित किया। टेबल टेनिस के मुकाबले ने सामुदायिक भावना को और भी मजबूत किया।

कनाडा में सड़क दुर्घटना में चार भारतीयों की मौत

ओटावा। कनाडा के ओंटेरियो प्रांत में सड़क दुर्घटना में चार भारतीय नागरिकों की मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि दुर्घटना पिछले गुरुवार को टोरंटो शहर के लेक शोर बुलिवर्ड ईस्ट एंड चेरी स्ट्रीट इलाके में हुई। टेस्ला कार में 25 से 32 साल के पांच लोग सवार थे। चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया, जिसके बाद वह गार्ड रेल और फिर कंक्रीट के खंभे से टकराई और उसमें आग लग गई।

फिलीपींस में मरने वालों की संख्या 116 पहुंची

मनीला। फिलीपींस के राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन परिषद ने बताया कि पिछले सप्ताह फिलीपींस में आए उष्णकटिबंधीय तूफान ट्रामी के कारण आई विनाशकारी बाढ़ और भू-स्खलन से मरने वालों की संख्या बढ़कर 116 हो गई है। इसके अलावा इसमें 39 लोगों के लापता होने की खबर है। अधिकारियों ने बताया गया कि तूफान ट्रामी के कारण दो महीने तक भारी बारिश जारी रही, जिससे देश के 17 क्षेत्रों में 6.7 मिलियन से अधिक लोग प्रभावित हुए।

कैग रिपोर्ट पेश करने की याचिका पर सुनवाई आज

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायकों की उस याचिका को 29 अक्टूबर के लिए सूचीबद्ध करने पर सोमवार को सहमत हो गया जिसमें दिल्ली सरकार को शराब शुल्क, प्रदूषण और वित्त संबंधी कैग की 12 रिपोर्ट उपराज्यपाल को भेजने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है ताकि उन्हें विधानसभा के समक्ष पेश किया जा सके। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश हुए एक वरिष्ठ वकील ने याचिका को सूचीबद्ध करने के लिए मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ के समक्ष उसका उल्लेख किया।

कर्नाटक में ईडी ने एमयूडीए मामले में मारे छापे

बेंगलुरु। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मैसुरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में सोमवार को फिर छापे मारे। ईडी ने इसी मामले में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। सूत्रों ने बताया कि बेंगलुरू और मैसुरु में लगभग सात-आठ परिसरों पर छापे मारे जा रहे हैं।

झारखंड : सीएम हेमंत के खिलाफ हेम्ब्रम को उतारा

रांची। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने झारखंड विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ सोमवार को बरहेट सीट से युवा नेता गमालियल हेम्ब्रम को उम्मीदवार घोषित किया। हेम्ब्रम ने 2019 के विधानसभा चुनावों में आल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) पार्टी के टिकट पर बरहेट से चुनाव लड़ा था और 2,573 वोट हासिल कर चौथे स्थान पर रहे थे। झारखंड में आगामी 13 नवंबर और 20 नवंबर को 81 विधानसभा सीटों के लिए मतदान होना है जबकि मतों की गिनती 23 नवंबर को होगी।

पंजाब में पराली जलाने की घटनाओं में 50% की कमी

फिर भी दिल्ली की हवा पर कोई असर नहीं

एजेंसी, चंडीगढ़

पंजाब में फसल कटाई के बाद की अवधि में इस साल पराली जलाने की घटनाओं में 50 फीसदी की कमी आई है। हालांकि राष्ट्रीय राजधानी की वायु गुणवत्ता पर इसका कोई सकारात्मक असर नहीं दिखा है।

'पंजाब रिमोट सेंसिंग सेंटर' के आंकड़ों के अनुसार, 15 सितंबर से 27 अक्तूबर तक पंजाब में पराली जाने की 1,995 घटनाएं सामने आईं, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह आंकड़ा 4,059 था। अगर वर्ष 2022 के आंकड़ों से तुलना करें तो इस साल 75 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। राज्य में इस अवधि में वर्ष 2022 में पराली जलाने की 8,147 घटनाएं दर्ज की गई थीं। अक्टूबर और नवंबर में

धान की कटाई के बाद, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली से सटे राज्यों में पराली जलाने से दिल्ली में प्रदूषण बढ़ जाता है। पंजाब में धान की खरीद प्रकिया जारी है।

आंकड़ों के अनुसार, रविवार को पंजाब में पराली जलाने की 138 घटनाएं सामने आई जिनमें सबसे ज्यादा फिरोजपुर, उसके बाद संगरूर और फतेहगढ़ से थीं। राज्य में 2022 और 2023 में इसी दिन पराली जलाने की , मश: 1,111 और 766 घटनाएं दर्ज की गई थीं।

हालांकि, पराली जलाने की घटनाओं में कमी के बावजूद दिल्ली में वायु प्रदूषण पर कोई खास असर नहीं पड़ा है। दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 355 रहा जो ''बेहद खराब'' श्रेणी में आता है।

चूंकि धान की कटाई के बाद गेहूं जैसी रबी फसलों के लिए समय बहुत कम होता है, इसलिए कुछ किसान फसल अवशेषों को जल्द हटाने के लिए उनमें आग लगा देते हैं। पंजाब में 31 लाख से अधिक हेक्टेयर रकबे में धान की खेती की जाती है और इससे 180-200 लाख टन पराली निकलती है।

पंजाब में 2023 में पराली जलाने की कुल 36,663 घटनाएं सामने आई थीं। यह आंकड़ा उससे पिछले साल की तुलना में 26 प्रतिशत कम था। राज्य में 2022 में पराली जलाने की कुल 49,922 घटनाएं, 2021 में 71,304 घटनाएं, 2020 में 76,590 घटनाएं, 2019 में 55,210 घटनाएं और 2018 में 50,590 घटनाएं दर्ज की गईं।

सांसद मनीष तिवारी ने सुनी लोगों की समस्याएं

जगदीश शर्मा, चंडीगढ़

चंडीगढ़ से सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री मनीष तिवारी ने वार्ड नं. 27, सेक्टर-40 स्थित सामुदायिक केंद्र में शहर की समस्याओं पर चर्चा करने के लिए स्थानीय लोगों के साथ बैठक की। इस दौरान चंडीगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष एचएस लक्की भी उपस्थित रहे।

फेडरेशन ऑफ सोशल वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले सेक्टर 38, 39 और 40 के निवासियों से मुलाकात के दौरान सांसद तिवारी ने कहा कि लोकसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनकी प्राथमिकता है और इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए वे हमेशा लोगों की सेवा में तत्पर हैं। उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया।

सांसद ने कहा कि विकास के लिए नीयत होनी चाहिए और उन्होंने क्षेत्र के विकास को हमेशा प्राथमिकता दी है। इस अवसर पर चंडीगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष एचएस लक्की ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के शासनकाल में हल्के के विकास के लिए कई कदम उठाए गए हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि विकास की राह में कोई बाधा नहीं आने दी जाएगी।

इस बैठक का आयोजन एमसी गुरबख्श रावत और दविंदर रावत ने किया। बैठक में दलविंदर सिंह, प्रदीप कुमार, एसके खोसला, एम.आर. भाटिया, राकेश बरोटिया, और तरसेम शर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान एमसीसी कर्मचारियों ने ली शपथ

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

केंद्रीय सतर्कता आयोग की सिफारिश के अनुपालन में, चंडीगढ़ नगर निगम ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह के पहले दिन शपथ ली, जो संस्कृति की थीम पर 28 अक्तूबर से 3 नवंबर तक मनाया जाएगा।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह एक जागरूकता निर्माण और आउटरीच उपाय है, जो शासन और सार्वजनिक प्रशासन में नैतिकता और पारदर्शिता की आवश्यकता के बारे में अधिक संवेदनशीलता पैदा करने के लिए सभी हितधारकों को एक साथ लाता है।

गुरिंदर सिंह सोढ़ी, संयुक्त आयुक्त, एमसी चंडीगढ़ ने एमसी भवन, सेक्टर 17 में सभी एमसीसी कर्मचारियों को शपथ दिलाई। उन्होंने सतर्क रहने और हर समय ईमानदारी और सत्यनिष्ठा के उच्चतम मानकों के लिए प्रतिबद्ध होने और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई का समर्थन करने की शपथ ली।

जेपीसी बैठक में हंगामा, विपक्षी सांसदों ने किया वॉकआउट

नई दिल्ली। वक्फ (संशोधन) विधेयक को लेकर घमासान का दौर जारी है। सोमवार को एक बार फिर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की बैठक हुई, जिसमें दिल्ली वक्फ बोर्ड के प्रेजेंटेशन के विरोध में कई विपक्षी नेता वॉकआउट कर गए।

दरअसल, आम आदमी पार्टी सांसद संजय सिंह, डीएमके सांसद मोहम्मद अब्दुल्ला, कांग्रेस के नसीर हुसैन और मोहम्मद जावेद समेत कई नेताओं ने दिल्ली वक्फ बोर्ड के प्रशासक पर आरोप लगाया कि उन्होंने दिल्ली सरकार को बिना बताए प्रेजेंटेशन में बदलाव कर दिए। इसके बाद ही सभी नेता बैठक से बाहर निकल गए। बैठक की अध्यक्षता बीजेपी सांसद जगदंबिका पाल कर रहे थे।

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की

अनंत ज्ञान, देहरादून

अनुमोदित प्रस्तावों पर शासनादेश जारी करने में विलंब पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में तत्परता से कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। सीएस रतूड़ी ने मिसिंग लिंक फंड के तहत जिन विभागों में प्रस्ताव डीपीआर, टीएसी या डीएफसी स्तर पर लंबित हैं, उनकी प्रक्रिया को त्वरित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने सोमवार को सचिवालय में मिसिंग लिंक से पोषित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों के प्रस्तावों को मिसिंग लिंक द्वारा फंडिंग किए जाने पर सहमति बनी। मुख्य सचिव ने सचिव वित्त को सभी विभागों से तत्काल प्रस्ताव लेने के निर्देश दिए, ताकि बजट जारी कर अधूरी योजनाओं को पूरा किया जा सके। मिसिंग लिंक फंडिंग पर चर्चा करते हुए मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कहा कि मिसिंग लिंक फंडिंग अपूर्ण योजनाओं को पूरा करने का स्वर्णिम अवसर है। इस संबंध में सभी विभाग अपने स्तर पर ऐसी आधी-अधूरी योजनाओं का गंभीरता से आंकलन करे, फील्ड ऑफिसर्स से भी जानकारी ली जाए।

देश-विदेश

भाजपा ने संविधान के मूल्यों को किया कमजोर : प्रियंका

एजेंसी, वायनाड (केरल)

कांग्रेस उम्मीदवार प्रियंका गांधी ने सोमवार को वायनाड लोकसभा सीट के उपचुनाव के लिए अपने प्रचार अभियान की शुरुआत की।

मीनांगडी में जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार पर तीखा हमला किया और आरोप लगाया कि इसके शासन में संविधान के मूल्यों को लगातार कमजोर किया जा रहा है। उन्होंने मणिपुर में हुई हिंसा का उल्लेख किया और आरोप लगाया कि देश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ योजनाबद्ध हमले हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि आपने इस सरकार को गुस्से और घृणा का प्रसार करते कई बार देखा है। दावा किया कि एक के बाद एक नीतियां आम लोगों के बजाय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मित्रों के पक्ष में बनाई जा रही हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के इस्तीफा देने के कारण वायनाड सीट पर उपचुनाव करवाया जा रहा है। राहुल ने आम चुनाव में वायनाड और उत्तर प्रदेश की रायबरेली दोनों सीट से जीत हासिल की थी। इस बाद उन्होंने वायनाड से इस्तीफा दे दिया था।

अफगानिस्तान में मिला हथियारों का जखीरा, एंटी एयरक्राफ्ट गन भी बरामद

काबुल। अफगानिस्तान के फरयाब प्रांत में सोमवार को हथियारों का जखीरा बरामद किया गया। इसमें एंटी एयरक्राफ्ट गन भी शामिल है। प्रांतीय पुलिस ने बताया कि अलमार जिले से कई हथियार और गोला-बारूद बरामद किए। इसमें एंटी एयरक्राफ्ट गन सहित कई हथियार और गोला-बारूद शामिल हैं। पुलिस को इलाके से एक असॉल्ट राइफल, एक मोर्टार, वॉकी-टॉकी के तीन सेट, अनगिनत गोले और अन्य सैन्य उपकरण मिले हैं।

इसराइल ने किया गाजा स्कूल शेल्टर पर हमला, 9 की मौत

एजेंसी, गाजा

गाजा शहर के पश्चिम में अल-शती शरणार्थी शिविर में विस्थापित व्यक्तियों को आश्रय देने वाले एक स्कूल को निशाना बनाकर किए गए इसराइली हवाई हमले में तीन पत्रकारों सहित नौ फिलीस्तीनी मारे गए।

सूत्रों और प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि एक इसराइली विमान ने 'अस्मा' स्कूल पर कम से कम एक मिसाइल से हमला किया। पैरामेडिक्स ने बताया कि मेडिकल टीमों ने बच्चों सहित नौ पीड़ितों के शव बरामद किए, जबकि विभिन्न चोटों वाले 20 से अधिक अन्य लोगों को अस्पताल ले जाया गया। गाजा में नागरिक सुरक्षा प्राधिकरण ने कहा कि उसकी टीमें, चिकित्सा कर्मियों के साथ समन्वय में, मलबे के नीचे लापता व्यक्तियों की तलाश जारी रख रही हैं।

जयराम रमेश ने जनगणना पर उठाए सवाल बोले- जल्द सर्वदलीय बैठक बुलाई जाए

एजेंसी, नई दिल्ली

कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि जनगणना से जुड़े विषयों पर स्पष्टता के लिए जल्द सर्वदलीय बैठक बुलाई जाए। उन्होंने कहा कि जनगणना के साथ ही जाति जनगणना कराना केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है। 'एक्स' पर कहा कि महापंजीयक और जनगणना आयुक्त के कार्यकाल के विस्तार देने को अभी-अभी अधिसूचित किया गया है। इसका मतलब है कि 2021 में होने वाली जनगणना, जो लंबे समय से विलंबित है, अब आखिरकार जल्द ही करवाई जाएगी।उन्होंने कहा कि दो महत्वपूर्ण मुद्दों पर अभी भी कोई स्पष्टता नहीं है।

सोशल मीडिया प्लेटफार्म ने केंद्र को मुहैया कराया डाटा

नई दिल्ली। विमानों को बम से उड़ाने की धमकी के मामले में सूचना एवं प्रौद्योगिकी (आईटी) मंत्रालय को सोशल मीडिया प्लेटफार्म से डाटा मिल गया है। सोशल मीडिया कंपनियां सख्त एडवाइजरी जारी किए जाने के बाद हरकत में आई है। फेसबुक और एक्स के जरिए सर्वाधिक धमकियां मिली थीं, जिसमें मास्क वीपीएन का उपयोग किया गया।

जापान : आम चुनाव में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद सत्तारूढ़ पार्टी के इलेक्शन चीफ का इस्तीफा

एजेंसी, टोक्यो

जापान की लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) के चुनाव प्रमुख शिंजिरो कोइजुमी ने पार्टी के निराशाजनक चुनाव प्रदर्शन के बाद प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा को अपना इस्तीफा सौंप दिया। इशिबा ने इस्तीफा स्वीकार कर लिया। पूर्व प्रधानमंत्री जुनिचिरो कोइजुमी के बेटे शिंजिरो कोइजुमी ने स्वीकार किया कि पार्टी को मतदाताओं के इस फैसले के अनुसार खुद को ढालना होगा। वहीं, जापान के वकीलों ने सोमवार को देश कई उच्च न्यायालयों में मुकदमे दायर कर आम चुनाव के परिणामों को रद्द करने और दोबारा मतदान की मांग की। वे सभी 289 एकल-सीट वाले निर्वाचन क्षेत्रों के परिणामों को चुनौती देंगे।

भारत-चीन के बीच सीमा समझौता सकारात्मक कदम : रूसी राजदूत

नई दिल्ली। भारत में रूस के राजदूत डेनिस अलीपोव ने सीमा मुद्दे पर हुए चीन-भारत समझौते को द्विपक्षीय संबंधों की दिशा में सोमवार को सकारात्मक कदम बताया और कजान में संपन्न 'ब्रिक्स' शिखर सम्मेलन के इतर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुई बैठक का स्वागत किया। अलीपोव ने कहा कि रूस के कजान शहर में हाल में संपन्न हुआ ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 'पूर्णत: सफल' रहा तथा यह 'कोई विशिष्ट नहीं बल्कि समावेशी मंच' है। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स पश्चिम विरोधी नहीं बल्कि गैर-पश्चिम देशों का समूह है। उन्होंने कहा कि यह भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों की दिशा में एक सकारात्मक प्रगति है।

दिवाली से पहले शेयर बाजार की दमदार वापसी, सेंसेक्स में 602 अंक का उछाल

एजेंसी, मुंबई

हफ्ते के पहले कारोबार दिन सोमवार को सेंसेक्स 602 अंक की तेजी के साथ 80,005 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 186 अंक की बढ़त रही, ये 24,367 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 25 अंक की तेजी और 5 में गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 36 में तेजी और 14 में गिरावट रही। ह्रस्थ के सभी सेक्टर तेजी के साथ बंद हुए।

सरकारी बैंकों के शेयर सबसे ज्यादा चढ़े। वारी एनर्जीज का शेयर एनएसई पर 66.3 फीसदी ऊपर 2,500 रुपए और बीएसई पर 69.7 फीसदी ऊपर 2,550 रुपए पर लिस्ट हुआ। इसका इश्यू प्राइस 1,503 रुपए था। दिनभर के कारोबार के बाद यह 8.20 फीसदी गिरकर 2341 रुपए पर बंद हुआ। दीपक बिल्डर्स का शेयर एनएसई पर 1.48 फीसदी नीचे 200 रुपए और बीएसई पर 2.22 फीसदी नीचे 198.5 रुपए पर लिस्ट हुआ। इसका इश्यू प्राइस 203 रुपए था। दिनभर के कारोबार के बाद शेयर बीएसई पर 18.87 फीसदी की गिरावट के साथ 161.05 रुपए पर बंद हुआ।

धनतेरस से पहले सोने-चांदी में तेजी

नई दिल्ली। धनतेरस से एक दिन पहले यानी 28 अक्तूबर को सोने और चांदी के दाम में तेजी आई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के आंकड़ों के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 480 रुपए चढ़कर 78,495 रुपए पर पहुंच गया। इससे पहले सोना 78,015 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था। वहीं, चांदी की कीमत में भी 752 रुपए की बढ़त रही और यह 96,552 रुपए प्रति किलो की कीमत पर पहुंच गई है। इससे पहले चांदी 95,800 रुपए पर थी। इसी महीने 23 अक्तूबर को सोने ने 78,703 रुपए और चांदी ने 99,151 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

डोनाल्ड ट्रंप ने न्यूयॉर्क की रैली में दोहराया 'अमेरिका फर्स्ट' का नारा

एजेंसी, वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में प्रचार अब लगभग अपने आखिरी चरण में पहुंच चुका है. अपने प्रचार के मद्देनजर रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार और पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने न्यूयॉर्क में एक बड़ी रैली की। ट्रंप ने भाषण में 'अमेरिका फर्स्ट' के अपने पुराने नारे को दोहराया। साल 2016 में जब पहली बार ट्रंप राष्ट्रपति बने थे उस वक़्त भी उन्होंने 'अमेरिका फर्स्ट' का नारा दिया था। ट्रंप ने अमेरिका को सुरक्षित, साफ और खूबसूरत बनाने का वादा किया। वहीं, वहीं एलन मस्क ने भी ट्रंप की न्यूयॉर्क रैली में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई।

कमला हैरिस ने ट्रंप पर साधा निशाना

डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस ने प्रचार अभियान के दौरान ट्रंप पर निशाना साधा। ट्रंप को 'अस्थिर' बताते हुए कहा कि वे अपने दूसरे कार्यकाल में असीमित ताकत चाहते हैं। ट्रंप ने अपने राजनीतिक विरोधियों से बदला लेने और उनको जेल भेजने का वादा किया है। अपनी रैली में कमला हैरिस ने खास तौर पर युवा और पहली बार वोट देने वाले मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिश की।

भारतीयों के साथ दिवाली मनाएंगे बाइडेन

दिवाली पर व्हाइट हाउस दीपों की रोशनी से जगमग होगा। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने भारतीय अमेरिकियों को दिवाली मनाने के लिए सोमवार शाम को व्हाइट हाउस में बुलाया है। व्हाइट हाउस ने बताया कि पिछले वर्षों की परंपरा को जारी रखते हुए राष्ट्रपति जो बाइडेन अपने भाषण से पहले ब्लू रूम में दीया जलाएंगे।

स्पोर्ट्स विंडो

पाकिस्तान के कोच पद से गैरी कर्स्टन ने दिया इस्तीफा

कराची। पाकिस्तान की सीमित ओवरों की टीम के मुख्य कोच गैरी कर्स्टन ने अपनी नियुक्ति के छह महीने के अंदर ही अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया है कि

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अधिकारियों के साथ मतभेद होने के कारण उन्होंने यह फैसला किया। भारत की 2011 में वनडे विश्व कप की चैंपियन टीम के कोच रहे 56 वर्षीय कर्स्टन को पीसीबी ने इस साल अप्रैल के आखिर में मुख्य कोच नियुक्त किया था। पीसीबी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, "पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने आज घोषणा की कि जेसन गिलेस्पी अगले महीने ऑस्ट्रेलिया के सीमित ओवरों के दौरे पर पाकिस्तान की पुरुष क्रिकेट टीम के कोच होंगे। गैरी कर्स्टन ने अपना इस्तीफा सौंप दिया है, जिसे स्वीकार कर लिया गया है।" कर्स्टन ने पाकिस्तान की टेस्ट टीम के कोच गिलेस्पी और पीसीबी के साथ मतभेद के कारण अपना पद छोड़ा। इससे पहले पीसीबी ने टीम के चयन से जुड़े उनके अधिकार वापस ले लिए थे, जिसे मतभेद का मुख्य कारण माना जा रहा है।

भारतीय गोल्फर रेहान थॉमस थाईलैंड में सातवें स्थान पर रहे

बैंकॉक। भारतीय गोल्फर रेहान थॉमस यहां अंतरराष्ट्रीय सीरीज थाईलैंड के अंतिम दौर में दो अंडर 68 का कार्ड खेलकर संयुक्त सातवें स्थान पर रहे जिससे एशियाई टूर पर वह दूसरी दफा शीर्ष 10 में शामिल रहे। संयुक्त अरब अमीरात में बसा यह गोल्फर हालांकि दूसरे और तीसरे दौर में क्रमश: 63-64 का जादू दोहराने में असफल रहा। रेहान का कुल स्कोर 16 अंडर हुआ। रेहान ने 14वें से 17वें होल के बीच में तीन से कुल चार बर्डी लगाई। अन्य भारतीयों में गगनजीत भुल्लर (67) संयुक्त 19वें स्थान पर और करणदीप कोचर (67) संयुक्त 24वें स्थान पर रहे।

जेनेसिस गोल्फ चैंपियनशिप में शुभंकर संयुक्त 66वें स्थान पर रहे

इंचियोन (कोरिया)। भारत के शुभंकर शर्मा का निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा और वह अंतिम दो दौर में 76 के समान स्कोर के साथ डीपी वर्ल्ड टूर की जेनेसिस गोल्फ चैंपियनशिप में संयुक्त रूप से 66वें स्थान पर रहे। शुभंकर ने पहले दो दौर में 71 और 68 का स्कोर बनाया था। कोरिया के बियोंग हुन आन ने हमवतन टॉम किम को प्ले ऑफ में हराकर अपना दूसरा डीपी विश्व टूर खिताब जीता।

एना इवानोविक के 1.5 मिलियन फॉलोवर्स

नई दिल्ली । सर्बिया की स्टार टेनिस खिलाड़ी एना इवानोविक खूबसूरती में बड़ी-बड़ी एक्ट्रेस को भी मात देती हैं। एना इवानोविक के इंस्टाग्राम पर 1.5 मिलियन फॉलोवर्स हैं। एना इवानोविक दुनिया की नंबर 1 टेनिस खिलाड़ी भी रह चुकी हैं।

महिला वनडे | न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज का अंतिम वनडे आज

भारत की नजरें सीरीज जीतने पर

एजेंसी, अहमदाबाद

भारतीय महिला टीम तीन मैचों की सीरीज के आखिरी एकदिवसीय में मंगलवार को यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ जब मैदान में उतरेगी तो सीरीज जीतने के लिए उसके बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

भारतीय बल्लेबाजी रविवार को दूसरे वनडे में लक्ष्य का पीछा करते समय बुरी तरह से फ्लॉप हो गई थी। जीत के लिए 260 रन का पीछा करते हुए भारत ने 108 रन पर आठ विकेट गंवा दिए थे। राधा यादव (48) और साइमा ठाकोर (29) ने 9वें विकेट के लिए 70 रन की साझेदारी कर टीम को शर्मनाक हार से बचाया। भारतीय टीम 183 रन पर ऑलआउट हो गई।

इससे पहले सीरीज के शुरुआती मैच में भी भारतीय गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन कर टीम को 59 रन से जीत दिलाई थी। सीरीज के शुरुआती दो मैचों में किसी भी भारतीय बल्लेबाज ने अर्धशतक नहीं जड़ा है।

भारत को सीरीज के निर्णायक मैच में सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा के साथ कप्तान हरमनप्रीत कौर की तिकड़ी को दमखम दिखाना होगा। मध्यक्रम में जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा और तेजल हसबनीस अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने में नाकाम रहे है। भारत को सबसे ज्यादा परेशानी मंधाना की खराब लय से हो रही है। दुनिया की सर्वश्रेष्ठ सलामी बल्लेबाजों में से एक मंधाना पिछले कुछ मैचों से रन बनाने के लिए संघर्ष कर रही है।

जेमिमा रोड्रिग्स

वह सीरीज के शुरुआती दो मैचों में अब तक दहाई के आंकड़े में भी नहीं पहुंची है। वहीं दूसरी तरफ भारतीय गेंदबाजों का प्रदर्शन सराहनीय रहा है। टीम ने शुरुआती मैच में न्यूजीलैंड की पारी को 168 रन पर समेट दिया था। दूसरे मैच में न्यूजीलैंड की टीम 14 ओवर में बिना किसी नुकसान के 79 रन बनाने के बाद बड़े स्कोर की तरफ बढ़ रही थी, लेकिन भारतीय गेंदबाजों के राधा यादव (चार विकेट) की अगुवाई में अच्छी वापसी करते हुए उनकी पारी का 259 रन पर रोक दिया।

न्यूजीलैंड के लिए पिछले मैच में अनुभवी सूजी बेट्स (58) और कप्तान सोफी डिवाइन (79) ने शानदार बल्लेबाजी टीम को मनोबल बढ़ाने वाली जीत दिलाई।

मैच : दोपहर 1 : 30 बजे से

संभावित टीमें

भारत। हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, डी हेमलता, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, यास्तिका भाटिया , उमा छेत्री, सयाली सतगरे, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह ठाकुर, तेजल हसब्निस, साइमा ठाकोर, प्रिया मिश्रा, राधा यादव, श्रेयंका पाटिल में से।

न्यूजीलैंड । सोफी डिवाइन (कप्तान), सुजी बेट्स, एडेन कार्सन, लॉरेन डाउन, इजी गेज (विकेटकीपर), मैडी ग्रीन, ब्रूक हॉलिडे, पॉली इंगलिस (विकेटकीपर), फ्रान जोनास, जेस केर, एमेली केर, मौली पेनफोल्ड, जॉर्जिया प्लिमर, हन्ना रोवे, ली ताहुहु में से।

साझेदारी बनाने पर देंगे ध्यान : हरमनप्रीत कौर

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत ने कहा, "हम दूसरे वनडे में उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सकें। बल्लेबाजी एक ऐसी चीज है जिस पर हमें वास्तव में काम करने की जरूरत है और अगर हम ऐसा करते हैं तो हम सीरीज जीत सकते हैं। मुझे लगता है हमारी फील्डिंग भी खराब रही। हमने बहुत सारे रन दिए और बहुत सारे कैच टपकाए। इस लक्ष्य को हासिल किया जा सकता था, लेकिन हमने अच्छी बल्लेबाजी नहीं की। हम अगले मैच में साझेदारी बनाने पर ध्यान देंगे।"

आईडब्ल्यूएल-2 की शुरुआत 10 जनवरी से

नई दिल्ली। गत चैंपियन ओडिशा एफसी 10 जनवरी 2025 को इंडियन वुमंस लीग (आई डब्ल्यूएल) फुटबॉल टूर्नामेंट के पहले दिन ईस्ट बंगाल से भिड़ेगी जबकि इसी दिन गोकुलम केरल एफसी का सामना पदार्पण कर रहे श्रीभूमि एफसी से होगा।

इस लीग का आयोजन अपने और विरोधी की मेजबानी में होने वाले मुकाबलों के प्रारूप के आधार पर होगा। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार लीग 13 अप्रैल तक चलेगी।

पिछले सत्र की दूसरे टीयर की लीग की चैंपियन कोलकाता की श्रीभूमि एफसी और उपविजेता ओडिशा की एनआईटीए फुटबॉल अकादमी को आईडब्ल्यूएफ में प्रमोट किया गया है, जिससे लीग के दूसरे सत्र में आठ टीम हिस्सा लेंगी।

लीग में हिस्सा लेने वाली टीमें। ईस्ट बंगाल एफसी, श्रीभूमि एफसी, ओडिशा एफसी, एनआईटीए एफए, सेतु एफसी, गोकुलम केरल एफसी, होप्स एफसी और किकस्टार्ट एफसी।

महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में सलीमा टेटे को कमान

एजेंसी, नई दिल्ली

बिहार के नवनिर्मित राजगीर हॉकी स्टेडियम में 11 से 20 नवंबर तक होने वाली एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए सलीमा टेटे की अगुवाई में सोमवार को 18 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा की गई।

नवनीत कौर को टीम का उपकप्तान नियुक्त किया गया है। भारत ने पिछले साल रांची में हुए आयोजन में खिताब जीता था, लेकिन उसके बाद से टीम के प्रदर्शन में गिरावट आई है।

इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता में टीम को मौजूदा ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन, जापान, कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड सहित पांच अन्य देशों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा। भारत अपने अभियान की शुरुआत 11 नवंबर को मलेशिया के खिलाफ करेगा। टीम के चयन और टूर्नामेंट के लिए उनकी तैयारी पर मध्य पंक्ति की खिलाड़ी सलीमा ने कहा, "एक और बड़े टूर्नामेंट में टीम का नेतृत्व करना एक शानदार एहसास है। हम गत चैंपियन के रूप में टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे। यह इसे और भी खास बनाता है।"

सलीमा टेटे

उन्होंने कहा, "हमने कड़ी ट्रेनिंग की है। हमारे पास अनुभवी खिलाड़ियों और युवा प्रतिभाओं के साथ एक मजबूत टीम है। हमारा लक्ष्य अपने खिताब की रक्षा करना और उसी जुनून और दृढ़ संकल्प के साथ खेलना है जो हमने पिछले साल दिखाया था।" टीम में गोलकीपर की भूमिका अनुभवी सविता और उभरती प्रतिभा बिचू देवी खारीबाम साझा करेंगी। रक्षापंक्ति की जिम्मेदारी उदिता, ज्योति, इशिका चौधरी, सुशीला चानू पुखरामबम और वैष्णवी विट्ठल फाल्के के पास होगी। मध्यपंक्ति में टेटे का साथ नेहा, शर्मिला देवी, मनीषा चौहान, सुनेलिता टोप्पो, और लालरेम्सियामी टीम को मजबूती प्रदान करेंगी।

भारतीय टीम

गोलकीपर: सविता, बिचू देवी खारीबाम।

डिफेंडर: उदिता, ज्योति, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, सुशीला चानू पुखरामबम, इशिका चौधरी।

मिडफील्डर: नेहा, सलीमा टेटे, शर्मिला देवी, मनीषा चौहान, सुनेलिता टोप्पो, लालरेम्सियामी।

फॉरवर्ड: नवनीत कौर, प्रीति दुबे, संगीता कुमारी, दीपिका, ब्यूटी डुंगडुंग।

पहलवान चिराग चिक्कारा बने अंडर-23 विश्व चैंपियन

एजेंसी, तिराना (अल्बानिया)

चिराग चिक्कारा अंडर-23 विश्व चैंपियन बनने वाले तीसरे भारतीय पहलवान बन गए हैं, जिसकी मदद से भारत ने यहां चल रहे इस आयु वर्ग टूर्नामेंट में एक स्वर्ण और रजत सहित नौ पदक जीते।

पुरुषों की फ्रीस्टाइल 57 किग्रा वर्ग में प्रतिस्पर्धा कर रहे चिक्कारा ने किर्गिस्तान के अब्दिमालिक कराचोव पर अंतिम सेकंड में 4-3 से जीत दर्ज की।

वह पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत के बाद अंडर-23 चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतने वाले दूसरे भारतीय पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं।

सहरावत ने 2022 में इस प्रतियोगिता के इसी वजन वर्ग में यह उपलब्धि हासिल की थी, जबकि रीतिका हुडा पिछले साल 76 किग्रा वर्ग में जीत दर्ज करके टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनी थीं। रवि कुमार दहिया ने 2018 में अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीता था। चिक्कारा ने फाइनल में पहुंचने से पहले प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

ऑस्ट्रेलिया ने टेस्ट क्रिकेटरों को दिया विश्राम

एजेंसी, सिडनी

ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को ध्यान में रखते हुए पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू टी-20 सीरीज के लिए अपने नियमित टेस्ट खिलाड़ियों को विश्राम दिया है। ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली सीरीज के लिए अपनी टी-20 टीम की घोषणा कर दी है, लेकिन अभी तक कप्तान नियुक्त नहीं किया है। ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच चार नवंबर से तीन वनडे मैच की सीरीज खेली जाएगी। इसके बाद यह दोनों टीम 14 नवंबर से शुरू होने वाली टी-20 सीरीज में एक-दूसरे का सामना करेंगी। यह टी-20 सीरीज 18 नवंबर को समाप्त होगी जबकि ऑस्ट्रेलिया को भारत के खिलाफ 5 टेस्ट मैच की सीरीज का पहला मैच 22 नवंबर से पर्थ में खेलना है।

टीम। सीन एबॉट, जेवियर बार्टलेट, कूपर कोनोली, टिम डेविड, नाथन एलिस, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, आरोन हार्डी, जोश इंगलिस, स्पेंसर जॉनसन, ग्लेन मैक्सवेल, मैथ्यू शॉर्ट, मार्कस स्टोइनिस और एडम जम्पा।

करियर के आखिरी वर्षों में खेल का लुत्फ उठाना चाहता हूं : धोनी

एजेंसी, नई दिल्ली

भारत और चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने आईपीएल 2025 में खेल जारी रखने का संकेत देते हुए कहा कि वह खिलाड़ी के तौर पर अपने आखिरी कुछ वर्षों में जो भी क्रिकेट खेल रहे हैं उसका लुत्फ उठाना चाहते हैं।

धोनी ने पिछले सत्र में रुतुराज गायकवाड़ को कप्तानी सौंपने के बाद काफी निचले क्रम में बल्लेबाजी की थी। इससे उनके भविष्य को लेकर अटकलें लगाई जाने लगी थी। आईपीएल में सभी फ्रेंचाइजी को मेगा नीलामी से पहले 31 अक्टूबर तक अपने रिटेन किए गए खिलाड़ियों की सूची जमा करनी होगी। इस साल सीएसके द्वारा धोनी को एक अनकैप्ड खिलाड़ी के रूप में बरकरार रखा जा सकता है।

धोनी ने कहा, "मैं खेल का वैसे ही आनंद लेना चाहता हूं जैसे कि बचपन में हम शाम चार बजे बाहर जाते थे और खेलते थे, बस खेल का आनंद लेते थे। जब आप खेल को पेशेवर तौर पर खेलते हैं तो कई बार उसका लुत्फ उठाना मुश्किल हो जाता है। मैं जो भी करता हूं उसमें भावनाएं और प्रतिबद्धताएं जुड़ी होती हैं, लेकिन मैं अगले कुछ वर्षों तक खेल का आनंद लेना चाहता हूं।"

आयरनमैन चैलेंज को पूरा कर पहले सांसद बने तेजस्वी सूर्या

एजेंसी, नई दिल्ली

लोकसभा सांसद तेजस्वी सूर्या ने आयरनमैन ट्रायथलॉन पूरा करने वाले पहले सांसद बनने का गौरव हासिल किया। उन्होंने 8 घंटे, 27 मिनट और 32 सेकंड में यह उपलब्धि हासिल की। इससे पहले, 2022 में सूर्या एक रिले टीम का हिस्सा रहते हुए 90 किमी साइकिलिंग सेगमेंट पूरा कर चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और कई अन्य नेताओं ने सूर्या को उनकी उपलब्धि पर बधाई दी। पीएम ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, 'सराहनीय उपलब्धि! मुझे यकीन है कि यह कई युवाओं को फिटनेस से जुड़ी गतिविधियों के लिए प्रेरित करेगा।'

आयरनमैन 70.3 ट्रायथलॉन एक चुनौतीपूर्णक्रम है, जिसमें 1.9 किमी की तैराकी, 90 किमी साइकिल चलाना और 21.1 किमी की दौड़ शामिल है, जिसकी कुल दूरी 113 किमी है।

आयरनमैन 70.3 गोवा के चौथे संस्करण को टेनिस के दिग्गज और रेस एंबेसडर लिएंडर पेस, सूर्या, योस्का के संस्थापक और सीईओ दीपक राज और हर्बालाइफ इंडिया के विपणन निदेशक गणेशन वीएस ने हरी झंडी दिखाई। गोवा के खूबसूरत मिरामार बीच पर यह आयोजन हुआ। इसमें लगभग 1200 से प्रतिभागियों ने भाग लिया।

पुरुषों का खिताब पूर्व आयरनमैन चैंपियन और भारतीय सेना के बिश्वोरजीत सैखोम ने जीता। उन्होंने 4 घंटे, 32 मिनट और 4 सेकंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ जीत हासिल की। महिला वर्ग में, मिस्र की यास्मीन हलावा ने 5 घंटे, 22 मिनट और 50 सेकंड के समय के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया।

इंग्लिश प्रीमियर लीग | मैनचेस्टर युनाइटेड को वेस्ट हैम ने 2-1 से दी मात

लिवरपूल ने आर्सेनल को बराबरी पर रोका

एजेंसी, लंदन

स्टार स्ट्राइकर मोहम्मद सलाह के शानदार खेल की मदद से लिवरपूल ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल प्रतियोगिता के मैच में दो बार पिछड़ने के बाद अच्छी वापसी करके आर्सेनल को 2-2 से बराबरी पर रोका। मैच के अंतिम क्षणों में जब लिवरपूल जब पीछे चल रहा था तब सलाह ने 81वें मिनट में दूसरा बराबरी का गोल किया। लिवरपूल ने इस तरह से अपना शानदार अभियान जारी रखा।

आर्ने स्लॉट के मुख्य कोच बनने के बाद लिवरपूल में इस सत्र में जो 13 मैच खेले हैं उनमें से उसे केवल एक मैच में हार का सामना करना पड़ा। उसके प्रीमियर लीग में अब नौ मैच में 22 अंक हो गए हैं और वह शीर्ष पर काबिज मैनचेस्टर सिटी से केवल एक अंक पीछे है।

मैनचेस्टर युनाइटेड के साथ कुछ भी अच्छा नहीं चल रहा है और उसे वेस्ट हैम से 2-1 से हार का सामना करना पड़ा। जब खेल खत्म होने में कुछ मिनट का खेल बचा था तब वीडियो समीक्षा प्रणाली से वेस्ट हैम को पेनल्टी मिली, जिसे जारोड बोवेन ने गोल में बदल दिया।



ला लीगा : एटलेटिको मैड्रिड का संघर्ष जारी

मैड्रिड । एटलेटिको मैड्रिड को स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट ला लीगा में आत्मघाती गोल के कारण रियाल बेटिस से 1-0 से हार का सामना करना पड़ा। मैच समाप्त होने में जब पांच मिनट से भी कम समय बचा था तब डिफेंडर जोस मारिया जिमेनेज के आत्मघाती गोल ने एटलेटिको की लगातार दूसरी हार तय कर दी।

एटलेटिको मैड्रिड सभी प्रतियोगिताओं में पिछले छह मैचों में केवल एक मैच जीत पाया है। उसने पिछले सप्ताहांत स्पेनिश लीग में लेगानेस को 3-1 से हराया था। इससे पहले उसने घरेलू मैदान पर रियाल मैड्रिड और रियाल सोसिदाद के खिलाफ ड्रॉ खेला था जबकि चैंपियंस लीग में बेनफिका से उसे 4-1 से हार मिली थी। ला लिगा में एटलेटिको शीर्ष पर चल रहे बार्सिलोना से 10 अंक पीछे है।